खबरें जो सोच बदल दे

शुभ लाभ

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 । रविवार, 01 फरवरी, 2026 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । website : https://www.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 14 । मूल्य-8 रु.। वर्ष-8 । अंक-31

श्री हरि

स्वर्गवास

श्री हरि



श्री लल्लुलालजी यादव (लाला पहलवान)

वरिष्ठ भाजपा नेता

(सुपुत्र : स्व. श्री तुलजाराम जी पहाड़ीवाले) स्वर्गवास : शनिवार दि. 31 जनवरी, 2026

अंतिम यात्रा : आज रविवार दि. 01 फरवरी, 2026 को प्रात:11.45 बजे
हमारे निवास स्थान सनातन धर्म सभा के समीप, नंदीनाथ गणेश मंदिर से
जुमेरात बाजार (शीतला माता मंदिर) स्थित शमशान वाटिका जाएगी।

शोकाकुल

चंदुलाल (भाई), दुर्गा बाई (धर्मपत्नी), ओमप्रकाश, शिवनाथ (भतीजे),
मुकुंदलाल यादव, साईंराम (लड्डू यादव) (बीजेवाईएम प्रदेश उपाध्यक्ष) (पुत्र),
ध्रुव, गर्व (पौत्र) एवं समस्त पहाड़ीवाले परिवार

निवास : म.नं. 14-7-320, सनातन धर्म सभा के समीप, शंकर बाजार,
बेगम बाजार, हैदराबाद। फ़ोन : 7799999982, 9985555557.

Akshay Ads

खाटू नरेश बाबा श्री श्याम की शोभा यात्रा सिमलावाला निवास, 21-6-399, घांसी बाज़ार झूले से श्री हनुमान मंदिर (चम्पा दरवाज़ा) दर्शन करने के पश्चात काचीगुडा स्थित श्री श्याम मंदिर जाएगी।

:: निशान यात्रा संयोजक ::

गिरीश अग्रवाल 97010 08999
हेमंत अग्रवाल 92462 21232

:: निशान प्राप्ति हेतु संपर्क करें ::

मधु अग्रवाल 74165 73505
योगेश अग्रवाल 77998 46162

निशान यात्रा मार्ग संचालक : यश अग्रवाल 97039 25900

* बाबा श्याम के श्रीचरणों में *

सिमलावाला परिवार

मनोकामना गोल्ड प्राइवेट लिमिटेड * मनोकामना चिट फंड प्राइवेट लिमिटेड
पंकज टेक्सटाईल एजेन्सीज़ प्राइवेट लिमिटेड * शिव सागर सिंथेटिक्स * मनोकामना गोल्ड
अभिनव भारत (NGO) * ॐ शिव शक्ति सेवा मंडल (रजि.)

किशनलाल अग्रवाल 93466 84998 * रमेश अग्रवाल 98481 12060

विश्वसनीय बैंक - अग्रसेन बैंक

।। श्री गणेशाय नमः ।। ।। जय माँ बनभौरी वाली ।। ।। श्री हनुमते नमः ।।

माँ बनभौरी परिवार, भाग्यनगर

हैदराबाद द्वारा

माँ बनभौरी का आठवाँ अमृत महोत्सव

नोट : भंडारा (प्रसाद) प्रायोजक श्री राकेशजी गर्ग। मेसर्स शुषमा सेल्स कॉर्पोरेशन, रानीगंज, सिकंदराबाद

मुख्य अतिथि

श्री ईटेला राजेन्दर
सांसद (मल्काजगिरी)

विशेष अतिथि

श्री टी. राजा सिंह
विधायक (गोशामहल)

सम्मानित अतिथि

श्री राकेश जायसवाल
पार्षद (जामबाग)

पावन सान्निध्य

सुशील कौशिक
मुख्य पुजारी, माँ भ्रामरी शक्तिपीठ बनभौरी धाम

पं. संजय शर्मा
बनभौरी धाम

पूजन आचार्य

पं. राजीव कौशिक
हैदराबाद

चलो बुलावा आया है, माँ बनभौरी वाली ने हरियाणा भवन में दरबार लगाया है।

समिति सदस्यगण

सुशील मित्तल (संस्थापक)

रतनलाल सिंघल

कैलाशचंद सिंघल

रमेश मित्तल

संजीव गर्ग

कपिल गर्ग

अजय जैन

अनूप गर्ग

सज्जन गुप्ता

संदीप सोनी

सोनू बंसल

विनोद सिंघल

पंकज गर्ग

सुभाष सिंघल

सुनील सिंघल

संजीव कुमार गर्ग

राकेश गर्ग

पदम जैन

सुनील गर्ग

अनिरुद्ध शर्मा (एडवोकेट)

सचिन गर्ग

हरीश गर्ग

मोहित जैन

महिला समिति

नीलम सुशील मित्तल

रुक्मिणी सिंघल

रीटा सिंघल

नीलम मित्तल

रानी गर्ग

रश्मी गर्ग

मोनिका जैन

रेखा गर्ग

मीना गुप्ता

पद्मावती सोनी

रीचा बंसल

पूनम सिंघल

वर्षा अग्रवाल

सुमित्रा अग्रवाल

खुशी सिंघल

रिचा अग्रवाल

अर्चना राकेश गर्ग

बबिता जैन

आरती अग्रवाल

रीता शर्मा

भावना अग्रवाल

बबिता गर्ग

मोनिका जैन

आज, रविवार
1 फरवरी, 2026
दोपहर 1:15 से रात्रि माँ की ईच्छा तक

शुभ स्थल
हरियाणा भवन
पैराडाईज़, सिकंदराबाद

मंगलपाठ वाचक

श्रीमति समता अग्रवाल
कोरबा (छत्तीसगढ़)

भजन गायक

श्री सत्री लक्खा
चंडीगढ़

भजन गायक

श्री बाला प्रसाद शर्मा
हैदराबाद

नगर की सभी धार्मिक सस्थाएँ सादर आमंत्रित है। इस अवसर पर आप सपरिवार ईष्टमित्रों के साथ सादर आमंत्रित है।

दोपहर 1:15 बजे से मंगलपाठ एवं भजन
सायं 5 बजे हाई-टी
विशेष : चुनरी महोत्सव
रात्रि 8 बजे से प्रसाद (भण्डारा)

LIVE TELECAST BRS Rajasthani YouTube
Watch Live on Youtube
BRS Rajasthani Channel
youtube.com/user/bhagwanram1

संपर्क सूत्र : सुशील मित्तल 9441184130 | रतनलाल सिंघल 9290657957 | संदीप सोनी 9290488742 | अजय जैन 9391074287 | अनूप गर्ग 8750428501 | पंकज गर्ग 8008899778

Valet Parking Available

पाक पीएम ने बयां किया दर्द कहा–आपको पता है कर्ज के लिए कितना गिड़गिड़ाना पड़ता है

इस्लामाबाद, 31 जनवरी (एजेंसियां)।

पाकिस्तान की बदहाल आर्थिक स्थिति और विदेशी कर्ज के बोझ तले दबी उसकी साख की हकीकत अब खुद देश के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने दुनिया के सामने रख दी है। दशकों से चली आ रही कर्ज की इस प्रेम कहानी पर कटाक्ष करते हुए प्रधानमंत्री शरीफ ने स्वीकार किया कि कैसे उन्हें और सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर को दूसरे देशों के सामने कर्ज के लिए गिड़गिड़ाना पड़ता है। सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बने एक हालिया संबोधन में शरीफ ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से बेलआउट पैकेज हासिल करने के लिए उन्हें किस हद तक शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा। इस्लामाबाद में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने देश की जनता के साथ अपनी बेबसी साझा की। उन्होंने कहा कि भले ही पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति में थोड़ा सुधार दिख रहा हो, लेकिन इसके पीछे की सच्चाई बहुत कड़वी है। शरीफ के मुताबिक, मैं उन देशों का आभारी हूं जिन्होंने संकट में हमारा साथ दिया, लेकिन कर्ज लेने की अपनी मर्यादाएं और जिम्मेदारियां होती हैं। मैं शब्दों में बयान नहीं कर सकता कि हमने दोस्त देशों से कर्ज मांगने के लिए कितनी मशक्कत की। मैं और सेना प्रमुख ने मिलकर चुपचाप कई देशों का दौरा किया, उन्हें पाकिस्तान के हालात और आईएमएफ प्रोग्राम की अहमियत समझाई और फिर कई अरब डालर की मांग की।

प्रधानमंत्री ने आत्मग्लानी के भाव के साथ स्वीकार किया कि जब कोई व्यक्ति या देश कर्ज लेने जाता है, तो उसका सिर हमेशा झुका होता है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि कर्ज मुफ्त में नहीं मिलता; मदद करने वाले देशों की अपनी शर्तें और मांगें होती हैं, जिन्हें अपनी इज्जत दांव पर लगाकर भी मानना पड़ता है। शरीफ का यह बयान ऐसे समय में आया है जब चर्चाएं हैं कि पाकिस्तान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पीस बोर्ड का हिस्सा बनने के लिए हामी भर चुका है, जिसमें शामिल होने की अपनी भारी-भरकम वित्तीय शर्तें हैं।संकट के समय मददगार रहे देशों का आभार जताते हुए शहबाज शरीफ ने विशेष रूप से चीन का नाम लिया। उन्होंने कहा कि चीन ने सबसे कठिन दौर में पाकिस्तान का हाथ थामा। इसके अलावा सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और कतर के वित्तीय सहयोग के बिना आईएमएफ का कार्यक्रम तैयार करना मुमकिन नहीं था।

न्यूज ब्रीफ

आइबेरियन पेनिनसुला धीरे-धीरे घूम रहा अपनी जगह से: शोध

लंदन। यूरोप और अफ्रीका के बीच स्थित आइबेरियन पेनिनसुला, जिसमें स्पेन और पुर्तगाल शामिल हैं, अपनी जगह से बहुत ही धीमी गति से घूम रहा है। वैज्ञानिक रिसर्च में सामने आया है कि यह बदलाव इतना सूक्ष्म है कि आम लोग इसे महसूस नहीं कर सकते, लेकिन आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक विश्लेषण के जरिए इसके स्पष्ट संकेत सामने आए हैं। पृथ्वी की सतह से जुड़ी इस अहम खोज ने भूगर्भीय गतिविधियों को लेकर नई बहस छेड़ दी है। रिसर्च के मुताबिक आइबेरियन पेनिनसुला घड़ी की दिशा में यानी क्लाकवाइज रोटेशन कर रहा है। वैज्ञानिकों ने इसके लिए सैटेलाइट आधारित जीएनएसएस ट्रैकिंग स्टेशनों के डेटा और पिछले कई वर्षों के भूकंपों के सिग्नल्स का गहन विश्लेषण किया। इन आंकड़ों से पता चला कि यह क्षेत्र पूरी तरह स्थिर नहीं है, बल्कि बेहद धीमी गति से घूम रहा है। यह रोटेशन प्रति वर्ष एक मिलीमीटर से भी कम है, जिसे इंसानी नजर या रोजमर्रा के अनुभव से महसूस करना असंभव है। वैज्ञानिकों का कहना है कि इसकी गति इंसान के नाखून बढ़ने की रफ्तार से भी कम है। यह भूगर्भीय बदलाव मुख्य रूप से अफ्रीकी और यूरेशियन टेक्टोनिक प्लेट्स के आपसी टकराव का नतीजा माना जा रहा है। ये दोनों प्लेट्स लगातार एक-दूसरे की ओर बढ़ रही हैं और उनके बीच का दबाव आइबेरियन पेनिनसुला पर असर डाल रहा है। यह पेनिनसुला इन दोनों विशाल प्लेट्स के बीच फंसे एक ब्लाक की तरह है, जिस पर दबाव समान रूप से नहीं पड़ता। इसी असमान दबाव के कारण यह क्षेत्र सीधा खिसकने के बजाय हल्का सा घूम रहा है। जिब्राल्टर जलडमरूमध्य के आसपास का इलाका इस प्रक्रिया में खास भूमिका निभा रहा है।

सहेली की बेटी को 25 साल तक कैद कर रखा महिला ने

लंदन। इंग्लैंड की एक महिला ने ऐसी हरकत को अंजाम दिया, जिसके बारे में सुन कर रूह कांप जाए। इस महिला ने अपनी सहेली की बेटी को ही कैद कर लिया। महिला एक-दो दिन नहीं बल्कि पूरे 25 सालों तक अपने ही घर में कैद कर रखा। जब वो रिहा हुई तो चौंकाने वाले सच का पता चला! एक रिपोर्ट के अनुसार इंग्लैंड के ग्लाउसेस्टरशायर की रहने वाली 56 साल की अमांडा विक्सन ने वो काम किया जो कोई सोच भी नहीं सकता। रिपोर्ट के अनुसार उसने अपनी सहेली की बेटी को 25 साल तक अपने घर में कैद कर के रखा और घर से बाहर भी नहीं जाने दिया। अमांडा के 10 बच्चे थे और वो उस लड़की को नौकरानी की तरह घर में रखना चाहती थी जो बच्चों की देखभाल करे। साल 1995 से लेकर 2021 तक वो लड़की अमांडा के ही घर में कैद रही। अब वो 40वें साल में प्रवेश कर चुकी है और उसे पुलिस ने आजादी दिलवा दी है। वहां पर उसे अमांडा से रोज झाड़ू से मार पड़ती थी, उसके दांत भी तोड़ दिए गए थे। उसके मुंह में अमांडा ने साबुन का पानी डाल दिया था और चेहरे पर ब्लीच भी डाल देती थी। बिना उसकी मर्जी के उसके सिर को भी अमांडा ने शेव कर दिया था।

मात्र 14 साल की उम्र में मां बनी बच्ची ने बताए प्रेग्नेंसी के नुकसान

वाशिंगटन। अमेरिका के अर्कांसास की 14 साल की बच्ची बेला और 12 साल के बच्चे हंटर ने कम उम्र में माता-पिता बनने से होने वाली परेशानी और नुकसान के बारे में बताया है। दोनों बच्चों की कहानी एक टीवी चैनल पर शुरू हुई एक रिएलिटी शो में दिखाई गई। इस शो में कम उम्र में मां-बाप बनने वाले किशोरों को आमंत्रित किया जाता है। बेला और हंटर एक साल पहले मिले और धीरे-धीरे उनका प्यार बढ़ा। दोनों अपने माता-पिता से छुपकर मिलते रहे। लेकिन पिछले साल मार्च में मामला सार्वजनिक हो गया, जब बेला की प्रेग्नेंसी का पता चला। इससे पहले जुलाई 2024 में जब बेला को गर्भधारण की पुष्टि हुई, तो हंटर के माता-पिता ने उसे अबार्शन करने का सुझाव दिया, जबकि बेला के माता-पिता ने उसका साथ दिया। बेला ने सोशल मीडिया पर कहा कि उन्होंने कभी गर्भधारण की कोशिश नहीं की थी और उनका मकसद यह दिखाना है कि युवा उम्र में प्रेग्नेंसी के नुकसान क्या हो सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि उनके माता-पिता ने कठिन परिस्थितियों में उनका साथ दिया, जो कई अन्य किशोर माता-पिता के लिए उदाहरण है। दोनों का बच्चा, वीजली, पिछले साल मार्च में पैदा हुआ। सोशल मीडिया पर इस जोड़ी के चर्चे तेजी से हुए और लोगों ने कम उम्र में मातृत्व और पितृत्व की इस स्थिति को लेकर अपनी प्रतिक्रियाएं दीं। कई लोगों ने इसे बेहद अजीब और चिंताजनक बताया। बेला और हंटर की कहानी एक बार फिर यह दर्शाती है कि किशोर उम्र में भावनात्मक और शारीरिक तैयारियों के बिना रिलेशनशिप और प्रेग्नेंसी में उतरना कितनी बड़ी चुनौती बन सकता है।

अमेरिका ने जारी कीं नई फाइलें, भारतीय फिल्म निर्देशक मीरा नायर और मस्क के नामों का खुलासा

वाशिंगटन, 31 जनवरी (एजेंसियां)।

अमेरिकी न्याय विभाग (जस्टिस डिपार्टमेंट) द्वारा शुक्रवार देर रात जेफ्री एपस्टीन सेक्स स्कैंडल से संबंधित नई गोपनीय फाइलों को सार्वजनिक किए जाने के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हड़कंप मच गया है। इन फाइलों में लाखों पन्ने, हजारों वीडियो और तस्वीरें शामिल हैं, जो दुनिया के कई प्रभावशाली व्यक्तियों के एपस्टीन और उसकी सहयोगी गिस्लीन मैक्सवेल के साथ संबंधों पर नई रोशनी डालते हैं। इस ताजा खुलासे में प्रसिद्ध भारतीय फिल्म निर्देशक मीरा नायर और टेस्ला के सीईओ इलान मस्क का नाम भी सामने आया है। दस्तावेजों के अनुसार, अमेरिकी फिल्म पब्लिसिस्ट पेगी सीगल ने 21 अक्टूबर 2009 को जेफ्री एपस्टीन को एक ईमेल भेजा था। इस ईमेल में पेगी ने गिस्लीन मैक्सवेल के मैनहट्टन स्थित टाउनहाउस में आयोजित एक आफ्टर-पार्टी का जिक्र किया है। यह पार्टी मीरा नायर की 2009 में रिलीज हुई फिल्म एमेलिया की स्क्रीनिंग के उपलक्ष्य में रखी गई थी। इस फिल्म में हिलेरी स्वैंक और रिचर्ड गियर जैसे बड़े सितारों ने काम किया था। ईमेल में बताया गया है कि इस पार्टी में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन, अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस और खुद मीरा नायर समेत कई हाई-प्रोफाइल हस्तियां मौजूद थीं। गौरतलब है कि मीरा नायर न्यूयार्क के राजनेता जोहरान ममदानी की मां हैं और सिनेमा जगत का एक प्रतिष्ठित चेहरा हैं। इन नई फाइलों में कुल 30 लाख पेज, 1 लाख 80 हजार तस्वीरें और 2 हजार से ज्यादा वीडियो शामिल हैं, जो इस स्कैंडल की व्यापकता को दर्शाते हैं। इसके अलावा, दस्तावेजों में इलान मस्क और एपस्टीन के बीच 2012 और 2013 के दौरान हुए ईमेल संवादों का भी विवरण है। इन ईमेल से पता चलता है कि एपस्टीन ने मस्क को अपने निजी द्वीप पर आने के लिए कई बार आमंत्रित किया था। एपस्टीन ने मस्क के साथ यात्रा की तारीखों, हेलीकाप्टर व्यवस्था और वहां होने वाली पार्टियों के बारे में विस्तृत चर्चा की थी। ईमेल संवाद के अनुसार, नवंबर 2012 में एपस्टीन ने मस्क से पूछा था कि द्वीप पर आने के लिए हेलीकाप्टर में कितने लोग होंगे, जिस पर मस्क ने जवाब दिया था कि शायद केवल वे और उनकी तत्कालीन पत्नी तलुला रिले आएंगे। इसी बातचीत के दौरान मस्क ने उत्सुकतापूर्वक पूछा था, आपके द्वीप पर सबसे जंगली (वाइल्डेस्ट) पार्टी किस दिन होगी ।

अंतरिक्ष में भिड़ने की आशंका के चलते एलन मस्क की स्पेसएक्स अपने 4,400 सैटेलाइट बदलेंगे कक्षा

वाशिंगटन। दुनिया भर में सैटेलाइट इंटरनेट की क्रांति लाने का दावा करने वाले एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स को अंतरिक्ष में चीन से एक बड़ा झटका लगा है। चीन के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए एक हालिया अध्ययन में यह चौंकाने वाला दावा किया गया है कि एक चीनी सैटेलाइट और स्टारलिंक सैटेलाइट के बीच हुई क्लोज अप्रोच यानी बेहद नजदीकी की घटना के बाद स्पेसएक्स को अपने 4,400 से ज्यादा सैटेलाइट्स की कक्षा (आर्बिट) बदलने के लिए मजबूर होना पड़ा है। यह अंतरिक्ष के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा और जटिल बदलाव माना जा रहा है। चीनी एकेडमी आफ साइंसेज से जुड़े शोधकर्ताओं की इस रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना 10 दिसंबर की है। स्पेसएक्स के इंजीनियरिंग वाइस प्रेसिडेंट माइकल निकोल्स ने भी सोशल मीडिया पर स्वीकार किया था कि एक चीनी राकेट लान्च के तुरंत बाद उनका एक स्टारलिंक सैटेलाइट और एक अन्य सैटेलाइट एक-दूसरे से मात्र 200 मीटर की दूरी से गुजरे थे। अंतरिक्ष विज्ञान के पैमाने पर 200 मीटर की दूरी शून्य के बराबर मानी जाती है, जिसे विशेषज्ञों ने कोलिजन रिस्क यानी सीधी टक्कर की स्थिति करार दिया था। इस घटना के कुछ ही हफ्तों बाद स्पेसएक्स ने अपने लगभग आधे परिचालन सैटेलाइट्स को 550 किलोमीटर की ऊंचाई से घटाकर 480 किलोमीटर की निचली कक्षा में लाने की योजना का खुलासा किया। विशेषज्ञों का कहना है कि भले ही टक्कर टल गई, लेकिन इस घटना ने अंतरिक्ष सुरक्षा (स्पेस सेफ्टी) पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। 480 किलोमीटर की निचली कक्षा में जाने के पीछे कंपनी का तर्क है कि इससे सुरक्षा बेहतर होगी, क्योंकि निचली कक्षा में वायुमंडलीय खिंचाव (एटमास्फेरिक ड्रैग) अधिक होता है। यदि कोई सैटेलाइट खराब हो जाता है, तो वह अंतरिक्ष में मलबे के रूप में घूमने के बजाय जल्दी पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश कर जल जाएगा। हालांकि, इस सुरक्षा के बदले कंपनी को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है, क्योंकि निचली कक्षा में सैटेलाइट को अपनी ऊंचाई बनाए रखने के लिए अधिक ईंधन खर्च करना पड़ता है, जिससे उनकी कार्य अवधि घट जाती है। चीन इस मुद्दे पर शुरू से ही कड़ा रुख अपनाए हुए है। चीनी प्रशासन पहले भी 2021 में अपने तियांगोंग स्पेस स्टेशन के पास स्टारलिंक सैटेलाइट्स के आने की शिकायत कर चुका है।

भिखारी बना आतंकी मसूद अजहर का बेटा, डिजिटल भिखारी बनकर आतंक के लिए जुटा रहा फंड

इस्लामाबाद, 31 जनवरी (एजेंसियां)।

पाकिस्तान में वर्तमान सत्ता और सैन्य नेतृत्व के संरक्षण में आतंकी संगठनों ने फंड जुटाने के लिए अब दान-धर्म और मानवीय संवेदनाओं को अपना नया हथियार बना लिया है। हाल ही में आई एक विस्तृत रिपोर्ट ने यह चौंकाने वाला खुलासा किया है कि कैसे प्रतिबंधित आतंकी संगठन वैश्विक निगरानी से बचने के लिए भीख मांगने के तरीकों में बदलाव कर रहे हैं। ये संगठन अब सड़कों से लेकर सोशल मीडिया तक सक्रिय हैं और दुनिया भर से दया की भीख मांगकर आतंकवाद की जड़ें मजबूत कर रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि आतंकी फंडिंग और मनी लान्ड्रिंग के मामलों में पाकिस्तान का रिकार्ड हमेशा से संदिग्ध रहा है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को गुमराह करने के लिए पाकिस्तान ने कई बार कागजी कार्रवाई तो की, लेकिन जमीनी स्तर पर आतंकी फंडिंग रोकने के लिए कोई ठोस संस्थागत कदम नहीं उठाए। यही कारण है कि जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे संगठन अब खुलेआम नए रातों पर चल रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, जैश-ए-मोहम्मद ने गाजा संकट को धन जुटाने के अवसर के रूप में इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। जैश प्रमुख मसूद अजहर ने अपने बेटे हम्माद अजहर को एक आधुनिक भिखारी के रूप में मैदान में उतारा है। हम्माद, गाजा के नाम पर राहत सहायता जुटाने के बहाने आतंकी गतिविधियों के लिए फंड इकट्ठा करने वाली मुहिम का नेतृत्व कर रहा है। पकड़े जाने के डर से वह सोशल मीडिया पर अपनी असली पहचान छिपाकर कैसर अहमदके नाम से सक्रिय है और लोगों से खालिद अहमदके नाम से दर्ज डिजिटल वालेट (ईजीपैसा) खातों में पैसा भेजने की अपील करता है। हैरानी की बात यह है कि वह गाजा की महिलाओं के वीडियो का इस्तेमाल अपनी दानशीलता के प्रचार के लिए कर रहा है ताकि पाकिस्तान और खाड़ी देशों से मोटी रकम वसूली जा सके। इसके अलावा, जैश-ए-मोहम्मद ने पाकिस्तान के भीतर 300 से अधिक मस्जिदों के निर्माण के नाम पर एक विशाल चंदा अभियान शुरू किया है। डिजिटल वालेट्स के जरिए करीब 3.91 अरब पाकिस्तानी रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा गया है। इन मरकजों (केंद्रों) का निर्माण कथित तौर पर धार्मिक उद्देश्यों के लिए दिखाया जा रहा है, लेकिन इनका असल इस्तेमाल आतंकी विचारधारा के प्रसार और प्रशिक्षण के लिए होने की आशंका है। दूसरी ओर, लश्कर-ए-तैयबा ने भी अपनी रणनीति बदलते हुए बैंक खातों का उपयोग लगभग बंद कर दिया है। फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) जैसी अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों की पकड़ से बचने के लिए अब यह संगठन सीधे डिजिटल वालेट्स का सहारा ले रहा है, जिनका ट्रैक रिकार्ड रखना मुश्किल होता है। रिपोर्ट में इस बात पर जोर दिया गया है कि इन आतंकी संगठनों का अंतिम लक्ष्य केवल धन जुटाना नहीं, बल्कि एक कट्टरपंथी विचारधारा को वैश्विक स्तर पर स्थापित करना है।

आर्टिफिशल इंटेलिजेस का ज्यादा इस्तेमाल लोगों को कर रहा बीमार

वाशिंगटन। आर्टिफिशल इंटेलिजेस (एआई) टूल्स के बढ़ते इस्तेमाल के बीच अमेरिका में हुई बड़ी स्टडी में दावा किया है। कि जो लोग एआई चैटबाट्स का अधिक इस्तेमाल करते हैं, उनमें अवसाद और एंग्जायटी के लक्षण अधिक दिखाई दिए हैं। यह स्टडी अमेरिका के प्रतिष्ठित मेडिकल जर्नल में 21 जनवरी को छपी है। इस रिसर्च को मेसाचूसिट्स जनरल हास्पिटल सहित अन्य अमेरिकी संस्थानों के सहयोग से किया गया है। रिसर्च में 20,847 अमेरिकी वयस्कों को शामिल किया। यह रिसर्च आनलाइन सर्वे पर आधारित था, जो 2025 में अप्रैल से मई के बीच किया गया था। सर्वे में प्रतिभागियों से पूछा गया कि वे एआई टूल्स (जैसे चैटबाट्स और जेनरेटिव एआई) का कितनी बार इस्तेमाल करते हैं। साथ ही उनकी मानसिक स्थिति को मापने के लिए पीएचक्यू-9 का इस्तेमाल किया गया। जो लोग एआई का रोजाना या बार-बार उपयोग करते हैं, उनमें लो मीडियम स्तर के डिप्रेशन के लक्षण ज्यादा दिखाई दिए। इसतहर लोगों में एजायटी और चिड़चिड़ापन जैसे लक्षण भी जुड़े हुए दिखे। शोधकर्ताओं ने साफ कहा कि यह स्टडी कारण और परिणाम साबित नहीं करती है।

आक्सफोर्ड की रिपोर्ट: 2050 तक गर्मी से उबलने लगेगी धरती, 4 अरब लोगों का मिट जाएगा अस्तित्व

लंदन, 31 जनवरी (एजेंसियां)।

सूरज की तपिश आने वाले दशकों में इस कदर कहर बरपाएगी कि इंसानी बस्तियां भट्टी में तब्दील हो जाएंगी। आक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी की एक ताजा और बेहद चिंताजनक रिसर्च के अनुसार, वर्ष 2050 तक दुनिया की लगभग 40 प्रतिशत आबादी, यानी करीब 4 अरब लोग ऐसी जानलेवा गर्मी का सामना करेंगे, जिसे सह पाना मानव शरीर के लिए नामुमकिन होगा और उनका अस्तित्व पर संकट आ जाएगा। वैज्ञानिकों ने इस रिपोर्ट को 2026 की सबसे खौफनाक चेतावनी बताते हुए स्पष्ट किया है कि हम एक ऐसे भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं जहां धरती पानी की तरह उबलने लगेगी। आक्सफोर्ड के वैज्ञानिकों ने विशेष रूप से भारत, नाइजीरिया और इंडोनेशिया के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इन देशों में गर्मी का सबसे वीभत्स रूप देखने को मिलेगा। जब पारा 45 से 50 डिग्री सेल्सियस को पार कर जाएगा, तब मानव शरीर के अंदरूनी अंग खुद को ठंडा रख पाने में विफल होने लगेंगे, जिससे बड़े पैमाने पर आर्गन फेलियर का खतरा बढ़ जाएगा। भारत के संदर्भ में यह स्थिति और भी भयावह है क्योंकि यहां की एक विशाल आबादी के पास एयर कंडीशनिंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि आने वाले समय में गर्मी से होने वाली मौतों का आंकड़ा किसी बड़ी सुनामी की तरह विनाशकारी होगा। आंकड़े बताते हैं कि साल 2010 में जहां केवल 1.5 अरब लोग इस खतरे के दायरे में थे, वहीं 2050 तक यह संख्या दोगुनी से भी अधिक होकर 3.8 अरब तक पहुंच जाएगी। यह संकट केवल गर्म देशों तक सीमित नहीं रहेगा। रूस, कनाडा और फिनलैंड जैसे ठंडे देशों के लिए भी यह गैस चैंबर जैसी स्थिति पैदा करेगा। इन देशों के घर और बुनियादी ढांचा सर्दी से बचाव के लिए बने हैं, जो भीषण गर्मी को सोखकर घरों के अंदर का तापमान और अधिक बढ़ा देंगे। आक्सफोर्ड की प्रमुख शोधकर्ता राधिका खोसला ने चेतावनी दी है कि यदि वैश्विक तापमान में 1.5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि की सीमा पार होती है, तो शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाएगी। फसलें जलकर राख हो जाएंगी, जिससे वैश्विक स्तर पर भुखमरी और खाद्य संकट पैदा होगा। रिपोर्ट के अनुसार, रहने लायक सुरक्षित ठिकानों की तलाश में करोड़ों लोग पलायन करने को मजबूर होंगे, जिससे दुनिया भर में सामाजिक और आर्थिक अस्थिरता पैदा होगी।

एपस्टीन की नई फाइल: रशियन लड़कियों से संबंध बनाने पर बिल गेट्स को हुआ था गुप्त रोग

वाशिंगटन, 31 जनवरी (एजेंसियां)।

अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा कुख्यात यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन से जुड़ी लाखों पन्नों की नई फाइलें, हजारों वीडियो और तस्वीरें जारी किए जाने के बाद एक नया विवाद खड़ा हो गया है। इन दस्तावेजों में माइक्रोसाफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स पर बेहद गंभीर और व्यक्तिगत आरोप लगाए गए हैं। एपस्टीन द्वारा साल 2013 में खुद को लिखे गए कुछ ड्राफ्ट ईमेल में यह दावा किया गया है कि बिल गेट्स रूसी महिलाओं के साथ संबंधों के कारण यौन संचारित रोग (एसटीडी) की चपेट में आ गए थे।

इन ईमेल के मुताबिक, एपस्टीन का आरोप है कि गेट्स ने उससे गुप्त रूप से एंटीबायोटिक्स दवाएं मांगी थीं ताकि वे उन्हें अपनी तत्कालीन पत्नी मेलिंडा गेट्स को चुपके से दे सकें और संक्रमण के बारे में उन्हें पता न चले। एक अन्य ड्राफ्ट ईमेल में, जो गेट्स के सलाहकार बोरिस निकोलिक के इस्तीफे के रूप में लिखा गया था, एपस्टीन ने दावा किया कि उसने गेट्स को इन अवैध मुलाकातों के परिणामों से निपटने में मदद की थी। एपस्टीन ने इन नोट्स में गेट्स पर ईमेल डिलीट करने की कोशिश करने और उनके संबंधों के टूटने पर अपनी नाराजगी भी जाहिर की थी। हालांकि, यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि ये सभी दावे पूरी तरह से एपस्टीन के निजी नोट्स पर आधारित हैं और इनकी पुष्टि के लिए कोई स्वतंत्र प्रमाण सामने नहीं आया है। इन गंभीर आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए बिल गेट्स के प्रवक्ता ने इन्हें सिरे से खारिज कर दिया है। प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि ये दावे पूरी तरह निराधार और झूठे हैं। यह केवल एपस्टीन की हताशा और गेट्स द्वारा रिश्ता खत्म किए जाने के बाद उन्हें बदनाम करने की एक कोशिश मात्र है। बिल गेट्स पहले भी कई बार सार्वजनिक रूप से स्वीकार कर चुके हैं कि एपस्टीन से मिलना और उनसे किसी भी तरह का जुड़ाव रखना उनके जीवन की एक बड़ी गलती थी।

ज्ञात हो कि बिल और मेलिंडा गेट्स का साल 2021 में तलाक हो चुका है। मेलिंडा ने उस समय तलाक के कारणों में गेट्स के बाहरी संबंधों और एपस्टीन से उनकी नजदीकियों का जिक्र किया था, हालांकि उन्होंने कभी भी विस्तार से विवरण नहीं दिया। ताजा फाइलों में गेट्स और एपस्टीन की कुछ पुरानी तस्वीरें भी शामिल हैं, लेकिन जांच अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि केवल तस्वीरों का होना किसी गलत गतिविधि का प्रमाण नहीं है। जेफरी एपस्टीन ने साल 2019 में जेल में आत्महत्या कर ली थी, जब वह सेक्स ट्रैफिकिंग के संगीन आरोपों का सामना कर रहा था।

MOU Holder and Distributors
RN METALS Pvt. Ltd
Distributors of SAIL & VSP products in Telangana
Stockist of MS Beams MS Channel, MS Angle, MS Plates, TMT Bars
A-23/5 & 6, APIE, BALANAGAR, HYD.-500 037
040-23774718, 040-23774719, 9160111471

खबरें जो सोच बदल दे
शुभ लाभ
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

MINISO
Please visit store nearest to you at these locations :
IRRUMMANZIL (L&T MALL)
MOOSARAMBAGH (L&T MALL)
KOMPALLY (TNR PLAZA)

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 । रविवार, 01 फरवरी, 2026 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । website : https://www.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 14 । मूल्य-8 रु.। वर्ष-8 । अंक-31

आम बजट आज

नयी पहलों की उम्मीद ज़्यादा

नयी दिल्ली, 31 जनवरी (एजेंसियां) ।

बढ़ती वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच रविवार को पेश किये जाने वाले आम बजट 2026-27 में सरकार के सामने मुख्य चुनौती आर्थिक वृद्धि की गति और विकास की प्राथमिकताओं, राजकोषीय अनुशासन और जरूरतमंदों के रोजगार तथा कल्याण को सुरक्षित रखने के बीच संतुलन बिठाने की है।वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 01 फरवरी को लोकसभा में अपना लगातार नौवां बजट पेश करेंगी। विश्लेषकों के अनुसार, इस बजट में निवेशकों और करदाताओं को किसी बड़ी घोषणा की उम्मीद नहीं लगती, पर वित्त मंत्री आम लोगों के लिए कुछ नयी पहलें कर बजट को उनके लिए आकर्षक बनाने की कोशिश कर सकती हैं।

यह बजट आठवें वेतन आयोग और 16वें वित्त आयोग की सिफारिशों के प्रभावी होने के पहले वर्ष के लिए होगा। इसके मद्देनजर सरकार को विशेष रूप से राजकोषीय समायोजन करने पड़ सकते हैं। आठवें वेतन आयोग की रिपोर्ट अभी नहीं आयी है, लेकिन इसे 01 जनवरी 2026 से लागू किया जाना है। ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत मनरेगा की जगह लाये गये 'विकसित भारत जी राम जी' योजना के लिए बजट पर लोगों का विशेष ध्यान होगा क्योंकि संशोधित नया कानून लागू होने का यह पहला बजट होने जा रहा है।

कोविड के बाद राष्ट्रीय खजाने के घाटे को सीमित करने का सराहनीय काम करने के साथ-साथ बचत और पूंजीगत व्यय के प्रोत्साहन के मामले में उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज करने वाली श्रीमती सीतारमण के सामने अब चुनौती विकसित भारत-2047 की वृहद योजना के लिए उनके पिछले दो-तीन बजटों में की गयी बुनियादी पहलों के लिए धन के प्रबंध के साथ साथ वैश्विक चुनौतियों के नकारात्मक प्रभावों से घरेलू अर्थव्यवस्था को संभालना है।

राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी चुनौतियों के मद्देनजर रक्षा क्षेत्र में पूंजीगत व्यय को बढ़ाना एक बड़ी आवश्यकता बन गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत में जीवन और कारोबार को करने के लिए सुधारों को आगे बढ़ने का आश्वसान देते हुए कहा है कि देश इस समय 'रिफॉर्म एक्सप्रेस' पर है। इसलिए, बजट में सुधारों को बढ़ने तथा परमाणु ऊर्जा जैसे निजी निवेश के लिए खोले गये नये क्षेत्रों के लिए बजट में किये जाने वाले प्रावधानों पर लोगों की निगाह रहेगी। सरकार भारत को लगातार विनिर्माण क्षेत्र के एक प्रमुख केंद्र के रूप में प्रोत्साहित करने में लगी हुई है। सालाना 12 लाख रुपये तक की आय वाले व्यक्तिगत आय करदाताओं के लिए अभी पिछले बजट में एक लाख करोड़ रुपये की बड़ी राहत और गत सितंबर में जीएसटी (माल और सेवा कर) में बड़ी सौगात देने के बाद इस बार के बजट में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर में छूट और रियायत की उम्मीद कुछ योजनाओं और उत्पादों तक ही सीमित लगती है। सरकार बीमा और सामाजिक सुरक्षा के उत्पादों के बाजार को प्रोत्साहित करने के लिए कुछ रियायत और प्रोत्साहन कर सकती है।

अमेरिका की सीमा शुल्क नीति, तथा भू राजनीतिक तनावों से विशेष रूप से कृषि, कपड़ा, चमड़ा , समुद्री उत्पाद और रत्न-आभूषण जैसे कई ऐसे क्षेत्रों के कारोबार को लेकर चिंताएं बढ़ी हैं जो सबसे अधिक रोजगार देने वाले क्षेत्र हैं। श्रीमती सीतारमण द्वारा इस सप्ताह संसद में प्रस्तुत 'आर्थिक सर्वेक्षण 2026' में कहा गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था को दशकों के सबसे अच्छे व्यापक आर्थिक प्रदर्शन के बाद भी एक ऐसी बदली बाहरी दुनिया का सामना करना पड़ रहा है जो ऐसे प्रदर्शनों को निवेश, पूंजी प्रवाह और व्यापार के अवसरों के रूप में प्रोत्साहित नहीं करती।

बजट 2026-27 के बारे में एक विश्लेषक ने कहा, केंद्रीय बजट से निवेशकों की अपेक्षाएं कम बनी हुई हैं, क्योंकि नीति-निर्माता वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच विकास प्राथमिकताओं और राजकोषीय अनुशासन के बीच संतुलन साधने की कोशिश कर रहे हैं। विश्लेषक के अनुसार वित्त मंत्री बड़ी घोषणाओं की सीमित उम्मीदों के चलते, कुछ चुनिंदा और लक्षित उपाय भी बाजार में नयी ऊर्जा का संचार कर सकते हैं। विश्लेषकों के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों में बजट का प्रत्यक्ष प्रभाव अपेक्षाकृत सीमित हुआ है, क्योंकि सरकार दो बजट के बीच में कई अतिरिक्त-बजटीय कदम उठाती रही है। इसके मद्देनजर इस समय भारी उतार-चढ़ाव के दौर से गुजर रहे शेयर बाजार इस बजट को इसकी चुनिंदा योजनाओं और लक्षित उपायों के हिसाब से परखेंगे।

ना सोना ना चाँदी

अभी और गिरेंगे भाव?

नयी दिल्ली, 31 जनवरी (एजेंसियां) ।

दुनिया भर के बाजारों में सोने-चांदी के दामों में पिछले दो दिनों से भारी गिरावट देखी जा रही है। शुक्रवार को आई तेज गिरावट ने निवेशकों को चौंका दिया, जहां चांदी ने अपने रिकॉर्ड हाई से 1,28,126 प्रति किलो तक की भारी गिरावट दर्ज की। सोने का भाव भी ऑल-टाइम हाई से 40,000-42,000 प्रति 10 ग्राम तक टूट गया। हालांकि आज (31 जनवरी) एमसीएक्स बंद रहा (शनिवार-रविवार को ट्रेडिंग नहीं होती), लेकिन इंटरनेशनल मार्केट में भी गोल्ड-सिल्वर के रेट घटे हैं। कल 1 फरवरी को एमसीएक्स खुलने पर ट्रेडिंग फिर शुरू होगी।

क्रैश का मुख्य कारण: प्रॉफिट बुकिंग और ग्लोबल फैक्टर्स बीते गुरुवार तक सोना-चांदी रॉकेट की रफ्तार से चढ़ रहे थे।

चांदी ने पहली बार 4,20,048 प्रति किलो का ऐतिहासिक स्तर पार किया था, जबकि सोना 1.90 लाख प्रति 10 ग्राम के पार निकल गया था। लेकिन शुक्रवार को अचानक प्रॉफिट बुकिंग शुरू हुई। मुख्य वजहें-

-भारी प्रॉफिट बुकिंग: तेज रैली के बाद निवेशकों ने मुनाफा वसूल लिया।

-मजबूत अमेरिकी डॉलर: डॉलर इंडेक्स में तेजी से गोल्ड-सिल्वर पर दबाव।

-फेड चेयर की नियुक्ति: ट्रंप द्वारा केविन वार्श को फेड चेयर नामित करने की खबर से रेट कट की उम्मीदें कम हुईं।

-ग्लोबल सेलऑफ: इक्विटी मार्केट में टेक स्टॉक्स की गिरावट और बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी ने सुरक्षित निवेश से पैसा निकाला।

एमसीएक्स पर मार्च सिल्वर फ्यूचर्स पिछले बंद से 1,07,971 कम होकर 2,91,922 प्रति किलो पर बंद हुआ। यह अपने हाई 4,20,048 से 30.5% नीचे है। गोल्ड फ्यूचर्स भी 20,000+ गिरकर 1.49-1.50 लाख प्रति 10 ग्राम के आसपास पहुंचे।

1980 की सिल्वर थर्सडे की याद ताजा चांदी में एक दिन की यह सबसे बड़ी गिरावटों में से एक है, जो 1980 के सिल्वर थर्सडे को याद दिलाती है, जब सिल्वर रेट बुरी तरह फिसला था। निवेशकों में हाहाकार मचा हुआ है, लेकिन एक्सपर्ट्स कहते हैं कि यह करेक्शन है, बुल रन खत्म नहीं हुआ।

एक्सपर्ट्स का मानना है कि गिरावट जारी रह सकती है, लेकिन सपोर्ट लेवल पर रिकवरी संभव। सिल्वर के लिए 2.92-3.04 लाख प्रति किलो और गोल्ड के लिए 4,780-5,260 प्रति औंस रेंज में ट्रेडिंग देखी जा सकती है।

1 फरवरी को यूनियन बजट 2026 पेश होगा। कई एक्सपर्ट्स और ज्वेलरी इंडस्ट्री उम्मीद कर रही है कि गोल्ड-सिल्वर पर इंपोर्ट ड्यूटी में कटौती (वर्तमान 6% से और कम) हो सकती है, जिससे कीमतें और गिर सकती हैं। हालांकि, अगर कोई बड़ा ऐलान नहीं हुआ तो रिकवरी हो सकती है।

सुनेत्रा पवार बनीं महाराष्ट्र की पहली महिला उप मुख्यमंत्री

मुंबई, 31 जनवरी (एजेंसियां) । राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के दिवंगत नेता अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार ने शनिवार शाम यहां महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। वह राज्य की पहली महिला उपमुख्यमंत्री बनी हैं।

श्रीमती पवार को आबकारी, खेल तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग सौंपे गये हैं। ये विभाग उप मुख्यमंत्री रहते हुए श्री अजित पवार के पास भी थे और इसके अलावा उनके पास वित्त एवं नियोजन विभाग भी थे। अब वित्त विभाग मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडनवीस ने अपने पास रखा है। श्री पवार का 28 जनवरी को बारामती में एक विमान दुर्घटना में निधन हो गया था।

श्रीमती पवार को राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने राजभवन में आयोजित संक्षिप्त समारोह में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। शपथ ग्रहण समारोह में श्री फडणवीस, उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, मंत्रिमंडल के अन्य सदस्य, राकांपा के वरिष्ठ प्रफुल्ल पटेल समेत पार्टी के कई नेता तथा कार्यकर्ता और कुछ अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

इससे पहले शनिवार दोपहर में श्रीमती पवार को राकांपा विधायक दल का नेता चुना गया था। उन्होंने नेता चुने जाने के बाद राज्यसभा की सदस्यता से अपना इस्तीफा भेज दिया। उन्हें छह माह के भीतर राज्य विधानसभा या विधान परिषद का सदस्य बनना होगा। माना जा रहा है कि वह श्री पवार के निधन से रिक्त हुई बारामती विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगी।

कोटी में हथियारबंद लूट 6 लाख छीनकर फरार

पीड़ित के पैर में गोली लगी हैदराबाद सिटी पुलिस ने गठित की विशेष क्राइम टीमें

हैदराबाद, 31 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो) ।

शनिवार सुबह कोटी इलाके के बैंक स्ट्रीट स्थित एसबीआई मेन ब्रांच एटीएम के पास हुई हथियारबंद लूट और गोलीबारी की घटना ने पूरे शहर में दहशत फैला दी है। हैदराबाद सिटी पुलिस ने इस गंभीर अपराध का संज्ञान लेते हुए तुरंत विशेष क्राइम टीमों का गठन किया है और आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने के लिए व्यापक जांच शुरू कर दी है।

सुल्तानबाजार पुलिस स्टेशन में एफआईआर नंबर 28/2026 दर्ज की गई है, जिसमें भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 (हत्या का प्रयास), धारा 309 (लूट) तथा शस्त्र अधिनियम, 1959 की धारा 27 के तहत मामला दर्ज किया गया है। केरल के कोझिकोड निवासी और वर्तमान में नामपल्ली के जनथ अपार्टमेंट में रहने वाले रेडीमेड बच्चों के कपड़ों के कारोबारी अब्दुल अजीज के बेटे श्री रिनशाद पी.वी. (26) ने शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार, वह 7 जनवरी 2026 को दीवान देवड़ी में थोक स्टॉक खरीदने के लिए 6 लाख रुपये नकद लेकर हैदराबाद आए थे। खरीदारी न होने पर उनके चचेरे भाई मिश्बान ने नकदी बैंक खाते में जमा करने की सलाह दी।

घटना का विवरण 31 जनवरी 2026 को सुबह करीब 7 बजे रिनशाद अपने दोस्त अमीर की गाड़ी (रजिस्ट्रेशन नंबर ढड 08 क्क 8582) से कोटी स्थित एसबीआई मेन ब्रांच एटीएम पहुंचे। नकदी जमा करने के दौरान दो अज्ञात हमलावर पीछे से आए और उसके पेट पर बंदूक रखकर लूट की धमकी दी। आरोपियों ने दो राउंड फायरिंग की, जिसमें एक गोली शिकायतकर्ता के दाहिने पैर में लग गई। गोली लगने से खून बहने लगा और बैग छीनते समय उन्हें चोट भी आई।

हमलावरों ने जबरन 6 लाख रुपये का नकदी बैग और गाड़ी की चाबियां छीन लीं। इसके बाद वे पीड़ित की ही गाड़ी में बैठकर मौके से फरार हो गए। फरार होते समय वे चदरघाट सिग्नल की ओर गए और निंबोलीअड्डा, काचीगुड़ा पहुंचकर गाड़ी छोड़ दी। कपड़े बदलने के बाद वे पैदल काचीगुड़ा एक्स रोड्स की ओर भाग गए।पुलिस की कार्रवाई हैदराबाद सिटी पुलिस ने इस घटना को अत्यंत गंभीरता से लिया है। विशेष क्राइम टीमें गठित की गई हैं जो: घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज का विस्तृत विश्लेषण कर रही हैं। तकनीकी सबूतों (मोबाइल लोकेशन, कॉल डिटेल्स आदि) को ट्रैक कर रही हैं।

केसीआर हाज़िर है !

हैदराबाद, 31 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।

बीआरएस अध्यक्ष और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने रविवार को स्पष्ट किया कि वे फोन टैपिंग मामले की जांच कर रही एसआईटी के समक्ष पूछताछ के लिए उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने कहा कि वे रविवार दोपहर 3 बजे बंजारा हिल्स स्थित अपने नंदीनगर निवास पर जांच अधिकारियों के सवालों का जवाब देंगे।

इससे पहले शुक्रवार देर शाम एसआईटी ने उनके बंजारा हिल्स स्थित आवास की दीवार पर नोटिस चिपकाया था, जिसमें उन्हें रविवार दोपहर पूछताछ के लिए तैयार रहने को कहा गया था।

एसआईटी को भेजे गए अपने छह पन्नों के जवाब में केसीआर ने नोटिस देने के तरीके पर गंभीर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि कानून की नजर में दीवार पर नोटिस चिपकाना कोई वैध प्रक्रिया नहीं है और यह सुप्रीम कोर्ट तथा हाई कोर्ट के फैसलों का उल्लंघन है। उन्होंने तर्क दिया कि जुबली हिल्स के सहायक पुलिस आयुक्त के पास उन्हें नोटिस जारी करने का अधिकार क्षेत्र नहीं है, क्योंकि उनका निवास स्थान जुबली हिल्स पुलिस सीमा के अंतर्गत नहीं आता।

केसीआर ने स्पष्ट किया कि सीआरपीसी की धारा 160 के प्रावधानों के अनुसार, 65 वर्ष से अधिक आयु के किसी भी व्यक्ति को पुलिस स्टेशन नहीं बुलाया जा सकता। उनके बयान केवल उनके निवास स्थान पर ही दर्ज किए जाने चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि वे पिछले कई वर्षों से एर्रावल्ली में रह रहे हैं, इसलिए जांच दल को वहीं आना चाहिए था।पूर्व मुख्यमंत्री ने अपने जवाब में कहा कि हालांकि कानून उन्हें इस ''त्रुटिपूर्ण'' नोटिस को नजरअंदाज करने की आजादी देता है, लेकिन एक जिम्मेदार नागरिक और पूर्व मुख्यमंत्री होने के नाते वे जांच में सहयोग करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, ''चूंकि आप मेरा बयान नंदीनगर (बंजारा हिल्स) में ही दर्ज करने के इच्छुक हैं, इसलिए मैं कानूनी स्थिति के बावजूद 1 फरवरी 2026 को दोपहर 3 बजे वहां उपलब्ध रहूंगा।''

केसीआर ने एसआईटी पर 'दोहरे मानदंड' अपनाने का भी आरोप लगाया। उन्होंने उदाहरण दिया कि टी. हरीश राव को हैदराबाद में नोटिस दिया गया था, जबकि चुनावी हलफनामे में उनका पता सिद्दीपेट दर्ज है।इस बीच, बीआरएस ने इस कार्रवाई को राजनीति से प्रेरित बताते हुए रविवार को पूरे तेलंगाना में विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया है।

11,460 करोड़ का ग्रेटर बजट

हैदराबाद, 31 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो) ।

ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) परिषद ने शनिवार को वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 11,460 करोड़ रुपये के बजट को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी। इस बजट में शहर के बुनियादी ढांचे के विकास और स्वच्छता प्रणाली को सुदृढ़ करने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है।

जीएचएमसी की 10वीं विशेष परिषद बैठक में बजट पेश करते हुए मेयर गडवाल विजयलक्ष्मी ने कहा कि उनके पांच साल के कार्यकाल में नागरिक बुनियादी ढांचे में सुधार, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, सड़क और जंक्शन विकास, सेवाओं के डिजिटलीकरण और सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों को प्राथमिकता दी गई है।

राजस्व अधिशेष और विलय की गई नगर पालिकाओं का लेखा-जोखा

बजट विवरण के अनुसार, जीएचएमसी ने 6,441 करोड़ रुपये की आय और 4,057 करोड़ रुपये के व्यय का अनुमान लगाया है, जिसके परिणामस्वरूप 2,384 करोड़ रुपये का राजस्व अधिशेष प्राप्त होगा।

राजस्व अनुदान: 400 करोड़ शामिल किए गए हैं। नए विलय: हाल ही में शामिल की गई 27 नगर पालिकाओं के लिए 2,260 करोड़ निर्धारित किए गए हैं, जिनसे 1,860 करोड़ का राजस्व प्राप्त होने की उम्मीद है।

मेयर ने जताया आभार; कार्यकाल 10 फरवरी को होगा समाप्त

मेयर विजयलक्ष्मी ने घोषणा की कि वर्तमान परिषद का कार्यकाल 10 फरवरी को समाप्त हो जाएगा। उन्होंने इस यात्रा में सहयोग के लिए डिप्टी मेयर, पार्षदों, आयुक्तों, अधिकारियों, स्वच्छता कार्यकर्ताओं और नागरिकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों के कारण ही जीएचएमसी को कई राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार मिले और पारदर्शी शासन की नींव मजबूत हुई।

डिप्टी मेयर मोथे श्रीलता शोभन रेड्डी ने भी विकास कार्यक्रमों की सफलता के लिए निर्वाचित प्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच समन्वय की सराहना की।

जीएचएमसी आयुक्त आर.वी. कर्णन ने बताया कि 27 नगर पालिकाओं के विलय के बाद संपत्तियों और देनदारियों का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन करके यह बजट तैयार किया गया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि संपत्ति कर का निर्धारण और संग्रह अब पूरी तरह से ऑनलाइन कर दिया गया है।

सोमी अली ने संजय दत्त की तारीफ की, बोलीं

वो एक आम आदमी जैसे एक्टर हैं

90 के दशक की अभिनेत्री सोमी अली ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपने दिल की बात बयां की, जिसमें उन्होंने बताया कि संजय दत्त बेहद सरल स्वभाव वाले इंसान हैं। सोमी अली ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक थ्रोबैक पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने सुपरस्टार संजय दत्त की विनम्रता और इंसानियत की तारीफ की। सोमी ने लिखा, संजय दत्त (संजू) न सिर्फ एक बेहतरीन अभिनेता हैं, बल्कि वह एक आम इंसान की तरह व्यवहार करते हैं, जिससे हर कोई उनके साथ काम करते हुए खुद को खास महसूस करता है। सोमी अली ने पोस्ट में कहा, इस टीबीटी के साथ 90 के दशक में वापस... अगर किसी ने संजू के साथ काम किया है तो वे जानते होंगे कि वे एक आम आदमी जैसे एक्टर हैं। वे कभी भी किसी कमरे में यह दिखाने के लिए नहीं जाते कि वे उस कमरे के मालिक हैं, बल्कि कमरे में बैठे लोगों को ऐसा लगता है कि वे खास हैं क्योंकि संजू उन्हें ऐसा महसूस कराते हैं। उनके अंदर बिल्कुल भी घमंड नहीं है और वे सच में उन सबसे विनम्र एक्टर्स में से एक हैं जिन्हें मैं जानती हूं।

सोमी ने बताया कि उनकी पहली फिल्म 'दिल तो खोया है' में संजय दत्त के साथ काम करने का मौका मिला था। कैमरे के सामने पहली बार आने की घबराहट में वह डर रही थीं, लेकिन संजय दत्त का सहज और प्यार भरा व्यवहार उन्हें सपने जैसा लगा और उन्हें काम करने में आसानी हुई। उन्होंने लिखा कि संजय दत्त हर किसी–चाहे डायरेक्टर हो, सह–अभिनेता हो या स्पॉट बॉय–को बराबर सम्मान और इज्जत देते हैं। यही वजह है कि मेरा मानना है कि हर एक्टर को संजय दत्त के इस व्यवहार को अपना आदर्श बनाना चाहिए।

संजय दत्त हमेशा से अपने दोस्ताना और सहज स्वभाव के लिए जाने जाते हैं। चाहे सेट पर हो या बाहर, वे हमेशा सबके साथ मिल–जुलकर रहते हैं।

सोमी अली और संजय दत्त ने 90 के दशक में 'दिल तो खोया है' के अलावा कई अन्य प्रोजेक्ट्स में साथ काम किया था। उस दौर में संजय दत्त की स्टार पावर चरम पर थी, लेकिन सोमी के मुताबिक उनकी विनम्रता और जमीन से जुड़े रहने की आदत कभी नहीं बदली।



विद्या बालन ने अक्षय कुमार के साथ मिलकर प्रियदर्शन सर को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

'भूल भुलैया' की यादें एक बार फिर ताज़ा हो गईं, जब ओरिजिनल मंजुलिका विद्या बालन और अक्षय कुमार ने निर्देशक प्रियदर्शन को उनके जन्मदिन पर एक खास और मज़ेदार वीडियो के ज़रिए जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। यह वीडियो न सिर्फ हंसी से भरपूर था, बल्कि उस दौर की सिनेमाई जादू को भी फिर से ज़िंदा कर गया, जिसने दर्शकों के दिलों में एक दशक पहले ही खास जगह बना ली थी। इस छोटे से वीडियो में विद्या और अक्षय की सहज केमिस्ट्री और हल्का–फुल्का अंदाज़ साफ झलकता है। दोनों की बॉन्डिंग यह साबित करती है कि कुछ ऑन–स्क्रीन जोड़ियाँ वक्त के साथ फीकी नहीं पड़तीं, बल्कि समय के साथ और भी यादगार बन जाती हैं। फैंस के लिए यह वीडियो एक खूबसूरत थ्रोबैक है, जिसने 'भूल भुलैया' की विरासत को एक बार फिर ताज़ा कर दिया।

जिम में रानी चटर्जी को आई 'वादे' की याद, पोस्ट लिखकर साधा निशाना

मनोरंजन जगत में फिटनेस को लेकर ट्रेंड तेजी से बदलते रहते हैं। पहले अभिनेत्रियां अपने अभिनय के साथ खूबसूरती पर ध्यान देती थीं, लेकिन अब फिटनेस पर भी उतना ही ध्यान देती हैं। ये ट्रेंड सभी इंडस्ट्री में देखने को मिलता है। इस बीच, भोजपुरी इंडस्ट्री की चर्चित अभिनेत्री रानी चटर्जी ने शुक्रवार को वर्कआउट का एक वीडियो पोस्ट किया। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर जिम वर्कआउट का एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में रानी स्ट्रेचिंग समेत कुछ एक्सरसाइज करती दिख रही हैं। वहीं, रानी ने इस वीडियो के साथ गाना 'क्या हुआ तेरा वादा' ऐड किया है।

अभिनेत्री ने पोस्ट कर लिखा, दौलत का नशा इतना भी क्या कि खुद को ही भूल गए। खुद के लिए कुछ नहीं किया और अब तुम्हें कुछ भी याद नहीं।

यह गाना फिल्म 'हम किसी से कम नहीं' में फिल्माया गया था। इस गाने को मोहम्मद रफी ने गाया था, जबकि इसके लिरिक्स मजरूह सुल्तानपुरी ने लिखे थे और नसीर हुसैन ने म्यूजिक डायरेक्ट किया था।

अभिनेत्री का यह वीडियो फैंस को काफी पसंद आ रहा है। वे 'बेस्ट मोटिवेशन' और 'क्वीन' जैसे शब्दों से रानी की सराहना कर रहे हैं।

रानी अपनी एक्टिंग के साथ–साथ अपनी फिटनेस से भी लोगों को प्रभावित करती रहती हैं।

बता दें कि रानी की फिटनेस जर्नी काफी कमाल की रही है। एक समय था, जब उनका वजन काफी ज्यादा था और उन्होंने एक्सरसाइज, योग और हेल्दी फूड खाकर अपना वजन कम किया था। पहले से अब रानी का लुक काफी बदल गया है। अभिनेत्री ने साबित कर दिया कि अपने काम के साथ खुद पर ध्यान देना बहुत जरूरी है।

रानी के कई सारे प्रोजेक्ट रिलीज होने के लिए लाइन पर हैं, और कुछ रिलीज हो चुके हैं। अभी हाल ही में उनकी फिल्म 'परिणय सूत्र' रिलीज हुई थी, जिसे दर्शकों से काफी प्यार मिला था।

हर इश्क परफेक्ट नहीं होता पर काफी होता है, 'दो दीवाने सहर में' मृणाल संग सिद्धांत चतुर्वेदी का प्यार चढ़ेगा परवान

हर इश्क परफेक्ट नहीं होता पर काफी होता है, अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी और एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर अपकमिंग फिल्म 'दो दीवाने सहर में' की रिलीज को अब कुछ ही समय बाकी है। इस फिल्म में मृणाल ठाकुर के साथ एक रोमांटिक किरदार निभा रहे सिद्धांत एक सॉफ्ट और भावनात्मक लवर–बॉय की भूमिका में दिखेंगे। शुक्रवार को अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी ने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं। इसमें दोनों एक दूसरे के साथ खोए नजर आ रहे हैं। अभिनेता ने पोस्ट कर लिखा, रोमांटिक कॉमेडी फिल्मों को वापस लाना, क्या यह वर्तमान समय की जरूरत है या सिर्फ मुझे ऐसा लग रहा है? सिद्धांत के पोस्ट करने के बाद फैंस के बीच यह चर्चा शुरू होने लगी है कि क्या रोमांटिक फिल्मों का दौर फिर से लौट रहा है, हालांकि सोशल मीडिया पर शेयर किए गए सिद्धांत के पोस्ट के साथ तस्वीरों से साफ पता चल रहा है कि यह फिल्म हल्की–फुल्की रोमांटिक

ड्रामा फिल्म होगी। यही वजह है कि कई दर्शकों ने सिद्धांत की इस बात से सहमति जताते हुए फील–गुड रोमांटिक फिल्मों की वापसी का स्वागत किया है। 'दो दीवाने सहर में' एक आधुनिक प्रेम कहानी है, जिसमें पुराने जमाने के रोमांस की झलक भी देखने को मिलेगी। वहीं फैंस भी सिद्धांत और मृणाल को एक साथ रोमांटिक अंदाज में देखने के लिए बेताब हैं।

इससे पहले फिल्म का टीजर और इसका गाना 'आस्मा' जारी हो चुका है, जिसे देखकर फैंस और भी ज्यादा फिल्म को देखने के लिए उत्साहित हैं। अब देखना होगा कि सिद्धांत और मृणाल की केमिस्ट्री दर्शकों के दिलों में जगह बना पाएगी कि नहीं।

रवि उद्यावर द्वारा निर्देशित फिल्म 'दो दीवाने सहर में' को संजय लीला भंसाली प्रोड्यूस कर रहे हैं। इसमें प्रेरणा सिंह, उमेश कुमार बंसल और भरत कुमार भी हैं। फिल्म की कहानी एक अनोखे और खूबसूरत रोमांस को दर्शाती है।

सोनम बाजवा ने सादगी से फैंस का जीता दिल, बोलीं

मेरी जिंदगी परफेक्ट नहीं, ईश्वर की कृपा है

पंजाबी सिनेमा से लेकर बॉलीवुड तक अपने अभिनय का परचम लहराने वाली अभिनेत्री सोनम बाजवा अपने पोस्ट के जरिए फैंस दिलों में राज करती हैं। अभिनेत्री ने गुरुवार को फैंस को एक खास संदेश दिया। अभिनेत्री सोनम बाजवा ने इंस्टाग्राम पर कुछ ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीरें शेयर कीं।

अभिनेत्री की यह तस्वीरें काफी सादगी भरी और प्रभावशाली लग रही हैं, जो उनकी पर्सनैलिटी को गहराई से दर्शाती हैं, जिसे फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। उन्होंने फैंस को बताया है कि वे जिंदगी को परफेक्ट दिखाने की कोशिश कभी नहीं करतीं, बल्कि वे यह दिखाना चाहती हैं कि ईश्वर की कृपा से गुजर जाती हैं। वहीं, अभिनेत्री ने पोस्ट में लिखा, मैं कभी ऐसा न दिखूं कि मेरी जिंदगी बिल्कुल परफेक्ट है, बल्कि हमेशा यह दिखे कि ऊपरवाले ने मुझे अपने अनुग्रह से संभाला है।

कमेंट सेक्शन में फैंस अभिनेत्री की तारीफ कर रहे हैं। वे उनकी इस बात को सच्ची और इंस्पायरिंग बता रहे हैं।

फिलहाल अभिनेत्री अपनी आने वाली फिल्मों में व्यस्त हैं। हाल ही में अभिनेत्री की फिल्म 'बॉर्डर 2' रिलीज हुई। फिल्म को 23 जनवरी को रिलीज किया गया था, जिसे दर्शकों से बेहद प्यार मिल रहा है। 1997 की 'बॉर्डर' की अगली कड़ी में सोनम के अलावा, सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ, आन्या, मेधा राणा, मोना सिंह और अहान शेट्टी जैसे सितारे मुख्य भूमिका में थे।

फिल्म ने ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर 295 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया है। फिल्म में कहानी को मजबूत तरीके से दिखाया गया है, जिसकी वजह से यह दर्शकों के दिलों को छू रही है।

बताया जा रहा है कि फिल्म का आखिरी पार्ट देखना लाजवाब है, क्योंकि उसमें 1997 की बॉर्डर के मुख्य कलाकारों को भी दिखाया गया है।

'बॉर्डर 2' के निर्माता गुलशन कुमार और टी–सीरीज हैं। फिल्म के निर्देशक अनुराग सिंह हैं, जबकि भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, जेपी. दत्ता, और निधि दत्ता इसके निर्माण में शामिल हैं।

फरवरी में चार ग्रह करेंगे राशि परिवर्तन

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार फरवरी माह ग्रह और नक्षत्रों के हिसाब से काफी खास होने वाला है। क्योंकि इस माह सूर्य, बुध मंगल और शुक्र ग्रह राशि परिवर्तन करने वाले हैं। फरवरी माह में 4 ग्रहों का राशि परिवर्तन हो रहा है। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि इस माह महाशिवरात्रि सहित कई बड़े व्रत-त्योहार पड़ रहे हैं, तो वहीं दूसरी ओर ग्रहों की स्थितियों में काफी बड़ा बदलाव होने वाला है। फरवरी माह में कुंभ राशि में सूर्य, मंगल, बुध, शुक्र से लेकर राहु विराजमान रहेंगे। ऐसे में इस राशि के जातकों के लिए फरवरी माह काफी खास जाने वाला है। ऐसे में फरवरी माह में लक्ष्मी नारायण राजयोग से लेकर मंगल आदित्य, शुक्रादित्य, पंचग्रही से लेकर बुधादित्य राजयोग का निर्माण होगा। जिसके कारण कुछ राशि के जातकों को किस्मत का पूरा साथ मिल सकता है। 2026 का पहला विवाह मुहूर्त 5 फरवरी को रहेगा। साल का आखिरी मुहूर्त 6 दिसंबर को होगा। सालभर में कुल 59 विवाह मुहूर्त रहेंगे। फरवरी में 12, मार्च में 8, अप्रैल में 8 और मई में भी 8 शुभ मुहूर्त रहेंगे।

यह महीना बेहद विशेष होगा। इस माह में 4 बड़े ग्रह- सूर्य, बुध मंगल और शुक्र राशि परिवर्तन करने जा रहें हैं। ग्रहों के राशि परिवर्तन और उनकी चाल में बदलाव का विशेष महत्व होता है। इन ग्रहों की स्थिति में बदलाव से जहां कुछ राशि के जातकों को लाभ मिलेगा तो वहीं कुछ राशि वालों के लिए परेशानियां आ सकती हैं।

फरवरी में ग्रहों का गोचर

फरवरी माह में 3 फरवरी को बुध कुंभ राशि में प्रवेश कर जाएंगे, जिससे राहु के साथ युति होगी। इसके साथ ही 6 फरवरी को शुक्र भी कुंभ राशि में आ जाएंगे। ऐसे में त्रिग्रही से लेकर लक्ष्मी नारायण योग का निर्माण होगा। 6 फरवरी को सूर्य धनिष्ठा नक्षत्र, 7 फरवरी को बुध और 11 फरवरी को शुक्र शतभिषा नक्षत्र में प्रवेश कर जाएंगे। इसके बाद 13 फरवरी को सूर्य भी कुंभ राशि में आएंगे और बुधादित्य, शुक्रादित्य के साथ चतुर्ग्रही योग का निर्माण हो रहा है। इसके साथ ही 15 फरवरी को मंगल धनिष्ठा नक्षत्र और बुध पूर्वाभाद्रपद, 19 फरवरी को अरुण कृत्तिका नक्षत्र और सूर्य शतभिषा नक्षत्र, 22 फरवरी को शुक्र पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र शनि उत्तराभाद्रपद नक्षत्र के दूसरे पद में प्रवेश कर जाएंगे। इसके साथ रही 23 फरवरी को मंगल भी कुंभ राशि में प्रवेश कर जाएंगे। फरवरी के अंत में बुध कुंभ राशि में ही वक्री हो जाएंगे। इसके अलावा सिंह राशि में केतु, मीन राशि में शनि रहेंगे।

फरवरी 2026 में सबसे ज्यादा विवाह मुहूर्त

कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि 2026 का पहला विवाह मुहूर्त 5 फरवरी को रहेगा। साल का आखिरी मुहूर्त 6 दिसंबर को होगा। सालभर में कुल 59 विवाह मुहूर्त रहेंगे। फरवरी में 12, मार्च में 8, अप्रैल में 8 और मई में भी 8 शुभ मुहूर्त रहेंगे।

फरवरी - 5, 6, 8, 10, 12, 14, 19, 20, 21, 24, 25 और 26

प्राकृतिक आपदा और दुर्घटनाओं की आशंका

बड़े बदलाव और विवाद होने की आशंका है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार में वृद्धि के साथ शेयर बाजार फिर से बढ़ने की भी संभावना रहेगी। इससे अर्थव्यवस्था मजबूत होने के योग बनेंगे। राजनीतिक उथल-पुथल एवं प्राकृतिक आपदाओं की आशंका बढ़ेगी। लोगों को विशेष लाभ मिलेगा। शिक्षा प्रणाली में सुधार के भी योग बनेंगे। धरना जुलूस प्रदर्शन आंदोलन गिरफ्तारियां होगी। रेल दुर्घटना होने की संभावना। महिलाओं के लिए समय शुभ नहीं है। कोई बड़ी फिल्म अभिनेत्री से दुखद समाचार। देश और दुनिया में राजनीतिक बदलाव होंगे। सत्ता संगठन में परिवर्तन होगा। आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलेगा। मनोरंजन फिल्म नाटक फैशन डांसर कॉमेडी चर्चा में रहेंगे। अचानक मौसमी बदलाव भी हो सकते हैं। बारिश और बर्फबारी होने की आशंका है। सेना की ताकत बढ़ेगी। देश की कानून व्यवस्था भी मजबूत होगी। मनोरंजन फिल्म खेलकूद एवं गायन क्षेत्र से बुरी खबर मिलेगी। बड़े नेताओं का दुखद समाचार मिलने की संभावना।

डॉ. अनीष व्यास
भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक
पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान,जयपुर-जोधपुर
मो.9460872809

राशियों को होगा फायदा

वृषभ, मिथुन, सिंह, तुला, मकर और कुंभ राशि के लोगों को सबसे ज्यादा शुभ फल की प्राप्ति होगी। कार्यों में अच्छी सफलताएं प्राप्त होंगी। व्यापार में मुनाफा और नौकरी में वेतन वृद्धि होने की अच्छी संभावना है। व्यापार में अच्छा मुनाफा मिलेगा।

करें पूजा-पाठ और दान

ग्रहों के अशुभ असर से बचने के लिए हनुमानजी की पूजा करनी चाहिए। हनुमान चालीसा का पाठ अवश्य करें। भगवान शिव और माता दुर्गा की आराधना करनी चाहिए। महामृत्युंजय मंत्र और दुर्गा सप्तशती का पाठ करना चाहिए।

माघ पूर्णिमा पर रवि पुष्य और सर्वार्थ सिद्धि योग, नोट कर लें भद्रा और राहुकाल

हिंदू पंचांग के अनुसार, 1 फरवरी को माघ मास की पूर्णिमा तिथि पड़ रही है, जिसे माघ पूर्णिमा या माघी पूर्णिमा के नाम से जाना जाता है। यह दिन रविवार को है और इस पर सर्वार्थ सिद्धि योग के साथ रवि पुष्य योग का विशेष संयोग बन रहा है। ऐसे में शुभ कार्य, पूजा-पाठ, दान और स्नान के लिए यह तिथि बेहद फलदायी मानी जा रही है। हालांकि, रविवार को भद्रा और राहुकाल जैसे अशुभ कालों से बचना भी जरूरी है। रविवार को पूर्णिमा तिथि है, जो 2 फरवरी की सुबह 3 बजकर 38 मिनट तक रहेगी। पुष्य नक्षत्र रात 11 बजकर 58 मिनट तक है, इसके बाद अश्लेषा नक्षत्र होगा।

1 फरवरी को चंद्रमा खुद की राशि कर्क में संचरण करेंगे। सूर्योदय 7 बजकर 9 मिनट पर और सूर्यास्त शाम 6 बजे होगा। शुभ योग और मुहूर्त की बात करें तो इस दिन रवि पुष्य योग सुबह 7 बजकर 9 मिनट से 11 बजकर 58 मिनट तक रहेगा और सर्वार्थ सिद्धि योग भी इसी समय तक है। ये योग सभी प्रकार के कार्यों में सफलता दिलाने वाले माने जाते हैं। ब्रह्म मुहूर्त सुबह 5 बजकर 24 मिनट से 6 बजकर 17 मिनट, अभिजित मुहूर्त 12 बजकर 13 मिनट से 12 बजकर 57 मिनट, विजय मुहूर्त 2 बजकर 23 मिनट से 3 बजकर 7 मिनट तक है। अमृत काल शाम 5 बजकर 59 मिनट से 7 बजकर 29 मिनट तक रहेगा। ये समय शुभ कार्यों के लिए उत्तम माने जाते हैं। अशुभ समय का ध्यान रखना भी जरूरी है। राहुकाल दोपहर 4 बजकर 39 मिनट से शाम 6 बजे तक, भद्रा सुबह 7 बजकर 9 मिनट से शाम 4 बजकर 42 मिनट तक है। यमगंड दोपहर 12 बजकर 35 मिनट से 1 बजकर 56 मिनट तक है।

इस दौरान कोई शुभ कार्य न करें। सनातन धर्म में माघ पूर्णिमा का विशेष महत्व है। यह माघ मास की अंतिम पूर्णिमा होती है, जब कल्पवास (एक माह का पवित्र निवास) पूरा होता है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन देवगण धरती पर आते हैं और प्रयागराज के त्रिवेणी संगम में स्नान करते हैं। पवित्र नदियों जैसे गंगा, यमुना, नर्मदा में स्नान करने से पाप नष्ट होते हैं, पुण्य की प्राप्ति होती है और मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है।

इस दिन स्नान कर दान-पुण्य बेहद पुण्यदायी माना जाता है। पूर्णिमा पर भगवान विष्णु, माता लक्ष्मी और चंद्र देव की पूजा, दान, व्रत और सत्यनारायण कथा करने से धन-धान्य, सुख-समृद्धि और मनोकामनाएं पूरी होती हैं। पद्म पुराण जैसे ग्रंथों में इसे हजारों अश्वमेध यज्ञ के समान पुण्यदायी बताया गया है।

माघ पूर्णिमा के दिन जरूर करें ये पांच काम जीवन में तरक्की के खुलेंगे नए मार्ग

माघ मास में पड़ने वाली पूर्णिमा तिथि का पद्म पुराण में विशेष महत्व बताया गया है। इस तिथि पर स्नान, दान, पितरों का श्राद्ध आदि कार्य करने से बेहद पुण्य फल की प्राप्ति होती है। पुराण के अनुसार माघ मास कार्तिक माह के समान ही फल देने वाली होती है। ऐसे में इस तिथि पर स्नान करने साथ-साथ कुछ विशेष उपाय और दान करने से अत्यंत शुभ फल प्राप्त हो सकता है। साथ ही, जीवन में तरक्की के रास्ते खुलते हैं। अगर आप माघ पूर्णिमा पर 5 काम कर लें तो इससे भगवान विष्णु को साथ-साथ माता लक्ष्मी की कृपा भी प्राप्त हो सकती है।

पितरों के आशीर्वाद के लिए जरूर करें यह काम

माघ पूर्णिमा तिथि पर पितरों का श्राद्ध कार्य जरूर करना चाहिए। ऐसा करने से पितर प्रसन्न होते हैं और उनकी कृपा परिवार के सभी सदस्यों पर बनी रहती है। अगर आप पितृदोष का सामना कर रहे हैं तो इस उपाय को जरूर करके देखें। इससे जीवन में आने वाली समस्याओं और आर्थिक तंगी से मुक्ति मिल सकती है। साथ ही, जीवन में खुशहाली आती है।

इस उपाय से नहीं होगी अन्न-धन की कमी

पूर्णिमा तिथि पर किसी जरूरतमंद या गरीब व्यक्ति को अनाज का दान करना चाहिए। साथ ही, इस तिथि पर जल और अन्न का दान करना भी शुभ माना जाता है। मान्यता है कि अनाज का दान करने से घर में कभी भी अन्न-धन की कमी नहीं होती है। अगर घर की बरकत या कार्यों में बाधाएं आ रही हैं तो इस उपाय को जरूर करके देखें। इससे बिगड़े काम बनने शुरू हो सकते हैं।

विष्णुजी और मां लक्ष्मी की कृपा प्राप्त करने का उपाय

माघ पूर्णिमा के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नानादि करने

के बाद भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा अवश्य करनी चाहिए। इसके लिए लकड़ी की चौकी पर लाल या पीले रंग का वस्त्र बिछाकर उस पर विष्णुजी और मां लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित करें। फिर, वस्त्र, ताजा पुष्प, पंचामृत आदि अर्पित करें और विधिपूर्वक पूजा आरती करें। साथ ही, इस दिन विष्णुजी के मंत्रों का जाप अवश्य करना चाहिए। ऐसा करने से भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की कृपा प्राप्त हो सकती है।

इस उपाय से जीवन में खुलेंगे तरक्की के मार्ग

हिंदू धर्म और पुराण में पूर्णिमा तिथि पर स्नान करने का विशेष महत्व बताया गया है। मान्यता है कि इस दिन पवित्र नदी में स्नान करके भगवान विष्णु का ध्यान करना चाहिए। लेकिन अगर ऐसा संभव न हो पाए तो आप घर में स्नान के पानी में गंगाजल मिलाकर स्नान कर सकते हैं। साथ ही, भगवान विष्णु का मन में ध्यान अवश्य करना चाहिए। ऐसा करने से जातक के जीवन में तरक्की के मार्ग खुल सकते हैं।

धन-धान्य में वृद्धि के लिए करें यह काम

माघ मास की पूर्णिमा पर दान का बहुत खास महत्व है। जीवन में सुख-समृद्धि और धन-धान्य में वृद्धि के लिए इस तिथि पर दान अवश्य करना चाहिए। मान्यता है कि पूर्णिमा के दिन किसी जरूरतमंद व्यक्ति को कंबल, तिल आदि का दान करने से अत्यंत शुभ फल की प्राप्ति होती है। इससे करियर और नौकरी में आने वाली बाधाओं से राहत मिल सकती है। साथ ही, घर में बरकत बढ़ती है।

शादीशुदा जीवन में मंगल का योगदान, कुंडली मिलान में मंगल ग्रह की रहती है अहम भूमिका

प्रायः विवाह मेलापक प्रकरण में मंगली-मंगला का प्रसंग प्रचलित होता है तथा कन्या मंगली होने पर वर मंगला आवश्यक है। इसी प्रकार वर मंगला होने पर कन्या मंगली आवश्यक है। ज्योतिष के ग्रंथों में मंगली दोष को लेकर इस प्रकार संस्कृत के श्लोकों की व्याख्या प्राप्त होती है।

लग्ने व्यये च पाताले जामित्रे चाष्टमे कुजे। कन्या भर्तुविनाशाय भर्ता कन्या विनाशकः ।।

अर्थात उक्त स्थान 1, 4, 7, 8, 12 में यदि मंगल स्थित है तो कन्या की जन्मपत्री में है तो वर को तथा वर की जन्मपत्री में है तो कन्या का नाश करती है। मुहूर्त संग्रहदर्पण के इस प्राचीन श्लोक के अनुसार इन भावों में मंगल हो तो कन्या अपने पति के लिए कष्टकारी होती है, इसी प्रकार वर भी कन्या के लिए कष्टकारक हो सकता है।

शनि भौमो अथवा कश्चित् पापो वा तादृशो भवेत्। तेष्वेव भवनेष्वेव भौम दोष विनाशकृत ।।

जिन-जिन स्थानों में मंगल हो, उन्हीं-उन्हीं स्थान में शनि अथवा मंगल या कोई पापग्रह दूसरी जन्मपत्री में हो तो मंगल दोष प्रभाव शून्य होता है। फलित संग्रह में कहा गया है कि मांगलिक जातक जिस भाव से मांगलिक हो और दूसरा जातक मांगलिक न हो, पर उसी भाव में कोई क्रूर या पाप ग्रह सूर्य, राहु, मंगल या शनि हों तो मांगलिक दोष रद्द यानी समाप्त हो जाता है।इसी प्रकार मंगल की भांति सौरी दोष भी होता है।

यामित्रे च यदा सौरि लग्ने वा हिबुकेऽथवा। अष्टमे द्वादशे वापि भौमदोष विनाशकृत्।।

जन्मकालिक लग्न में, चौथे, सातवें, आठवें, बारहवें भाव में यदि शनि हो तो सौरी दोष कहा जाता है, जो मंगल के दोष को समाप्त करता है। यदि मंगल दोष न भी हो और सौरी दोष हो तो दांपत्य जीवन में कटुता, विलंबता एवं संघर्षपूर्ण परिस्थिति का सामना करना पड़ता है। मंगल दोष के परिहार में सौरी दोष के अतिरिक्त कोई भी क्रूर ग्रह तद्भाव में हो तो भी मंगल प्रभावहीन होता है। अभिप्राय है, शनि यदि 1, 4, 7, 8, 12वें भाव में एक की कुंडली में हो और दूसरे की कुंडली में इन्हीं स्थानों में से एक किसी स्थान में मंगल बैठा हो, तो भौम दोष यानी मंगल दोष नष्ट हो जाता है। ज्योतिष के प्रामाणिक ग्रंथों में मंगल दोष के अन्य परिहार एवं श्लोक भी प्राप्त होते हैं।

एक माह के कल्पवास के बाद माघी पूर्णिमा है मनोकामना पूर्ति का दिव्य पर्व

एक माह तक आस्था की नगरी में रहकर नियम, व्रत और साधना का पालन करने वाले कल्पवासी माघी पूर्णिमा के दिन पवित्र स्नान कर अपने-अपने गृहस्थ जीवन की ओर लौटते हैं। एक मास से गंगा की रेती पर टिके कल्पवासी प्रसाद के रूप में संगम की रेती लेकर आस्था की नगरी से विदाई लेते हैं। यद्यपि प्रत्येक पूर्णिमा का अपना विशेष महत्व होता है, किंतु माघी पूर्णिमा का स्थान अत्यंत विशिष्ट माना गया है। धर्मशास्त्रों के अनुसार इस दिन स्नान, ध्यान और दान करने से मनोकामनाएँ पूर्ण होती हैं और मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। इस पावन तिथि पर जप, हवन तथा पुण्यकर्म करने से अनंत फल की प्राप्ति होती है और नवग्रह जनित दोषों का शमन होता है।

माघी पूर्णिमा 2026 मान्यता

मान्यता है कि माघी पूर्णिमा की रात्रि चंद्रमा अपनी अमृतमयी किरणों से पृथ्वी के जल में एक विशिष्ट तत्व का संचार करता है, जो सामान्य जन के लिए कष्ट निवारक और आरोग्यदायक सिद्ध होता है। इस दिन प्रयागराज का संगम तट श्रद्धा, विश्वास और भक्ति का अद्भुत केन्द्र बन जाता है, जहाँ असंख्य श्रद्धालु पुण्य स्नान हेतु एकत्र होते हैं।

माघी पूर्णिमा 2026 व्रत विधि

माघी पूर्णिमा के व्रत को बत्तीसी पूर्णिमा भी कहा जाता है। व्रत विधि के अनुसार प्रातःकाल तिल मिश्रित जल से स्नान करने का विधान है। संतान प्राप्ति अथवा सौभाग्य वृद्धि की कामना से मध्याह्न काल में भगवान शिव शंकर की विशेष पूजा की जाती है। माघ मास के साथ ही शीत ऋतु की विदाई और बसंत ऋतु का आगमन प्रारम्भ हो जाता है, जिससे चारों ओर का वातावरण आनंददायक और उत्सवपूर्ण बन जाता है।

माघी पूर्णिमा 2026 महत्व

माघी पूर्णिमा का पर्व पुण्य, शांति और संतुलन की दिशा में मनुष्य को अग्रसर करता है। इस दिन यज्ञ, तप और दान का विशेष महत्व बताया गया है। गंगा स्नान से जीवन की समस्त बाधाओं के दूर होने की शास्त्रीय मान्यता है। परंपरा के अनुसार खरबूजे के बीज से बने लड्डू में सामथ्र्य अनुसार आभूषण छिपाकर ब्राह्मण को दान दिया जाता है। साथ ही काले तिलों से हवन एवं काले तिलों द्वारा पितरों का तर्पण किया जाता है, जिससे अतृप्त आत्माओं को शांति प्राप्त होती है।

माघ पूर्णिमा पर इन 4 स्थानों पर जरुर जलाएं दीपक, पितृदोष से मिलेगी राहत

माघ पूर्णिमा का हिंदू धर्म में विशेष महत्व माना गया है। ऐसी मान्यता है कि माघ पूर्णिमा के दिन सभी देवी देवता स्वर्ग से उतरकर आते हैं और अपने भक्तों को सुख समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं। इस दिन पवित्र नदियाओं में स्नान और दान पुण्य और पूजा पाठ का विशेष महत्व बताया गया है। माघ पूर्णिमा के दिन 5 स्थानों पर दीपक जरुर जलाना चाहिए। ऐसी मान्यता है कि इन स्थानों पर दीपक जलाने से व्यक्ति का भाग्य चमकता है। साथ ही घर परिवार में सुख समृद्धि बनी रहती है। आइए जानते हैं माघ पूर्णिमा के दिन किन 4 स्थानों पर दीपक जलाना चाहिए।

माघ पूर्णिमा पर जरुर जलाएं इन 4 स्थानों पर दीपक

* माघ पूर्णिमा के दिन पीपल के वृक्ष के नीचे दीपक जरुर जलाना चाहिए। मान्यता है कि पीपल के वृ।भ में त्रिदेव, ब्रह्मा, विष्णु और महेश का वास होता है। इस दिन पीपल के वृक्ष में दीपक जलाने से सभी देवी देवताओं का आशीर्वाद मिलता है। साथ ही जीवन में आ रही बाधाएं भी दूर होती हैं। अगर किसी की कुंडली में पितृदोष है उन्हें भी इस दिन पीपल के पेड़ से नीचे घी का दीपक पितरों के नाम से जलाना चाहिए।

* अपने घर के मुख्य द्वार भी भी माघ पूर्णिमा के दिन दीपक जलाना चाहिए। ऐसी मान्यता है कि इस दिन मख्य द्वार पर घी की दीपक जलाने से माता लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं और घर में माता लक्ष्मी और भगवान विष्णु का वास होता है। साथ ही घर में नकारात्मक शक्तियां प्रवेश नहीं करती हैं और सौभाग्य बना रहता है।

* माघ पूर्णिमा पर सुबह और शाम दोनों समय तुलसी के पौधे में घी का दीपक जलाना चाहिए। ऐसी मान्यता है कि इस दिन तुलसी के पौधे में दीपक जलाने से घर परिवार में सुख समृद्धि बनी रहती है। साथ ही भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की कृपा भी बनी रहती है।

* माघ पूर्णिमा के दिन पवित्र नदियों में स्नान करने का भी विशेष। महत्व है साथ ही इस दिन पवित्र नदियों में स्नान के साथ साथ दीपक भी जलाने चाहिए। अगर आप किसी पवित्र नदी पर दीपक नहीं जला पा रहे हैं तो अपने घर में ही जल के स्थान पर दीपक जला दें।



मिला-जुला रूप

समुद्री घोड़े का सिर घोड़े जैसा, पूंछ बंदर जैसी, पेट कंगारू जैसा, बाहरी आवरण कंकाल के जैसा और आंखें गिरगिट की तरह होती हैं।

आर्ट एंड क्राफ्ट

डॉगी का बैड

जरूरी सामग्री

- फैब्रिक दो रंगों में (फैब्रिक का साइज़ आपके डॉगी के साइज़ पर निर्भर करता है)
- कपड़ा काटने के लिए कैंची
- कुशन भरने के लिए पॉलिएस्टर स्टफिंग
- सजाने के लिए अलग-अलग रंगों की लेस

बनाने की विधि

स्टैप-1 अपने डॉगी के साइज के अनुसार कुशन के लिए कपड़ा नाप लो। इस माप में लंबाई और चौड़ाई की ओर आठ-आठ इंच अतिरिक्त बढ़ा लो।

स्टैप 2 अब दूसरे रंग के कपड़े की लैस चार इंच की पट्टी में काट लो और इसे कुशन के चारों ओर सिल दो।

स्टैप 3 आप चाहें तो कुशन का आकार स्केयर/रैक्टैंग्युलर रख सकते हैं या इसे किनारों से गोलाई दे सकते हैं। सजाने के लिए आप इस पर एप्लीक वर्क भी कर सकते हैं और लेस का इस्तेमाल भी।

स्टैप 4 कुशन की तीन ओर से सिलाई कर लो।

स्टैप 5 कुशन के जिस तरफ सिलाई नहीं की गई, वहां से स्टफिंग भर दो। अब इस तरफ भी सिलाई कर लो।



चैनल टनल इंग्लैंड की पहचान है। समुद्र के नीचे बनी यह दुनिया की सबसे बड़ी सुरंग है। चैनल टनल वास्तव में तीन सुरंगें हैं- दो रेल सुरंगें और एक छोटी सर्विस टनल। इसकी लंबाई करीब 50 किलोमीटर है और लगभग 38 किलोमीटर समुद्र के नीचे है। जापान की सीकन टनल की लंबाई इससे थोड़ी ज्यादा है, लेकिन इसका अधिकतर हिस्सा समुद्र की बजाय जमीन के नीचे है।

200 साल पुरानी योजना : इंग्लैंड और फ्रांस के बीच सुरंग का निर्माण एक बड़ी चुनौती थी। पिछले 200 सालों में इंजीनियर्स ने क्रॉस चैनल लिंक बनाने के लिए कई सुझाव दिए। चैनल टनल का निर्माण तकनीकी रूप से एक सदी पहले भी संभव था। इंजीनियर्स ने सुरंग बनाने का सबसे पहला प्रस्ताव 1802 में दिया।

पहली कोशिश : 1870-71 में फ्रैंको-पर्शियन युद्ध के बाद इंग्लैंड और फ्रांस के संबंध काफी दोस्ताना थे, तब नेपोलियन ने इंग्लिश चैनल के नीचे सुरंग बनाने का सुझाव मान लिया। 1881 में सुरंग की खुदाई शुरू हो गई। लेकिन कुछ ही समय बाद स्वेज नहर और अफ्रीका के उपनिवेशों के लिए दोनों देशों में लड़ाई शुरू हो गई। तब फ्रांसीसी घुसपैठ की आशंका के चलते ब्रिटिश आर्मी ने सुरंग बनाने का विरोध किया और योजना वहीं बंद कर दी गई।

दूसरी कोशिश : 1973 में ब्रिटेन और फ्रांस दोनों देशों की सरकारों ने सुरंग बनाने पर सहमति दे दी, लेकिन 1975 में ब्रिटिश प्रधान मंत्री हैरल्ड विल्सन को निर्माण कार्य दोबारा रुकवाना पड़ा, क्योंकि तेल की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि के कारण ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था चरमरा गई थी।

सुमद्र के नीचे सुरंग बनाने का काम काफी जोखिम भरा है। आवाजाही को सुगम बनाने के लिए कई देशों में अंडर-वाटर टनल्स बनाई गई हैं। इनमें से सबसे बड़ी है चैनल टनल...

पानी के नीचे ट्रेन

तीसरी कोशिश कामयाब : 1980 के दशक में ब्रिटिश और फ्रैंच सरकारों ने फैसला किया कि पारम्परिक रेल सुरंग सबसे ज्यादा सुरक्षित और कम खर्चीली है। 1987 में दोनों देशों ने इस संबंध में काम शुरू कर दिया।

सुरंग ही क्यों? : ब्रिज की तुलना में सुरंग के कई फायदे हैं। सुरंग के कारण बड़े जहाज भी वहां से निकल सकते हैं, जबकि ब्रिज के नीचे से जहाजों का निकलना मुश्किल होता है और ब्रिज को भी नुकसान पहुंच सकता है। जब तेज़ हवाएं चलती हैं, तब भी ब्रिज को बंद कर दिया जाता है, जिससे ट्रैफिक की समस्या पैदा होती है। कई किलोमीटर लंबे समुद्र पर ब्रिजों का इस्तेमाल व्यवहारिक नहीं है।

पहला विश्वयुद्ध : अगस्त 1914 में जब पहला विश्व युद्ध शुरू हुआ, तब जर्मनी और ऑस्ट्रिया के खिलाफ फ्रांस, ब्रिटेन और रशिया एक साथ लड़े थे। अगर सुरंग बनाने का काम बीच में ही बंद न किया होता, तो विश्व युद्ध के दौरान इंग्लैंड और फ्रांस को काफी फायदा होता। माना जाता है कि सुरंग के कारण लड़ाई दो साल पहले ही ख़त्म हो जाती। यह भी संभव था कि यदि सुरंग का निर्माण हो जाता, तो जर्मनी, फ्रांस में घुसपैठ ही नहीं करता।

सुरंग की खुदाई : 1987 में इंग्लैंड की ओर से खुदाई का काम शुरू हुआ और तीन महीने बाद फ्रांस की तरफ से भी खुदाई शुरू हो गई। रिवॉल्विंग कटिंग हैड्स वाली विशाल महीनों से खुदाई का काम शुरू हुआ। एक महीने में एक किलोमीटर खुदाई की जाती थी। सुरंग की खुदाई में कुल तीन साल का समय लगा। समुद्र तल से औसतन 45 मीटर नीचे सुरंगों की खुदाई की गई। जब सर्विस टनल के दोनों हिस्सों की दूरी केवल 100 मीटर रह गई, तब उन्हें आपस में जोड़ने के लिए हाथों से खुदाई की गई।

सुरंग से आवाजाही शुरू : तीनों सुरंगों को आपस में जोड़ दिया गया। इनकी सफाई करवाने के बाद इनमें रेलवे ट्रैक बिछा दिए गए। 6 मई 1994 में रानी एलिजाबेथ द्वितिया और राष्ट्रपति मिटरैंड ने चैनल टनल को आम आवाजाही के लिए खोला। विशेष हाई स्पीड ट्रेनें यात्रियों को बग़ैर कही रुके लंदन, पैरिस और ब्रुसेल्स लाती-ले जाती हैं।

सुरंग में लगी आग : चैनल टनल में हैवी गुड्स वेहिकल शटल्स में तीन बार आग लग चुकी है, जिस कारण इसे कुछ समय के लिए बंद भी करना पड़ा। 1987 में लकड़ी के एसकेलेटर के नीचे मशीन रूम में आग लगने से 27 व्यक्ति मारे गए। जुलाई 2005 को उग्रवादियों द्वारा किए बम ब्लास्ट में दर्जनों लोग मारे गए और कई घायल हुए।

सर्विस टनल : रखरखाव और आपातकालीन बचाव टीमें सर्विस टनल के रास्ते मदद पहुंचाती हैं और एक्सीडैंट होने पर यात्रियों को सुरक्षित बंदरगाह तक सर्विस टनल के रास्ते ही पहुंचाया जाता है।

सर्विस टनल वेहिकल : सर्विस टनल के लिए विशेष रूप से वाहन डिज़ाइन किया गया। इसे कई कामों के लिए उपयोग में लाया जाता है। इसे इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यदि कोई दुर्घटना हो जाए, तो कम से कम समय में दुर्घटना स्थल पर पहुंच जाए।

अंक पहेली

राहुल ने नई कार खरीदी है। यह सुनकर उसके छोटे भाई विनीत ने नई कार देखने की इच्छा जताई। राहुल ने विनीत को चाबी थमाई और कहा कि गाड़ी सामने पार्किंग में खड़ी है।

विनीत ने गाड़ी का नंबर पूछा, जिसे सुनकर राहुल हंस पड़ा। फिर उसने बताया कि गाड़ी का नंबर बड़ा ही आकर्षक है। पहले दो अंकों की संङ्ख्या शेष दो अंकों की संङ्ख्या से मात्र एक ही कम है। कोई भी अंक पुन: प्रयोग नहीं हुआ है। दूसरे अंक का मूल्य पहले अंक से दो अधिक है। जाओ, कार ढूंढ़ो और सैर करो।

राहुल द्वारा दिए संकेतों से विनीत को कार ढूंढने में कोई कठिनाई नहीं होनी चाहिए थी, लेकिन वो बेचारा कार की तलाश नहीं कर पा रहा। तो फिर आप ही उसकी मदद कीजिए और उसे बताइए कार का सही नंबर या है?

ɹǝqɯnu ɹɐqɯnʇ ɥɔᴉɥM - 0897 ʇᴉ sᴉ ɹǝqɯnu ɥɔᴉɥM ɐ ʇɐɥʍ ʇɐ ʞooן

पेटू टेपीरस

टेपीरस दक्षिण व मध्य अमेरिका और दक्षिण-पूर्व एशिया में पाए जाते हैं। कुछ टेपीरस नीचे मैदानों में रहते हैं, तो कुछ पहाड़ों की बर्फ़ीली चोटियों पर। इनकी लंबाई क़रीब दो मीटर और ऊंचाई एक मीटर तक होती है। इनका वजन 150-300 किलोग्राम तक होता है। ये लाल-भूरे और ग्रे-काले रंग के होते हैं। टेपीरस आमतौर पर शाकाहारी होते हैं। इनका अधिकतर समय भोजन की तलाश में बीतता है। कई टेपीरस एक दिन में 40 किलोग्राम तक भोजन खा जाते हैं। जंगल में ये फल, बेरीज़ और पज़े खाते हैं।

मलायन टेपीरस की थूथन सबसे लंबी होती है, जबकि ब्राजील के टेपीरस की थूथन सबसे छोटी होती है। टेपीरस का विज़न कम होता है। इसलिए यह ठीक से देख नहीं सकता, लेकिन इसके सेंसटिव कान और सूंघने की बढ़िया क्षमता कठिन हालात में इसकी सुरक्षा करते हैं। आमतौर पर इनकी ज़िंदगी 25-30 साल होती है। हालांकि टेपीरस ज़मीन पर रहते हैं, पर इन्हें पानी में भी रहना पसंद है। एकांतप्रिय टेपीरस की पीठ की मोटी चमड़ी जगुआर, मगरमच्छ, एनाकोंडा और टाइगर जैसे परभक्षियों से इनकी रक्षा करने में मदद करती है।

मालूम क्या?

पानी का स्तर

कविता ने बड़े आकार की टंकी में पानी भरा। पानी भरने के बाद उसने टंकी में एक बड़ा सा कटोरा तैरा दिया। इस कटोरे में वह एक-एक करके कंचे डालने लगी। जैसे-जैसे वह कटोरे में कंचे डालती जा रही थी, वैसे-वैसे वह कटोरा पानी में डूबता जा रहा था। ३० कंचे डालने पर तीन-चौथाई कटोरा पानी में डूब चुका था।

इतना कटोरा डूब जाने पर उसने टंकी में पानी के लैवल को नोट कर लिया। तभी उसका नटखट भाई विक्की आया और उसने कटोरे को हाथ लगा दिया, जिससे वह कटोरा कंचों सहित पानी में डूब गया।

बताइए कि कटोरे और कंचों के डूबने से कविता द्वारा अंकित पानी के लैवल में कोई बदलाव आया। यदि हां, तो कैसे और यदि नहीं, तो क्यों। तर्क के साथ जवाब दें।

उत्तर: पानी के लैवल में कमी आएगी। जब कंचों वाला कटोरा पानी में तैर रहा था, तब उसने अपने भार के समान पानी हटाया था। दूसरे के बाद कटोरे लगे कंचों ने अपने आयतन के बराबर पानी हटाया। चूंकि भार द्रव्यमान गया पानी आयतन द्वारा हटाए गए पानी से ज्यादा था, इसलिए पानी का लैवल कम हो गया। यदि ऐसा न होता, तो कटोरा और कंचे पानी में डूबते ही नहीं।

क्या आप जानते हैं?

- चंद्रमा, गोबी रेगिस्तान से दस लाख गुना ज्यादा शुष्क है।
- पूरा चांद यानी पूर्णिमा का चांद, अर्धचंद्र से नौ गुना ज्यादा चमकता है। इसलिए पूर्णिमा की रात को उजाला ज्यादा होता है।
- पृथ्वी और चांद के बीच औसत दूरी 384,392 किलोमीटर है।
- चंद्रमा पृथ्वी के आकार का 27 फीसदी है।
- शनि ग्रह का घनत्व पानी से कम है। इसलिए यदि इसे पानी के ऊपर रख दें, तो यह तैरने लगेगा।
- मार्स ग्रह पर गुरुत्वाकर्षण धरती का 38 फीसदी है। इसलिए यदि 100 किलोग्राम वजन का कोई व्यक्ति यहां जाता है, तो उसका वजन कम होकर 38 किलो रह जाएगा।
- सौर मंडल में सबसे गर्म ग्रह वीनस है। इसकी सतह का अनुमानित तापमान 864 डिग्री फारेनहाइट है।

मनुष्य की खोपड़ी में 22 हड्डियां आपस में संधियों द्वारा जुड़ी हुई हैं, लेकिन केवल जबड़े की संधि ही गति कर सकती है, जिससे हम बात कर पाते हैं, हंस सकते हैं और भोजन चबा सकते हैं।

दिमाग की बत्ती

गर्म कपड़ों में ठंड क्यों नहीं लगती?

अपने शरीर की गर्मी को बरकरार रखने के लिए हम सर्दियों में गर्म कपड़े पहनते हैं, क्योंकि ऊन हीट का बैड कंडक्टर है इसलिए इनमें से शरीर की गर्मी बाहर नहीं जाती। इस तरह गर्म कपड़ों से हम अपने शरीर से गर्मी बाहर के ठंडे वातावरण में अवशोषित होने से बचा लेते हैं।

इसे आप एक उदाहरण से भी जान सकते हैं। एक जैसी दो बोतलों में गर्म पानी डाल दो और पानी का तापमान नोट कर लो। अब एक बोतल को गर्म कपड़े से लपेट दो और दूसरी बोतल को ऐसे ही रहने दो।

करीब एक घंटे बाद दोनों बोलतों के पानी का तापमान नोट करो। जिस बोतल को गर्म कपड़े से ढंका हुआ नहीं था, उसके पानी का तापमान गर्म कपड़े से ढंकी बोतल से कम होगा, क्योंकि वह बोतल हवा के सीधे संपर्क में आई, जिससे उसकी गर्मी अवशोषित हो गई।

खूबसूरत ही नहीं तेज दिमाग भी बटरफ्लाई

तितलियां कुदरत की सबसे खूबसूरत रचनाओं में से एक हैं। कोस्टा रीका में तितलियों की 1300 से ज्यादा प्रजातियां पाई जाती हैं। इनकी जिदगी पजे पर एक बहुत छोटे से अंडे से शुरू होती है। वयस्क होने पर आमतौर पर ये उस पौधे या पेड़ के तने पर वापिस आती हैं, जहां इन्होंने अपना शुरुआती समय बिताया होता है। तितली का जीवनकाल बहुत छोटा होता है। यह सॉलिड खाना नहीं खाती, हालांकि कुछ तितलियां नैक्टर पीती हैं।

दुनिया की सबसे तेज उड़ने वाली तितली मोनार्च है। यह एक घंटे में 17 मील की दूरी तय कर लेती है। तितली का दिमाग बहुत तेज होता है। देखने, सूंघने, स्वाद चखने व उड़ने के अलावा जगह को पहचानने की इनकी अद्भुत क्षमता प्रशंसनीय है। ये बहुत लंबी दूरी तय करके भी उस पेड़ पर पहुंच जाती हैं, जहां इनकी लक्कड़दादी ने अंडे दिए थे।

दुनिया की सबसे बड़ी तितली जायंट बर्डविंग है, जो सोलमन आईलैंड्स पर पाई जाती है। इस मादा तितली के पंखों का फैलाव 12 इंच से ज्यादा होता है। जब यह आपके नाक पर बैठती है, तो पूरा चेहरा ढंक लेती है।

हम बताएं, आप बनाएं

आज का राशिफल

मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ

अगर आप लम्बे वक़्त के लिए निवेश करें, तो अच्छा-ख़ासा फ़ायदा हासिल कर सकते हैं। परिवार वालों का हँसी-मज़ाक भरा बर्ताव घर के वातावरण को हल्का-फुल्का और ख़ुशनुमा बना देगा। अपने प्रेम-प्रसंग के बारे में इधर-उधर ज़्यादा बातें न करें। यह उन उम्दा दिनों में से एक दिन है जब कार्यक्षेत्र में आप अच्छा महसूस करेंगे। आज आपके सहकर्मी आपके काम की तारीफ करेंगे और आपका बॉस भी आपके काम से खुश होगा। कारोबारी भी आज कारोबार में मुनाफा कमा सकते हैं। अपनी ख़ासियत और भविष्य की योजनाओं पर फिर से सोचने का समय हैं।

वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो

आज आपको अपनी संतान की वजह से आर्थिक लाभ होने की संभावना नजर आ रही है। इससे आपको काफी खुशी होगी। भावनात्मक तौर पर ख़तरा उठाना आपके पक्ष में जाएगा। आपमें बहुत-कुछ हासिल करने की क्षमता है- इसलिए अपने रास्ते में आने वाले सभी मौक़ों को झट-से दबोच लें। व्यस्त दिनचर्या के बावजूद भी आज आप अपने लिए समय निकालपाने में सक्षम होंगे। ख़ाली वक्त में आज कुछ रचनात्मक कर सकते हैं। अपने जीवनसाथी को सरप्राइज़ जरुर दें।

मिथुन – क,कि,कृ,घ,ड़,छ,के,को,ह

रात के समय आप आज आपको धन लाभ होने की पूरी संभावना है क्योंकि आपके द्वारा दिया गया धन आज आपको वापस मिल सकता है। आपको अपना बाक़ी वक़्त बच्चों के संग गुज़ारना चाहिए, चाहे इसके लिए आपको कुछ ख़ास ही क्यों न करना पड़े। अपने प्रिय को समझने की कोशिश करें, नहीं तो मुश्किल में फँस सकते हैं। यह दिन बेहतरीन दिनों में से एक हो सकता है। आज दिन में आप कई अच्छे प्लान भविष्य के लिए बना सकते हैं लेकिन शाम के वक्त किसी दूर के रिश्तेदार के घर में आ जाने के कारण आपके सारे प्लान धरे के धरे रह सकते हैं।

कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो

अच्छी सेहत के चलते आप किसी खेल-कूद की प्रतिस्पर्धा में भाग ले सकते हैं। जिन लोगों ने कहीं निवेश किया था आज के दिन आपको आर्थिक हानि होने की संभावना है। परिवार में नए सदस्य के आने की ख़बर आपको रोमांचित कर देगी। दिन की शुरुआत भले ही थोड़ी थकाऊ रहे लेकिन जैसे-जैसे दिन आगे बढ़ेगा आपको अच्छे फल मिलने लगेंगे। दिन के अंत में आपको अपने लिए समय मिल पाएगा और आप किसी करीबी से मुलाकात करके इस समय का सदुपयोग कर सकते हैं।

सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे

आपका स्वास्थ्य आज पूरी तरह से आपका साथ देगा। आपके माता पिता आपकी फिजूलखर्ची को देखकर आज चिंतित हो सकते हैं और इसलिए आपको उनके गुस्से का शिकार भी होना पड़ सकता है। ज़रूरत के वक़्त आपको दोस्तों का सहयोग मिलेगा। आपकी प्रेम कहानी आज एक नया मोड़ ले सकती है, आपका साथी आज आपसे शादी को लेकर बात कर सकता है। ऐसे में कोई भी फैसला लेने से पहले आपको विचार अवश्य करना चाहिए। जो लोग विदेश व्यापार से जुड़े हैं उन्हें आज मनमाफिक फल मिलने की पूरी उम्मीद है।

कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो

ऐसी गतिविधियों में संलग्न रहें, जो आपको सुकून दें। बिना बताये आज कोई देनदार आपके अकाउंट में पैसे डाल सकता है जिसके बारे में जानकर आपको अचंभा भी होगा और खुशी भी। बच्चों का स्कूल से जुड़ा काम पूरा करने के लिए मदद देने का वक़्त है। आपका काम दरकिनार हो सकता है- क्योंकि आप अपने प्रिय की बांहों में ख़ुशी, आराम और उल्लास महसूस करेंगे। आज अनुभवी लोगों से जुड़कर जानने की कोशिश करें कि उनका क्या कहना है। आपका जीवनसाथी आपको ज़्यादा ख़ास वक़्त देने वाला है।

तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते

आपकी कोई पुरानी बीमारी आज आपको परेशान कर सकती है जिसकी वजह से आपको हॉस्पिटल भी जाना पड़ सकता है और आपका काफी धन भी खर्च हो सकता है। परिवार की स्थिति आज वैसी नहीं रहेगी जैसा आप सोचते हैं। आज घर में किसी बात को लेकर कलह होने की संभावना है ऐसी स्थिति में खुद पर काबू रखें। अपने क्षेत्र में आपको अपार सफलता मिलने की संभावना भी है। आप अपने जीवनसाथी के साथ कुछ बहुत रोमांचक काम कर सकते हैं।

वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू

अगर आप बहुत ज़्यादा तनाव महसूस कर रहे हैं, तो बच्चों के साथ अधिक समय बिताएँ। आर्थिक रुप से आज आप काफी मजबूत नजर आएंगे, ग्रह नक्षत्रों की चाल से आज आपके लिए धन कमाने के कई मौके बनेंगे. एक-दूसरे का नज़रिया समझकर व्यक्तिगत समस्याएँ सुलझाएँ। इसे औरों के सामने न लाएँ, नहीं तो बदनामी हो सकती है। अपने प्रिय की छोटी-मोटी भूल को अनदेखा करें। अपने वरिष्ठों को घर पर बुलाने के लिए अच्छा दिन नहीं है। अपने व्यक्तित्व और रंग-रूप को बेहतर बनाने का कोशिश संतोषजनक साबित होगी।

धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे

आपका बचाया धन आज आपके काम आ सकता लेकिन इसके साथ ही इसके जाने का आपको दुख भी होगा। आपका कोई क़रीबी आज काफ़ी अजीब मूड में होगा और उसे समझना लगभग असंभव साबित होगा। ऑफिस में आज आपको स्थिति को समझते हुए ही व्यवहार करना चाहिए। अगर आपका बोलना जरुरी नहीं है तो चुप रहें, कोई भी बात जबरदस्ती बोलकर आप खुद को परेशानी में डाल सकते हैं। थोड़ी-सी कोशिश करें तो यह दिन आपके वैवाहिक जीवन के सबसे विशेष दिनों में से एक हो सकता है।

मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि

आज माता या पिता की सेहत पर आपको आज बहुत धन खर्च करना पड़ सकता है। इससे आपकी आर्थिक स्थिति बिगड़ेगी लेकिन साथ ही रिश्तों में मजबूती आएगी। परिवार के सदस्यों के साथ कुछ आराम के पल बिताएँ। आप अनुभव करेंगे कि आपके प्रिय का आपके प्रति प्यार बाक़ई बहुत गहरा है आज आपके पास काफी खाली वक्त होगा लेकिन बावजूद इसके भी आप वो काम नहीं कर पाएंगे जो आपको करना था। आज के दिन आपका वैवाहिक जीवन एक ख़ूबसूरत बदलाव से गुज़रेगा।

कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द

आज जल्दबाज़ी में फ़ैसले न लें- ख़ासतौर पर अहम आर्थिक सौदों में मोलभाव करते वक़्त। पुरखों की जायदाद की ख़बर पूरे परिवार के लिए ख़ुशी ला सकती है। भावनात्मक उथल-पुथल आपको परेशान कर सकती है। इस राशि के कारोबारियों को आज कारोबार के सिलसिले में अनचाही यात्रा करनी पड़ सकती है। यह यात्रा आपको मानसिक तनाव दे सकती है। नौकरी पेशा लोगों को आज ऑफिस में इधर-उधर की बातें करने से बचना चाहिए। आज के दिन शुरू किया गया निर्माण का कार्य संतोषजनक रूप से पूरा होगा।

मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची

आज के दिन घर के किसी इलेक्ट्रोनिक सामान के ख़राब हो जाने की वजह से आपका धन खर्च हो सकता है। आज आपका मन ख़ुश होगा और आप अपने दोस्तों व परिवार के सदस्यों पर पैसे ख़र्च करने का आनंद लेंगे। सावधान रहें, कोई आपसे दिल्लगी या फ़्लर्ट करके अपना उल्लू सीधा कर सकता है। ऐसे लोगों से साथ जुड़ें जो स्थापित हैं और भविष्य के रुझानों को समझने में आपकी मदद कर सकते हैं। ऐसे बदलाव लाएँ जो आपके रूप-रंग में निखार ला सके और संभावित साथियों को आपकी ओर आकर्षित करे।

आज का पंचांग

दिनांक : 01 फरवरी 2026 , रविवार
विक्रम संवत : 2082
मास : माघ,शुक्ल पक्ष
तिथि : पूर्णिमा रात्रि 03:41 तक
नक्षत्र : पुष्य रात्रि 11:58 तक
योग : प्रीति प्रातः 10:18 तक
करण : विष्टि सायं 04:45 तक
चन्द्रराशि : कर्क
सूर्योदय : 06:48, सूर्यास्त 06:11 (हैदराबाद)
सूर्योदय : 06:45, सूर्यास्त 06:20 (बैंगलोर)
सूर्योदय : 06:39, सूर्यास्त 06:12 (तिरुपति)
सूर्योदय : 06:38, सूर्यास्त 06:03 (विजयवाडा)

शुभ चौघड़िया

चल : 07:30 से 09:00
लाभ : 09:00 से 10:30
अमृत : 10:30 से 12:00
शुभ : 01:30 से 03:00
राहुकाल : सायं 04:30 से 06:00
दिशाशूल : पश्चिम दिशा
उपाय : गुड खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : माघी पूर्णिमा व्रत-पुण्य , ललिता-गुरु रविदास जयंती , रवि पुष्य सिद्धियोग रात्रि 11:58 तक , भद्रा सायं 04:23 तक , माघ स्नान समाप्त , गण्डमूल रात्रि 11:59 से

* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *
पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

भीलवाड़ा में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टे के खेल का भंडाफोड़, 6 आरोपी गिरफ्तार

भीलवाड़ा, 31 जनवरी (एजेंसियां)। भीलवाड़ा शहर में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टे का बड़ा रैकेट उजागर हुआ है। भीमगंज थाना क्षेत्र के नेहरू विहार में संचालित एक संगठित सट्टा अड्डे पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने क्रिकेट मैच पर ऑनलाइन सट्टा लगाते 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मौके से 49 एंड्रॉयड मोबाइल, 3 लैपटॉप, 2 टैबलेट, सट्टे में प्रयुक्त एसेसरिज तथा करोड़ों रुपये के लेन-देन का हिसाब बरामद किया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव ने बताया कि 29 जनवरी को की गई इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने एक मकान में दबिश दी, जहां तीन कमरों में बड़े स्तर पर ऑनलाइन सट्टा संचालित किया जा रहा था। कमरों में रखी बड़ी टेबलों पर लैपटॉप व बिजली से जुड़े दर्जनों मोबाइल चल रहे थे, जिन पर आरोपी लगातार सट्टा भाव बता रहे थे और दांव लगवा रहे थे। पुलिस को देखकर आरोपी भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन घेराबंदी कर सभी को दबोच लिया गया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ऑस्ट्रेलिया-

पाकिस्तान क्रिकेट मैच पर ऑनलाइन सट्टे की खाईवाली कर रहे थे। इलेक्ट्रॉनिक संचार माध्यमों का दुरुपयोग कर आम लोगों को सट्टे के भाव बताकर दांव लगवाया जा रहा था, जिससे एक पक्ष को अवैध लाभ और दूसरे को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचाया जा रहा था। सट्टा संचालन में अन्य लोगों की सिम व मोबाइल का भी इस्तेमाल किया जा रहा था, जिससे यह एक संगठित अपराध साबित हुआ।

इस मामले में गोविंद पुत्र पुरुषोत्तम तेजवानी निवासी सुभाषनगर, चन्दन पुत्र जगदीश फतनानी शास्त्रीनगर, तरूण पुत्र नरेश कुमार करनानी शास्त्रीनगर, मूलचंद पुत्र गोविन्दराम शास्त्रीनगर, आरिफ अंसारी पुत्र मोहम्मद असलम मोमिन मोहल्ला थाना भीमगंज तथा कमलेश पुत्र धर्मराज कलवानी निवासी नाथद्वारा सराय को गिरफ्तार किया गया है।

भीमगंज पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर गहन अनुसंधान प्रारंभ किया है। पुलिस अब सट्टा नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों और ऑनलाइन लेन-देन की कड़ियों की भी जांच कर रही है।वहीं, झालावाड़ जिले के मिश्रोली ब्लॉक के आमलिया खेड़ा गांव में नशा तस्करों के अवैध कब्जे पर बुलडोजर चला दिया गया। पुलिस ने चारागाह भूमि पर बने इस अवैध निर्माण को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई एमडी ड्रग्स की बड़ी फैक्ट्री पकड़े जाने के बाद हुई थी, जहां 5 करोड़ रुपये कीमत के 2 किलो निर्मित एमडीएम और 130 किलो केमिकल ड्रग्स जब्त किए गए थे।

जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि इस अवैध कब्जे का मालिक गोपालसिंह पुत्र मांगूसिंह बताया जा रहा है। मामले में तीन अभियुक्त अभी भी फरार हैं, जिन पर 25-25 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया गया है।

भिटेडा स्वास्थ्य केंद्र को मिली आधुनिक सुविधाओं की सौगात

ट्रांसिस्टम लॉजिस्टिक्स ने भेंट किए एसी और सोलर उपकरण

बहरोड़, 31 जनवरी (एजेंसियां)। क्षेत्र के भिटेडा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में ट्रांसिस्टम लॉजिस्टिक्स प्रा. लि. कंपनी ने एक सराहनीय कदम उठाया है। कंपनी ने अपनी कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी पहल के अंतर्गत अस्पताल को एयर कंडीशनर, पावर बैकअप और सुरक्षा लाइटें भेंट की हैं। अस्पताल को मिली ये सुविधाएं

इस अवसर पर कंपनी के एरिया मैनेजर अजय कुमार यादव ने कहा कि सीनियर नर्सिंग ऑफिसर राजवीर पिछले एक वर्ष से अस्पताल के विकास हेतु प्रयासरत थे। उन्होंने कहा, अस्पताल में बीमार व्यक्ति आता है, हमारा उद्देश्य ऐसी सुविधाएं देना है कि मरीज रोता हुआ आए लेकिन स्वस्थ होकर हंसता हुआ घर जाए। उन्होंने भविष्य में भी सीएसआर फंड से अस्पताल की जरूरतों को पूरा करने का आश्वासन दिया।सीनियर नर्सिंग ऑफिसर राजवीर ने कंपनी की टीम को आश्वस्त किया कि इन कीमती उपकरणों का उचित रखरखाव किया जाएगा ताकि लंबे समय तक मरीजों को इसका लाभ मिले। पीएचसी स्टाफ और ग्रामीणों ने माला व साफा पहनाकर कंपनी के अधिकारियों- अजय कुमार, सुरेश कुमार, रोहिताश, पंकज शर्मा और आजाद कुमार का भव्य स्वागत किया। इनकी रही गरिमामयी उपस्थिति कार्यक्रम के दौरान डॉ. शिखा यादव, सुनील, ओमवीर, सुलोचना, ममता, सुमन और कंप्यूटर ऑपरेटर सुनील सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और भामाशाह उपस्थित रहे।

जयपुर बर्ड फेस्टिवल-2026 का भव्य शुभारंभ

जयपुर, 31 जनवरी (एजेंसियां)। धरती की आर्द्रभूमियों को बचाने और आसमान में परिंदों की चहचहाहट को फिर से सजीव करने के संकल्प के साथ जयपुर बर्ड फेस्टिवल-2026 का भव्य शुभारंभ शनिवार को कानोता कैंप रिजॉर्ट, जामडोली (जयपुर) में हुआ। Join the Celebration of Wings Wetlands थीम पर आधारित इस दो दिवसीय राज्य स्तरीय आयोजन ने पहले ही दिन प्रकृति प्रेम, संरक्षण चेतना और रचनात्मक अभिव्यक्ति के रंग बिखेर दिए। ग्रीन पीपल सोसायटी (जयपुर चैप्टर) द्वारा राज्य सरकार के वन विभाग एवं डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया के सहयोग से आयोजित इस फेस्टिवल का उद्घाटन संरक्षण विशेषज्ञों, शिक्षाविदों, विद्यार्थियों और प्रकृति प्रेमियों की गरिमामय उपस्थिति में हुआ। ग्रीन पीपल सोसायटी के उपाध्यक्ष एवं जयपुर बर्ड फेस्टिवल के संयोजक विक्रम सिंह (सेवानिवृत्त आईएएस) ने बताया कि यह आयोजन पिछले

12 वर्षों से राष्ट्रीय पहचान बना चुके उदयपुर बर्ड फेस्टिवल से प्रेरित है और जयपुर में यह पहल प्रकृति संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी।फेस्टिवल के पहले दिन आयोजित मुख्य सत्र में विद्यार्थियों के लिए नेचर क्विज, पेंटिंग प्रतियोगिता, बर्ड फोटोग्राफी, बटरफ्लाई एवं पेंटिंग प्रदर्शनी, फिलैटली (डाक टिकट) प्रदर्शनी, रैप्टर्स प्रदर्शनी तथा अत्याधुनिक वीआर एक्सपीरियंस आकर्षण का केंद्र रहे। इन गतिविधियों का उद्देश्य बच्चों और युवाओं में पक्षियों व आर्द्रभूमियों के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा।

फेस्टिवल के तहत आयोजित बर्ड वाचिंग सत्र में बर्ड एक्सपर्ट डॉ. सतीश शर्मा, विक्रम सिंह, राहुल भटनागर, वीरेंद्र सिंह बेड़सा, मनोज कुलश्रेष्ठ, डॉ. कमलेश शर्मा, निर्मल मेनारिया सहित अन्य विशेषज्ञों ने बच्चों को शॉवलर, स्पॉट-बिल डक, ग्रे हेरॉन, इग्रेट, कॉरमोरेंट, ग्रेब, कूट्स, पेराकिट्स, मैना सहित 25 से अधिक प्रजातियों के पक्षियों से रूबरू कराया और उनके आवास, भोजन, प्रवास व प्रजनन से जुड़ी रोचक जानकारियां दीं।डूंगरपुर के बटरफ्लाई एक्सपर्ट मुकेश पंवार ने राजस्थान की प्रमुख तितलियों पर जानकारी देते हुए पांच तितलियों की लाइव लाइफ साइकल प्रदर्शित की, जिसने बच्चों में विशेष उत्सुकता जगाई। वहीं उदयपुर की फिलैटली एक्सपर्ट पुष्पा खमेसरा द्वारा भारत सहित विभिन्न देशों के 2 हजार से अधिक पक्षी-आधारित डाक टिकटों की प्रदर्शनी लगाकर संरक्षण संदेश दिया गया। इस मौके पर क्विज व पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। राजस्थान में पाए जाने वाले प्रमुख पक्षियों पर आधारित फोटो व पेंटिंग्स की प्रदर्शनी ने विद्यार्थियों और आगंतुकों का मन मोहा। लाइव पेंटिंग में संतकुमार, शिवानी, महक भूरिया, आयुषी शर्मा ने अपनी कला प्रस्तुत की, वहीं विवेक तोमर और अनुज तोमर ने ओरिगामी व किरिगामी आर्ट के माध्यम से बिना कैंची और गोंद के कागज से आकर्षक पक्षी आकृतियां बनाकर बच्चों को रचनात्मकता से जोड़ा।

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने लालसोट में ग्राम उत्थान शिविर का किया अवलोकन

लालसोट (दौसा), 31 जनवरी (एजेंसियां)। राजस्थान के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने शनिवार को लालसोट क्षेत्र के श्यामपुरा कलां में आयोजित 'ग्राम उत्थान शिविर' का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से सीधा संवाद कर खेती में आ रहे बदलावों का फीडबैक लिया और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को चेक व स्वीकृति पत्र वितरित किए। पॉली हाउस और जरबेरा की खेती का निरीक्षण

मुख्य सचिव ने पालूदा गांव में प्रगतिशील किसान डॉ. मोहन लाल मीना के पॉली हाउस का भ्रमण किया। वहां हो रही जरबेरा फूलों की उन्नत खेती को देख उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों से क्षेत्र में हो रही खीरे, चेरी टमाटर और रंगीन मिर्च की तकनीकी खेती के बारे में भी जानकारी ली। मुख्य सचिव ने कहा कि लालसोट क्षेत्र के पॉली हाउस की सफलता की गूंज दिल्ली में केंद्रीय कृषि मंत्रालय तक है।

किसानों को संबोधित करते हुए मुख्य सचिव ने बताया कि ग्राम उत्थान शिविरों के बाद जयपुर में वृहद स्तर पर ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम)-2026 का आयोजन प्रस्तावित है। इसका उद्देश्य किसानों को खेती और पशुपालन की नवीनतम तकनीकों से रूबरू करवाकर उनकी आय दोगुनी करना है।

एसीबी ने एएसआई को 1.50 लाख लेते रंगे हाथों पकड़ा

रोहतक, 31 जनवरी (एजेंसियां)। हरियाणा राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो रोहतक की टीम ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए एएसआई जीत सिंह को 1 लाख 50 हजार रूपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी ईएसआई/एएसआई जीत सिंह, पुलिस थाना सिटी गोहाना, जिला सोनीपत में तैनात था। आरोप है कि आरोपी ने एक प्रकरण में नाम हटाने और निर्दोष परिजनों को गिरफ्तार न करने की धमकी देकर 10 लाख रुपये की अवैध मांग की थी। बाद में सौदा 3 लाख रुपये में तय हुआ। सतर्कता ब्यूरो द्वारा पूर्व नियोजित ट्रैप कार्रवाई के दौरान आरोपी को 1 लाख 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी द्वारा इससे पूर्व इसी मामले में 3 लाख 50 हजार रुपये की रिश्वत की राशि पहले ही प्राप्त की जा चुकी थी। आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।हरियाणा सतर्कता ब्यूरो रोहतक रेंज के पुलिस अधीक्षक विजय सिंह ने स्पष्ट किया है कि भ्रष्टाचार के प्रति ज़ीरो टॉलरेंस की नीति के तहत इस प्रकार की कार्रवाई भविष्य में भी सख्ती से जारी रहेगी।

सूरजकुंड मेला आत्मनिर्भर भारत और वसुधैव कुटुंबकम का जीवंत प्रतीक : राधाकृष्णन

फरीदाबाद, 31 जनवरी (एजेंसियां)। भारत के उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने शनिवार को हरियाणा के फरीदाबाद में 39वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय आत्मनिर्भर शिल्प मेले का भव्य उद्घाटन किया। यह मेला 31 जनवरी से 15 फरवरी तक चलेगा और इसमें भारत और 50 से अधिक देशों के शिल्पकार, कारीगर और कलाकार भाग ले रहे हैं। मेले की थीम 'लोकल टू ग्लोबल - आत्मनिर्भर भारत' है, जो स्थानीय शिल्प को वैश्विक मंच प्रदान करने पर केंद्रित है। उद्घाटन समारोह में उपराष्ट्रपति ने कहा कि पिछले चार दशकों में सूरजकुंड मेला भारत की सांस्कृतिक आत्मा, कलात्मक उत्कृष्टता और सभ्यतागत निरंतरता का जीवंत प्रतीक बन गया है। उन्होंने इसे 'वसुधैव कुटुंबकम' के शाश्वत दर्शन का

प्रतिबिंब बताया, जहां विश्व एक परिवार है। 30 से अधिक देशों की भागीदारी से यह मेला सांस्कृतिक सद्भाव और वैश्विक एकता को मजबूत करता है। उपराष्ट्रपति ने शिल्पकारों को भारत की सभ्यतागत विरासत के संरक्षक करार दिया। उन्होंने कहा कि सदियों पुराने ज्ञान और परंपराओं को जीवित रखने वाले ये कारीगर आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना जैसी सरकारी पहलों का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि ये योजनाएं कौशल विकास, बाजार पहुंच और आर्थिक सहायता प्रदान कर हस्तशिल्प क्षेत्र को सशक्त बना रही हैं। इस वर्ष उत्तर प्रदेश और मेघालय को थीम राज्य बनाया गया है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि उत्तर प्रदेश की वस्त्र, धातु शिल्प और कढ़ाई की समृद्ध विरासत और मेघालय के स्वदेशी शिल्प, जो प्रकृति के साथ सामंजस्य और सामुदायिक परंपराओं पर आधारित हैं, 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को मूर्त रूप देते हैं। दोनों राज्य भारत की विविधता में एकता का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत करते हैं।

फरीदाबाद में सूरजकुंड मेले का उद्घाटन, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन शामिल हुए

फरीदाबाद, 31 जनवरी (एजेंसियां)। गोहाना की जलेबी की मिठास के साथ सूरजकुंड में 39वां सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय आत्मनिर्भर शिल्प महोत्सव शुरू हो गया है। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने रविवार को 'लोकल से ग्लोबल- आत्मनिर्भर भारत' थीम पर आधारित इस मेले का उद्घाटन किया। इस मौके पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी और राज्य के विरासत एवं पर्यटन मंत्री अरविंद कुमार शर्मा भी मौजूद थे। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन के फरीदाबाद के सूरजकुंड पहुंचने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने दीप प्रज्वलित करते हुए महोत्सव की शुरुआत की। इस

अवसर पर उपराष्ट्रपति ने सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला पर आधारित एक ऐप को भी लॉन्च किया। बाद में उपराष्ट्रपति समेत मंच पर उपस्थित अतिथियों को गोहाना की जलेबी खिलाई गई। सूरजकुंड मेले के उद्घाटन के बाद राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रसिद्ध लोक कलाकारों और सांस्कृतिक समूहों ने प्रस्तुति दी। यह मेला 15 फरवरी तक चलेगा। यह आयोजन हरियाणा पर्यटन निगम और केंद्रीय पर्यटन, वस्त्र, संस्कृति और विदेश मंत्रालयों की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है।

सीएम नायब सिंह सैनी ने उद्घाटन समारोह में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी कला और शिल्प के उस महाकुंभ में साक्षी बनने जा रहे हैं, जिनकी न सिर्फ भारत, बल्कि पूरे विश्व में एक विशेष पहचान है। मैं इस मेले के भव्य उद्घाटन समारोह में अभिनंदन करता हूं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सूरजकुंड मेला हमारी प्राचीनता और आधुनिकता का संगम है। यहां हम उस परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं, जो पिछले 38 वर्षों में कला और संस्कृति को जीवंत रखे हुए है। 39वें कार्यक्रम की थीम 'लोकल टू ग्लोबल' देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस सपने का प्रतिबिंब है, जिसमें भारत के हर कोने में बैठे हुए हुनरमंद हाथ को वैश्विक बाजार से जोड़ना चाहते हैं।उन्होंने यह भी कहा कि आत्मनिर्भर का अर्थ सिर्फ आर्थिक स्वतंत्रता नहीं है, इसमें अपनी संस्कृति पर गर्व करना, अपनी विरासत को सहेजना और उसे दुनिया के सामने पेश करना भी शामिल है। सूरजकुंड मेला इसी आत्मनिर्भरता का जीता-जागता प्रमाण है।

मिड मैनैर नहर से पानी की मांग को लेकर किसानों का धरना

मंचेरियाल, 31 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)। सैदापुर मंडल के दुद्देनापल्ली गांव में शनिवार को किसानों ने मिड मैनैर (मध्य मनैर) नहर से खड़ी फसलों को तत्काल सिंचाई जल उपलब्ध कराने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के तत्वावधान में आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में किसानों ने नहर में जमा गाद और कचरे को हटाने तथा जल प्रवाह सुनिश्चित करने की सरकार से मांग की और जोरदार नारे लगाए।

किसानों ने बताया कि दुद्देनापल्ली से गुज्जुलापल्ली तक पानी सामान्यतः मिड मैनैर की दाहिनी नहर के माध्यम से पहुंचता है, जिससे एकलासपुर, वेंकेपल्ली, सैदापुर और आसपास के क्षेत्रों की फसलों को लाभ मिलता है। यासांगी (रबी) मौसम में किसान सिंचाई के लिए काफी हद तक नहर पर निर्भर रहते हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि मिड मैनैर प्राधिकरण द्वारा नहर में पानी छोड़ा तो गया था, लेकिन नहर के किनारों पर जमा गाद और कचरे के कारण पानी उनके गांवों तक नहीं पहुंच सका। हर साल दिसंबर में नहर की सफाई और मरम्मत का काम किया जाता है, ताकि जल आपूर्ति सुचारू रहे, लेकिन इस बार जनवरी महीना समाप्त होने के बावजूद कोई सफाई या गाद हटाने का कार्य शुरू नहीं हुआ। अधिकांश किसानों ने फसलें बो दी हैं, जबकि कुछ अभी भी पानी का इंतजार कर रहे हैं। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर पानी की आपूर्ति नहीं हुई, तो 30 से 40 एकड़ में फैली खड़ी फसलें सूख जाएंगी। उन्होंने कहा कि सरकार यदि अगले एक सप्ताह में नहर साफ करने और पानी छोड़ने में विफल रही, तो वे अपना आंदोलन और तेज कर देंगे तथा बड़े स्तर पर विरोध करेंगे।धरने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आंदोलनकारियों को समझा-बुझाकर विरोध प्रदर्शन समाप्त करवाया। धरने में बीआरएस मंडल अध्यक्ष सोमरपुर राजैया, पूर्व सरपंच थातिपल्ली युगेंद्र रेड्डी सहित अन्य स्थानीय नेता और किसान शामिल हुए।

यह घटना मिड मैनैर परियोजना से जुड़े सिंचाई मुद्दों को फिर से उजागर करती है, जहां समय पर नहर सफाई न होने से किसानों को बार-बार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

एसपी नितिका पंत ने सेवानिवृत्त एएसआई अशोक को किया सम्मानित

कुमरामभीम-आसिफाबाद, 31 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)। जिला पुलिस अधीक्षक नितिका पंत ने एएसआई अशोक की सेवानिवृत्ति के अवसर पर शनिवार को एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया।

कार्यक्रम में एसपी ने अशोक को शॉल ओढ़ाकर, स्मृति चिन्ह और उपहार देकर सम्मानित किया। पुलिस विभाग में अनुशासन, ईमानदारी व समर्पण से कार्य कर विभाग का नाम रौशन करने पर एसपी ने उनकी सेवाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि तीन दशक से अधिक समय तक सेवा देते हुए अशोक ने न्याय दिलाने, कर्तव्य पालन और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सराहनीय भूमिका निभाई। वे सहयोगियों के लिए प्रेरणा स्रोत बने।समारोह में पुलिस अधिकारी, कर्मचारी व अन्य लोगों ने भाग लिया तथा अशोक को बधाई दी।

वादों के मुताबिक मंचेरियाल का हो रहा सर्वांगीण विकास : प्रेम सागर राव

मंचेरियाल, 31 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)। विधायक कोक्किराला प्रेम सागर राव ने कहा कि निर्वाचन पूर्व किए वादों के अनुसार मंचेरियल विधानसभा क्षेत्र का हर क्षेत्र में विकास किया जा रहा है। शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित अपने निवास पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने यह बात कही।

उन्होंने बताया कि महाप्रस्थानम का निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल व तटबंध कार्य चल रहे हैं। खेतों के लिए गुडेम, द्वारका, गुडीरेवु व मोचेल में चार नई सूचियां बनाई गईं। सिंगारेनी घरों को स्थायी पट्टे, सेवानिवृत्त कर्मचारियों को राशन कार्ड व पेंशन प्रदान की गई। बज्जिती पेटा का प्रभात्व स्कूल व सरकारी जूनियर कॉलेज राज्य में प्रथम हैं। छात्रावास व नए बालिका विद्यालय स्थापित हो रहे हैं।

शिक्षा-चिकित्सा को प्राथमिकता देते हुए सरकारी स्कूलों में छात्र संख्या बढ़ी है। लक्षितिपेट जूनियर कॉलेज में सबसे अधिक प्रवेश हुए। स्वच्छ जल समस्या हल हो चुकी है। गुडीपेट में मछली तालाब, आईटी हब व औद्योगिक पार्क से रोजगार मिलेंगे। आने दिनों मंचेरियल कस्बे के दो टाउन क्षेत्रों का विकास होगा।

कांग्रेस गरीब कल्याण पर केंद्रित है।

किनवट लॉयर्स एसोसिएशन ने मुख्य न्यायाधीश वेदपाठक को दी भावभीनी विदाई

किनवट, 31 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)। मुख्य जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुनील वेदपाठक की सेवानिवृत्ति (31 जनवरी) पर किनवट लॉयर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्यों ने नांदेड़ जाकर उन्हें हार्दिक विदाई दी।समारोह में न्यायपालिका मुद्दों पर चर्चा हुई, विशेषकर किनवट अतिरिक्त जिला व सत्र न्यायालय के शीघ्र खुलने पर सकारात्मक बातचीत। वकीलों ने कहा कि वेदपाठक ने किनवट न्यायालय स्थापना में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने पारदर्शिता, अनुशासन व जनविश्वास बनाए रखा, जिससे न्याय प्रक्रिया प्रभावी बनी।कार्यक्रम में एसोसिएशन अध्यक्ष एडव. किशोर मुनेश्वर, एडव. डी.जी. काले, राहुल सोनकांबले, सूर्यवंशी, पंडित घुले, सम्राट सर्पे, टी.आर. चव्हाण, पंकज गावंडे, पुरुषोत्तमवार, सुरेश मुसाले, सुनील शिरपुरे, सुनील येरेकर, विजय कदम, अर्पित चव्हाण, उमेश घुले व अन्य वरिष्ठ-युवा वकील उपस्थित रहे।

किनवट के युवा अनिरुद्ध ने बीएसएफ जॉइन कर शहर को किया गौरवान्वित

किनवट, 31 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)। स्थानीय पारंपरिक पौराहित्य करने वाले ऋषिकेश जोशी दंपति के इकलौते बेटे अनिरुद्ध ऋषिकेश जोशी ने सीमा सुरक्षा बल का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर देशसेवा में प्रवेश किया। उनकी नियुक्ति मेघालय में हुई है। इस उपलब्धि से पूरे शहर में गर्व का माहौल है।अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ के पदाधिकारियों ने अनिरुद्ध का सत्कार कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। शहर के मान्यवर, रिश्तेदार व मित्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।जोशी परिवार धार्मिक-सामाजिक कार्यों से जुड़ा है। पिता ऋषिकेश विठ्ठल-रुक्मिणी मंदिर, हेमाडपंथी बालाजी मंदिर आदि में पूजा-अर्चना व विवाह-वास्तु कार्य करते हैं। मध्यमवर्गीय परिवार से कड़ी मेहनत से अनिरुद्ध ने माता-पिता का नाम रौशन किया। मान्यवरों ने परिवार का सम्मान कर शुभकामनाएं दीं।

यादाद्री मंदिर में कर्मचारियों व अधिकारियों द्वारा कथित भ्रष्टाचार की जांच करने की मांग

यादाद्री, 31 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)। सीपीएम ने यादाद्री लक्ष्मीनरसिंह स्वामी मंदिर में कर्मचारियों व अधिकारियों द्वारा कथित भ्रष्टाचार की पूर्ण जांच के आदेश देने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री को खुला पत्र लिखा है।

पत्र में कहा गया कि हाल की खबरों से मंदिर में कैश दान, सोना-चांदी व सामान चोरी के मामले सामने आए हैं। ऑडिट में नरसिंह स्वामी लॉकेट (डॉलर) बिक्री में 10 लाख की गड़बड़ी पाई गई। एईओ की निगरानी में लापरवाही बरती गई। पहले इमली घी चोरी के मामले में गिरफ्तारियां हुईं, लेकिन चोर अभी फरार हैं।सीपीएम का आरोप है कि अधिकारी-कर्मचारी भक्तों के भरोसे को ठग रहे हैं। केवल सस्पेंशन जैसे ऊपरी कदम उठाए जा रहे हैं। हजारों भक्त प्रतिदिन आने वाले इस पवित्र मंदिर में भ्रष्टाचार चिंताजनक है। सरकार को पूरी जांच कर भक्तों का विश्वास बहाल करना चाहिए।

पत्र जारी करने वालों में जिला सचिव कल्लूरी मल्लेशम, समिति सदस्य गद्दाम वेंकटेश, स्थानीय नेता ईश्वर रेड्डी, शरीफ, सीसा श्रीनु, मल्लैया, जॉनी, श्रीशैलम, नागेश, अनिल आदि शामिल हैं।

कोरुटला और कथलापुर मंडल में मैथ्स-फिजिक्स शिक्षकों की मंडल स्तर की ट्रेनिंग पूरी

जगतियाल, 31 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)। जगतियाल जिले के कोरुटला और कथलापुर मंडलों के हाई स्कूलों में कार्यरत गणित (मैथ्स) और भौतिक विज्ञान (फिजिक्स) के शिक्षकों के लिए एक महत्व-पूर्ण मंडल स्तर की ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित की गई। यह कार्यक्रम कोरुटला शहर के जिला परिषद बालिका उच्च विद्यालय (गर्ल्स हाई स्कूल) और बालक उच्च विद्यालय (बॉयज हाई स्कूल) में संपन्न हुआ।

प्रोग्राम में मुख्य वक्ता के रूप में कॉम्प्लेक्स प्रिंसिपल चौ. कृष्ण मोहन राव और जोसना ने संबोधित किया। उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि वे आधुनिक शिक्षा की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित बिंदुओं पर विशेष ध्यान दें:-

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग से शिक्षण को प्रभावी बनाने के लिए शिक्षकों को स्वयं न्यूनतम क्षमता (मिनिमम कॉम्पिटेंसी) हासिल करनी चाहिए।

कक्षा 10 के छात्रों के लिए 100% परिणाम हासिल करने हेतु ठोस योजना तैयार की जाए और लिखित रूप में प्लान बनाया जाए।

सरकारी स्कूलों के छात्रों को कंप्यूटर साक्षरता (कंप्यूटर लिटरेसी) की बुनियादी समझ प्रदान करने के लिए शिक्षकों को विशेष ट्रेनिंग दी जाए।

प्रत्येक छात्र के लिए व्यक्तिगत स्तर पर विशेष पहल (खास पहल) की जाए ताकि कमजोर छात्र भी आगे बढ़ सकें।

ट्रेनिंग सत्र में रिसोर्स पर्सन के रूप में लक्ष्मीकांतम, संतोष और के. राज कुमार ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। साथ ही क्लस्टर रिसोर्स पर्सन्स पी. गंगाधर, ज्योति और सत्यनारायण ने भी सक्रिय भागीदारी की और विभिन्न विषयों पर शिक्षकों के साथ चर्चा की।

यह कार्यक्रम शिक्षकों की क्षमता निर्माण और सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। शिक्षकों ने इस ट्रेनिंग से प्राप्त ज्ञान को कक्षाओं में लागू करने का संकल्प लिया।

ऐसे मंडल स्तर के नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जिले के सरकारी स्कूलों में विज्ञान और गणित विषयों की शिक्षा में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।

मंचेरियाल में सम्मक्का-सरलम्मा जात्रा सम्पन्न, अब शुरू हुई गंगापूरी जात्रा

मंचेरियाल, 31 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो) । तेलंगाना के मंचेरियाल जिले में हाल ही में संपन्न हुई सम्मक्का-सरलम्मा जात्रा के बाद अब गंगापूरी जात्रा का आगाज हो गया है। यह जात्रा रेबेना मंडल के गंगापुर गांव में स्थित श्री बालाजी वेंकटेश्वर स्वामी देवस्थानम में दो दिवसीय वार्षिक उत्सव के रूप में मनाई जा रही है। सम्मक्का-सरलम्मा जात्रा, जो हर दो वर्ष में एक बार आयोजित होती है, बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इसमें भक्तों ने गोदावरी नदी के किनारे देवियों को गुड़ और नारियल चढ़ाकर मनौतियां मांगीं तथा पूर्ण कीं। जात्रा के दौरान विभिन्न स्टॉल, दुकानें और बच्चों के खिलौनों की दुकानें सजीं, जिससे आसपास के गांवों से उमड़ी भीड़ ने जमकर आनंद लिया। मंचेरियाल पुलिस ने पूर्ण सहयोग से जात्रा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया।

अब गंगापूरी जात्रा (31 जनवरी से 1 फरवरी तक) की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अधिकारियों ने बताया कि पीने के पानी, 25 अस्थायी शौचालयों, प्रकाश व्यवस्था और परिसर की सफाई के लिए 200 कर्मचारियों को तैनात किया गया है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, जिसमें 100 पुलिसकर्मी, बैरिकेडिंग, पार्किंग स्थल, कतार प्रबंधन और सीसीटीवी कैमरे शामिल हैं ताकि भगदड़ या किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

मुख्य आकर्षण शनिवार को भगवान बालाजी और पद्मावती का दिव्य विवाह होगा, जिसमें जनप्रतिनिधि और अधिकारी शामिल होंगे। रविवार शाम को रथोत्सव निकाला जाएगा, जिसमें उत्सव मूर्तियों को रथ में सजाकर श्रद्धालु खींचेंगे। जिले के विभिन्न हिस्सों और पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र से लगभग एक लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। वे दर्शन से पहले एक झरने में पवित्र स्नान करेंगे और विशेष प्रार्थना करेंगे।

टीजीआरटीसी ने आसिफाबाद, गंगापुर और मंचेरियाल से गंगापुर गांव के लिए विशेष बसें चलाने की व्यवस्था की है। अधिकारियों ने जनता से इनका उपयोग करने की अपील की है।यह मंदिर, जिसका निर्माण 16वीं शताब्दी में माना जाता है, एक सुरम्य धारा के किनारे छोटी पहाड़ी पर स्थित है और क्षेत्र का प्रमुख तीर्थस्थल है।

ईनाडू प्रतिभा पटवा कॉम्पिटिशन में कोरुटला के नवज्योति हाई स्कूल ने मारी बाजी

कोरुटला, 31 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)। कोरुटला के नवज्योति हाई स्कूल के छात्रों ने ईनाडू प्रतिभा पटवा कॉम्पिटिशन के रीजनल स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम रौशन किया है। विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पुरस्कार जीते, जिससे स्कूल और पूरे क्षेत्र में हर्ष की लहर दौड़ गई है।प्रतियोगिता के परिणामों के अनुसार: एस. संजना ने ड्राइंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया।

एन. ऋत्विका ने स्पीच (वक्तृत्व) प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल को गौरवान्वित किया। एस. सिध्विनी ने निबंध लेखन प्रतियोगिता में तृतीय स्थान हासिल किया और पुरस्कार जीता।विजेताओं को पुरस्कार कोरुटला के एमपीडीओ (मंडल परिषद विकास अधिकारी) वी. रामकृष्ण ने प्रदान किए। इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल सुजाता सुकुमारन ने छात्रों को उनकी प्रतिभा और मेहनत के लिए बधाई दी तथा भविष्य में और बड़ी सफलताओं की शुभकामनाएं व्यक्त कीं।

स्कूल के शिक्षकों ने भी विजेताओं की सराहना की और कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की लगन, मार्गदर्शन और स्कूल के अनुशासित वातावरण का परिणाम है। इन सफलताओं से नवज्योति हाई स्कूल के छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ा है और स्थानीय स्तर पर शिक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल बना है।

ईनाडू प्रतिभा पटवा जैसी प्रतियोगिताएं छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा को निखारने और उन्हें मंच प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। स्कूल प्रबंधन ने बताया कि भविष्य में भी ऐसे प्रतियोगिताओं में सक्रिय भागीदारी जारी रहेगी।

बेल्लमपल्ली नगर निगम चुनाव: 252 उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी, 361 नामांकन स्वीकार

बेल्लमपल्ली, 31 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो) । बेल्लमपल्ली नगर निगम चुनाव की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। नगर निगम चुनाव के तहत कुल 252 उम्मीदवारों ने विभिन्न वार्डों के लिए 361 नामांकन पत्र (नॉमिनेशन) दाखिल किए थे। रिटर्निंग अधिकारियों ने शनिवार को इन सभी नामांकनों की जांच पूरी कर ली और अंतिम रूप से स्वीकृत उम्मीदवारों की सूची फॉर्म-खत में तैयार की गई है।

यह सूची नगर निगम कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गई है, जिससे सभी उम्मीदवारों और मतदाताओं को स्पष्ट जानकारी उपलब्ध हो सके। जांच प्रक्रिया में अयोग्य पाए गए नामांकनों को अस्वीकार कर दिया गया है, जबकि वैध उम्मीदवारों की अंतिम सूची अब सार्वजनिक है।

तेलंगाना राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी चुनाव कार्यक्रम के अनुसार, नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब नाम वापसी की तिथि निकट है, जिसके बाद अंतिम उम्मीदवारों की संख्या तय होगी। बेल्लमपल्ली नगर निगम में वार्डों की संख्या और आरक्षण के आधार पर यह चुनाव महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जहां विभिन्न राजनीतिक दलों के उम्मीदवार मैदान में हैं।स्थानीय स्तर पर मतदाताओं और राजनीतिक दलों में चुनाव को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। अधिकारियों ने सभी पक्षों से शांतिपूर्ण और नियमों के अनुसार चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की है।

बालाजी वेंकटेश्वर स्वामी जातरा में भक्तों के लिए बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करें : कलेक्टर हरिता

आसिफाबाद, 31 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)। जिला कलेक्टर के.हरिता ने बालाजी वेंकटेश्वर स्वामी जातरा महोत्सव में भक्तों को किसी परेशानी से मुक्त रखने के निर्देश दिए। शनिवार को रेबेना मंडल के गंगापुर गांव में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने यह बात कही।परिवार के सदस्य एसपी नितिका पंत, सिंगरेनी संस्था गो-लेटी के महाप्रबंधक विजया भास्कर रेड्डी दंपति व राजस्व मंडल अधिकारी लोकेश्वर राव के साथ कलेक्टर दंपति ने स्वामी को रेशम वस्त्र भेंट किए, विवाह उत्सव में भाग लिया, पूजा की तथा प्रसाद ग्रहण किया।

कलेक्टर ने कहा कि मेले में श्रद्धालुओं को पीने का पानी, पार्किंग, स्वच्छता व यातायात व्यवस्था उपलब्ध हो। हस्ती दर्शन की कतारों में असुविधा न हो।

बेल्लमपल्ली सब-कलेक्टर मनोज कुमार अनसुलझे जमीन मामलों के समाधान के लिए बैलगाड़ी पर निकले

बेल्लमपल्ली, 31 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)। बेल्लमपल्ली के सब-कलेक्टर मनोज कुमार ने निर्वाचित क्षेत्र में वर्षों से लंबित पड़े जमीन विवादों और मामलों को हल करने के लिए अनोखा कदम उठाया है। शनिवार को वे बैलगाड़ी में सवार होकर ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचे और स्थानीय स्तर पर जमीन संबंधी समस्याओं की जांच की।

इस दौरान उनके साथ कन्नेपल्ली के एमआरओ रामचंदर राव एवं उनका स्टाफ, मार्केट कमेटी के पूर्व वाइस चेयरमैन माधवरापु नरसिंहराव, कांग्रेस पार्टी के नेता तथा कार्यकर्ता मौजूद रहे। सब-कलेक्टर ने बैलगाड़ी का उपयोग कर ग्रामीणों के बीच पहुंचकर जमीन के पुराने मामलों को सुनने और उनका निपटारा करने का प्रयास किया, जिससे स्थानीय लोगों में काफी उत्साह देखा गया। यह पहल जमीन विवादों को जमीनी स्तर पर सुलझाने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है, जहां पारंपरिक तरीकों से लंबित मामलों के कारण किसानों और ग्रामीणों को परेशानी हो रही थी। सब-कलेक्टर मनोज कुमार का यह ग्राम-स्तरीय दौरे का तरीका प्रशासन की पहुंच को बढ़ाने और समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का प्रयास है।

अधिकारियों ने बताया कि ऐसे दौरे जारी रहेंगे, ताकि अधिक से अधिक लंबित जमीन मामलों का निस्तारण किया जा सके और ग्रामीण क्षेत्रों में न्याय की भावना मजबूत हो।

लक्ष्मी नारायण हनुमान मंदिर में 75वां वार्षिक ब्रह्मोत्सव आज से

बेल्लमपल्ली, 31 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)। स्थानीय लक्ष्मी नारायण हनुमान मंदिर के निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने पर मारू परिवार की ओर से 1 से 3 फरवरी तक वार्षिक ब्रह्मोत्सव आयोजित किया जा रहा है।

प्रथम दिवस (1 फरवरी, रविवार) नागपुर की प्रसिद्ध भजन गायिका निधि मंत्री के भजनों से भजन संध्या होगी। द्वितीय दिवस (2 फरवरी, सोमवार) पूजा-आरती का आयोजन रहेगा। तृतीय दिवस (3 फरवरी, मंगलवार) सुबह 8 बजे पूजा शुरू होगी, 10 बजे अभिषेक के बाद हवन होगा। दोपहर 12:31 बजे पूर्णाहुति व आरती संपन्न होगी।

कार्यक्रम में उपस्थित भक्तों व नगर के राजस्थानी समाज परिवारों के लिए महाप्रसाद का प्रबंध किया गया है।

सऊदी प्रो लीग 2025-26 : रोनाल्डो, कोमन और सिमाकन के गोल से अल नासर ने अल खोलूद को 3-0 से हराया

बुरैदाह, 31 जनवरी (एजेंसियां)। किंग अब्दुल्ला स्पोर्ट सिटी स्टेडियम में शुक्रवार देर रात खेले गए मुकाबले में अल नासर ने दमदार प्रदर्शन करते हुए अल खोलूद को 3-0 से शिकस्त दी। इस जीत में क्रिस्टियानो रोनाल्डो, किंग्सले कोमन और मोहम्मद सिमाकन ने गोल दागे।

इस जीत के साथ अल नासर 18 मैचों में 43 अंकों के साथ अंकतालिका में दूसरे स्थान पर कायम है और शीर्ष पर मौजूद अल हिलाल से तीन अंक पीछे है।

मैच की शुरुआत से ही अल नासर ने आक्रामक रुख अपनाया। शुरुआती 15 मिनट में अल खोलूद की रक्षा पंक्ति को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। पांचवें मिनट में अल नासर गोल के बेहद करीब पहुंच गया था, जब गोलकीपर जुआन पाब्लो कोज़ानी की गलत क्लीयरेंस के बाद रोनाल्डो ने खाली नेट पर शाट मारा, लेकिन गेंद को गोललाइन से बाहर निकाल दिया गया।

हालांकि मेजबान अल खोलूद पूरी तरह दबाव में नहीं दिखा और धीरे-धीरे उसने भी हमले तेज किए। पहले हाफ में उसे फ्री-किक से सुनहरा मौका मिला, लेकिन अब्दुलअज़ीज़ अल-अलीवा का शाट सीधे अल नासर के गोलकीपर बेंटो के हाथों में चला गया।

पहले हाफ के बाद स्कोर 0-0 रहा और अल खोलूद को उम्मीद जगी कि वह मुकाबले में बना रह सकता है। लेकिन दूसरे हाफ की शुरुआत में ही अल नासर ने मैच का रुख बदल दिया। 48वें मिनट में जोआओ फेलिक्स और रोनाल्डो की शानदार तालमेल के बाद रोनाल्डो ने नजदीक से गेंद को जाल में डालकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके महज पांच मिनट बाद फेलिक्स ने कार्नर पर सटीक गेंद डाली, जिस पर सिमाकन ने शक्तिशाली हेडर से दूसरा गोल कर दिया। दो त्वरित गोलों के बाद अल खोलूद की टीम थकी हुई नजर आई। हालात तब और बिगड़ गए जब टीम के कप्तान हत्तान बाहेबरी को सिमाकन पर कथित कोहनी मारने के लिए सीधे लाल कार्ड दिखा दिया गया, हालांकि रीप्ले में यह फैसला कुछ सख्त नजर आया। जब मुकाबला 2-0 पर समाप्त होता दिख रहा था, तब अल नासर को अंतिम क्षणों में पेनल्टी मिली। सोलन ने बाक्स के अंदर कोमन को फाउल किया। रोनाल्डो के मैदान से बाहर होने के बाद, कोमन ने खुद पेनल्टी ली और गोलकीपर को छकाते हुए टीम के लिए तीसरा गोल दागा।

न्यूज ब्रीफ

आस्ट्रेलियन ओपन 2026: मर्टेंस और झांग ने महिला युगल खिताब जीता

मेलबर्न। बेल्जियम की एलिस मर्टेंस ने महिला युगल में विश्व नंबर-1 रैंकिंग पर वापसी को यादगार बनाते हुए

चीन की झांग शुआई के साथ शनिवार को आस्ट्रेलियन ओपन 2026 का खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल में मर्टेंस-झांग की जोड़ी ने कज़ाखस्तान की अन्ना डानिलिना और सर्बिया की अलेक्ज़ांद्रा क्रूनिच को 7-6 (4), 6-4 से हराया। फाइनल के पहले सेट में मर्टेंस और झांग की जोड़ी 0-3 और फिर 1-4 से पीछे चल रही थी, लेकिन शानदार वापसी करते हुए टाईब्रेक में सेट अपने नाम किया। दूसरे सेट में इस जोड़ी ने एक समय 5-0 की बढ़त बना ली थी। हालांकि डानिलिना और क्रूनिच ने लगातार चार गेम जीतकर मुकाबले में रोमांच लौटाया, लेकिन मर्टेंस और झांग ने संयम बनाए रखते हुए मैच खत्म कर दिया। वर्तमान में युगल रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज मर्टेंस, जिन्होंने पिछले साल वेरोनिका कुडर्मेटोवा के साथ विंबलडन युगल खिताब जीता था, आस्ट्रेलियन ओपन के बाद फिर से विश्व नंबर-1 बन जाएंगी। यह बेल्जियम खिलाड़ी के करियर का कुल 40वां सप्ताह होगा, जब वह महिला युगल में शीर्ष स्थान पर रहेंगी। यह उपलब्धि फाइनल के नतीजे से पहले ही तय हो चुकी थी। मर्टेंस और झांग इससे पहले 2022 में विंबलडन युगल फाइनल खेल चुकी हैं, जबकि डानिलिना और क्रूनिच पिछले साल फ्रेंच ओपन की उपविजेता रही थीं। शनिवार की यह जीत मर्टेंस के करियर का छठा ग्रैंड स्लैम युगल खिताब है। इससे पहले वह 2021 और 2024 में भी मेलबर्न पार्क में चैंपियन रह चुकी हैं। इससे पहले शुक्रवार को खेले गए मिश्रित युगल फाइनल में आस्ट्रेलिया की ओलिविया गाडेकी और जान पीयर्स की जोड़ी ने फ्रांस की क्रिस्टिना म्लादेनोविच और मैनुअल गुइनार्ड को 4-6, 6-3, 10-8 से हराकर खिताब जीता। इसके साथ ही वे 1989 के बाद लगातार दो बार आस्ट्रेलियन ओपन मिश्रित युगल खिताब जीतने वाली पहली जोड़ी बन गई।

लीग 1 2025-26: लेन्स ने ले हावरे को 1-0 से हराया, पीएसजी को पछाड़कर फिर शीर्ष पर पहुंचा



पेरिस। फ्रेंच लीग 1 में लेन्स ने एक बार फिर शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। शुक्रवार को खेले गए मुकाबले में लेन्स ने संघर्षरत ले हावरे को 1-0 से हराकर अंकतालिका में पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) को पीछे छोड़ दिया। बारिश भरी रात में उत्तरी फ्रांस में खेले गए इस मुकाबले का एकमात्र गोल पहले हाफ के अतिरिक्त समय में रुबेन अगुइलार ने किया। मैथ्यू उडोल के सटीक क्रास पर दाहिने बैक अगुइलार ने फार पोस्ट पर पहुंचकर गेंद को जाल में पहुंचाया। अगुइलार को 2020 में फ्रांस की राष्ट्रीय टीम के लिए एक मैच खेलने का मौका मिल चुका है। यह जीत लेन्स के लिए जीत की राह पर वापसी भी रही। टीम ने लीग और कप मुकाबलों में लगातार 10 जीत दर्ज की थीं, लेकिन पिछले सप्ताह मार्सेई के खिलाफ 1-3 की हार का सामना करना पड़ा था। उस हार के चलते लेन्स दो अंक पीछे रहते हुए तालिका में दूसरे स्थान पर आ गया था। ले हावरे के खिलाफ इस जीत के साथ लेन्स ने 20 मैचों के बाद एक अंक की बढ़त के साथ फिर से शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। हालांकि, पीएसजी के पास रविवार को स्ट्रासबर्ग के खिलाफ होने वाले मुकाबले में हार से बचते हुए फिर से पहले स्थान पर लौटने का मौका रहेगा।

टी20 वर्ल्ड कप से पहले वाशिंगटन सुंदर की फिटनेस पर सस्पेंस, टीम इंडिया वेट एंड वाच मोड में

नई दिल्ली। विशाखापट्टनम में मिली हार के बाद एक बार फिर भारतीय क्रिकेट फैंस की नजर उस आलराउंडर

पर टिक गई है, जो पिछले कुछ महीनों से टीम इंडिया के लिए संकटमोचक साबित होता रहा है। वाशिंगटन सुंदर की फिटनेस इस वक्त न सिर्फ फैंस बल्कि टीम मैनेजमेंट के लिए भी सबसे बड़ी चिंता बन चुकी है। 7 फरवरी से शुरू हो रहे टी20 वर्ल्ड कप 2026 से ठीक पहले उनकी चोट ने भारतीय टीम की तैयारियों और रणनीति पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बीसीसीआई से जुड़े एक सूत्र ने साफ किया है कि वाशिंगटन सुंदर की चोट को जल्दबाजी में ठीक कराने की कोई कोशिश नहीं की जा रही है। बोर्ड चाहता है कि उनकी रिकवरी पूरी तरह प्राकृतिक तरीके से हो। जब तक सुंदर पूरी तरह फिट नहीं हो जाते, तब तक उन्हें रिटर्न-टू-प्ले प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि टीम मैनेजमेंट जरूरत पड़ने पर आखिरी वक्त तक इंतजार करने को भी तैयार है। अगर सुंदर वर्ल्ड कप के बाद होने वाले मुकाबलों तक फिट हो सकते हैं, तो टीम उनके लिए धैर्य दिखा सकती है।

भारत ने न्यूजीलैंड को टी20 सीरीज के 5वें और आखिरी मुकाबले में दी करारी हार

तिरुवनंतपुरम, 31 जनवरी (एजेंसियां)। भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज का आखिरी मुकाबला जीत लिया है। ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम पर रनों की बरसात देखने को मिली। भारत ने पहले खेलते हुए 5 विकेट पर 271 रन ठोक दिए। इसके जवाब में न्यूजीलैंड ने भी विस्फोटक बैटिंग की। हालांकि इसके बाद भी टीम की पारी 225 रनों पर सिमट गई। भारत ने मैच को 46 रनों से अपने नाम किया। टीम इंडिया ने सीरीज को 4-1 से जीता। दोनों टीमों ने इस मुकाबले में मिलकर कुल 496 रन बनाए। यह एक टी20 इंटरनेशनल मैच का दूसरा सबसे ज्यादा रन है। साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज के मैच में 2023 में सेंचुरियन में 517 रन बने थे।

भारत के लिए ईशान किशन का शतक

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला लिया। संजू सैमसन एक बार फिर सस्ते में आउट हो गए। वह सिर्फ 6 रन बना सके। अभिषेक शर्मा ने 30 रनों की तेज पारी खेली। 16 गेंदों की पारी में उन्होंने 4 चौके और 2 छक्के मारे। इसके बाद ईशान किशन ने कप्तान सूर्यकुमार यादव के साथ तीसरे विकेट के लिए 57 गेंदों में 137 रन की साझेदारी करते हुए भारत को विशाल स्कोर की ओर पहुंचा दिया। ईशान ने भारतीय पारी के 12वें ओवर में ईश सोढी के खिलाफ 6 बाउंड्री लगाईं। उन्होंने दो छक्के और चार चौके मारे। इसके अलावा एक वाइड भी था।

सूर्या ने 3000 टी20 इंटरनेशनल रन पूरे किए

ईशान किशन ने 42 गेंदों पर टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में अपना पहला शतक पूरा किया। वह 103 रन बनाकर आउट हुए। ईशान ने 43 गेंदों की पारी में 10 छक्कों के अलावा 6 चौके मारे। सूर्या ने ईशान किशन का भरपूर साथ दिया। उन्होंने 1,822 गेंदों में 3 हजार टी20 इंटरनेशनल रन पूरे किए। वह गेंदों के लिहाज से सबसे तेज तीन हजारी बने। कप्तान सूर्या ने 30 गेंदों में 6 छक्कों और 4 चौकों के साथ 63 रन जुटाए। हार्दिक पंड्या पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे, जिन्होंने 17 गेंदों में 4 छक्कों और 1 चौके के साथ 42 रन बनाए। लॉकी फर्ग्यूसन को दो विकेट मिले।

न्यूजीलैंड की भी विस्फोटक बैटिंग

न्यूजीलैंड ने पहले ही ओवर में 17 रन बनाए लेकिन आखिरी गेंद पर अर्शदीप सिंह ने टिम सीफर्ट (5) को आउट कर दिया। लेकिन फिन एलेन ने विस्फोटक रूप दिखाया। तीसरे ओवर में अर्शदीप को एलेन और रचिन रविंद्र ने 23 रन ठोके। शुरुआती दो ओवर में अर्शदीप ने 40 रन दिए। छठे ओवर में एलेन ने 22 गेंदों पर अपनी फिफ्टी पूरी की। 8वें ओवर में न्यूजीलैंड की टीम 100 के पार पहुंच गई। 9वें ओवर की आखिरी गेंद पर अक्षर ने फिन एलेन को आउट किया। उन्होंने 38 गेंद पर 80 रन बनाए। इस पारी में 8 चौके और 6 छक्के थे।

यहां से टीम इंडिया ने वापसी कर ली। ग्लेन फिलिप्स भी अक्षर का शिकार बने। उन्होंने 6 गेंद पर 7 रन बनाए। अर्शदीप सिंह ने 12वें ओवर में रचिन रविंद्र के साथ ही मिचेल सैंटनर को आउट कर दिया। 14वें ओवर में बुमराह के खिलाफ कीवी बल्लेबाजों ने 22 रन बटोरे। हालांकि अगले दो ओवर में टीम ने तीन विकेट खो दिए। अर्शदीप सिंह ने 16वें ओवर में काइल जेमिसन और डैरेल मिचेल आउट हो गए। इन दो विकेट के साथ अर्शदीप सिंह ने टी20 इंटरनेशनल में अपना पहला 5 विकेट हॉल पूरा किया।

अंत में ईश सोढ़ी ने 15 गेंद पर 33 रनों की पारी खेली। इस पारी ने न्यूजीलैंड को 200 के पार पहुंचने में मदद की। रिंकू सिंह ने आखिरी ओवर में उन्हें आउट करके न्यूजीलैंड की पारी खत्म कर दी। अर्शदीप के 5 विकेट के अलावा अक्षर ने 3 विकेट झटके।

वैभव सूर्यवंशी को नेशनल टीम में शामिल करने का समय आ गया : सबा करीम

नई दिल्ली, 31 जनवरी (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 में डेब्यू करते ही क्रिकेट जगत में धमाल मचाने वाले 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपना जलवा बिखेरने के बेहद करीब पहुंच चुके हैं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर सबा करीम का मानना है कि वैभव को टीम इंडिया में शामिल करने का यह सही समय है। वैभव फिलहाल अंडर-19 वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं, जहां उन्होंने दो तेजतर्रार अर्धशतक लगाकर टीम इंडिया की जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सबा करीम वैभव की प्रतिभा से बेहद प्रभावित नजर आए। उन्होंने कहा, वह बहुत ही प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। उन्हें खेलते हुए देखकर मुझे बेहद खुशी होती है। मुझे लगता है कि अब उन्हें इंडियन नेशनल टीम में शामिल करने का समय आ गया है। उन्होंने यह भी बताया कि वैभव को लेकर सभी स्तरों पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि स्टेट एसोसिएशन, बीसीसीआई का सेंटर आफ एक्सीलेंस और आईपीएल फ्रेंचाइजी राजस्थान रायल्स लगातार वैभव की प्रोग्रेस पर ध्यान दे रहे हैं। उनके अनुसार, बहुत जल्द ऐसा समय आएगा जब हम वैभव को भारत की सीनियर टीम में खेलते देखेंगे।

वैभव सूर्यवंशी का ग्राफ बेहद तेजी से ऊपर उठा है। आईपीएल में वह सबसे युवा शतकवीर बने थे। राजस्थान रायल्स की ओर से खेलते हुए उन्होंने गुजरात टाइटंस के खिलाफ सिर्फ 35 गेंदों में शतक ठोक दिया था। यह आईपीएल इतिहास का दूसरा सबसे तेज शतक है। उनसे आगे केवल क्रिस गेल हैं, जिन्होंने 2013 में 30 गेंदों में शतक लगाया था। आईपीएल के बाद भी वैभव का बल्ला लगातार आग उगलता रहा। आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की अंडर-19 टीमों के खिलाफ उन्होंने जमकर रन लुटाए। विजय हजारे ट्राफी और रणजी ट्राफी में भी वैभव ने शतक जड़कर अपनी क्षमता साबित की।

अंडर-19 वर्ल्ड कप से पहले उन्हें साउथ अफ्रीका दौरे के लिए भारतीय अंडर-19 टीम का कप्तान बनाया गया था, जहां उनकी कप्तानी में भारत ने यूथ वनडे सीरीज जीती। इस सीरीज में भी उन्होंने एक धुआंधार शतक जड़ा। वर्ल्ड कप में भी वैभव अपने दमदार अंदाज में रन बनाते जा रहे हैं। उनकी निरंतरता, तकनीक और मैच पर पकड़ बनाने की क्षमता उन्हें भारत की सीनियर टीम के लिए गंभीर दावेदार बनाती है।

एफआईएच पुरुष प्रो हाकी की तैयारियों के लिए एक फरवरी से लगेगा शिविर

नई दिल्ली। हाकी इंडिया ने कहा है कि एफआईएच पुरुष प्रो हाकी लीग की तैयारियों के सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर एक से सात फरवरी तक चलेगा। इस शिविर के लिए 33-सदस्यीय संभावित कोर ग्रुप की भी घोषणा कर दी गयी है। एफआईएच पुरुष प्रो हाकी लीग 10 से 15 फरवरी तक बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हाकी स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। इससे पहले टीम ने हीरो हाकी इंडिया लीग में खेला था। जिसने कई खिलाड़ियों को अच्छा अनुभव मिला है। भारतीय पुरुष हाकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फल्टन ने कहा, हीरो हाकी इंडिया लीग के बाद, हमें लगा कि यह टीम में बदलाव करने का सही समय है। हमने काम का बोझ कम करने के लिए कुछ सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिया है, जबकि उन नये खिलाड़ियों को मौका दिया है जिन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया है। प्रो लीग में प्रदर्शन के आधार पर ही विश्व कप और एशियाई खेलों की टीम का चयन होगा। अब नये स शिविर में पवन, सूरज करकेरा, मोहित होन्नेनहल्ली शशिकुमार और प्रिंसदीप सिंह गोलकीपर के तौर पर शामिल होंगे। वहीं, रक्षापंक्ति में अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, संजय, हरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, सुमित, पूवन्ना चंदुरा बाबी, यशदीप सिवाच, नीलम संजीव जेस और अमनदीप लाकरा शामिल हैं।

डेब्यू के बाद टीम इंडिया से बाहर हुए शिवम मावी ने रणजी में दिखाई धमक

एक पारी में चटकाए सात विकेट

नई दिल्ली, 31 जनवरी (एजेंसियां)। टीम इंडिया के लिए 2023 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कदम रखने वाले तेज गेंदबाज शिवम मावी एक बार फिर सुर्खियों में हैं। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में टी20 अंतरराष्ट्रीय डेब्यू करने वाले मावी कुछ ही समय बाद टीम से बाहर हो गए थे, लेकिन अब उन्होंने घरेलू क्रिकेट में शानदार वापसी का बिगुल बजा दिया है। रणजी ट्राफी एलीट ग्रुप-ए के मैच में उन्होंने विदर्भ के खिलाफ पहली पारी में सात विकेट झटके और विपक्षी टीम को 237 रन पर ही ढेर कर दिया। उनका यह प्रदर्शन उनके प्रथम श्रेणी करियर का सर्वश्रेष्ठ आंकड़ा साबित हुआ है।

नागपुर में खेले जा रहे इस मुकाबले के दूसरे दिन शिवम मावी का जादू देखने को मिला। उन्होंने विदर्भ के टाप आर्डर को ध्वस्त करते हुए विकेटों की झड़ी लगा दी। महज 100 रन के अंदर ही विदर्भ के छह बल्लेबाज वापस लौट चुके थे। हालांकि दानिश मलेवर (80) और नचिकेत भूते (63) की पारियों ने टीम को कुछ राहत दी और 200 का आंकड़ा पार कराया। मावी ने कुल 18 ओवर गेंदबाजी की और 3.27 की इकोनामी से 59 रन देकर सात विकेट अपने नाम किए। उनकी इस कातिलाना गेंदबाजी से विदर्भ की पारी ढह गई और यूपी को बढ़त हासिल करने का शानदार मौका मिला।

सिर्फ गेंद से ही नहीं, शिवम मावी ने इस मैच में बल्ले से भी शानदार योगदान दिया। यूपी की पहली पारी 237 रन पर सिमटने में मावी के 47 अहम रनों की बड़ी भूमिका रही। उन्होंने 57 गेंदों पर 5 चौके और एक छक्का लगाया। ध्रुव जुरेल के साथ उन्होंने 90 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की, जब टीम 109 रन पर छह विकेट खोकर संकट में थी। जुरेल ने 96 रन बनाए और टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। दूसरी पारी में विदर्भ को सस्ते में समेटने के बाद यूपी ने दिन का खेल खत्म होने तक दो विकेट के नुकसान पर 75 रन बना लिए। कुल मिलाकर यूपी अब 75 रनों की बढ़त ले चुकी है और मैच में मजबूत स्थिति में है। शिवम मावी अब तक टीम इंडिया के लिए छह टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं, जिनमें उन्होंने सात विकेट हासिल किए। डेब्यू मैच में उन्होंने 22 रन देकर चार विकेट लिए थे, जो उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। हालांकि शुरुआती प्रभाव के बावजूद वह लंबे समय तक टीम में जगह नहीं बना सके। आईपीएल में भी मावी की यात्रा दिलचस्प रही है। 2018 में केकेआर ने उन्हें तीन करोड़ रुपये में खरीदा था। 2023 में वह गुजरात टाइटंस का हिस्सा बने और फिर 2024 में लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए खेले। 2025 में अनसोल्ड रहने के बाद 2026 आईपीएल मिनी आक्शन में सनराइजर्स हैदराबाद ने उन्हें 75 लाख रुपये में अपनी टीम में शामिल किया। अब तक खेले 32 आईपीएल मैचों में मावी 25 विकेट ले चुके हैं। घरेलू क्रिकेट में उनका यह शानदार प्रदर्शन एक बार फिर उनके अंतरराष्ट्रीय भविष्य की उम्मीदें जगाता है।

पाकिस्तान को बड़ा झटका, भारत से निर्णायक मुकाबले से पहले विकेटकीपर मोहम्मद शयान टूर्नामेंट से बाहर

नई दिल्ली, 31 जनवरी (एजेंसियां)। अंडर-19 वर्ल्ड कप अपने निर्णायक दौर में पहुंच चुका है और सुपर सिक्स स्टेज में अब तक तीन टीमें सेमीफाइनल में जगह बना चुकी हैं। ग्रुप-1 से आस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान ने अंतिम-4 का टिकट सुनिश्चित कर लिया है, जबकि ग्रुप-2 से इंग्लैंड पहले ही अगले दौर में पहुंच चुका है। अब टूर्नामेंट की चौथी सेमीफाइनलिस्ट टीम का फैसला भारत और पाकिस्तान के बीच 1 फरवरी को होने वाले रोमांचक मुकाबले से होगा। सुपर सिक्स में यह मैच दोनों टीमों के लिए करो या मरो की स्थिति है, लेकिन इससे पहले पाकिस्तान को एक बड़ा झटका लगा है। टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद शयान चोटिल होकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं, जिससे टीम की रणनीति पर असर पड़ सकता है। प्रैक्टिस सेशन के दौरान जब मोहम्मद शयान विकेटकीपिंग कर रहे थे, तभी एक तेज गेंदबाज की गेंद सीधे उनकी नाक पर जाकर

लगी। चोट इतनी गंभीर थी कि उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। स्कैन में उनकी नाक की हड्डी में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई, जिसके बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने उन्हें टूर्नामेंट से बाहर करने का फैसला लिया। पीसीबी जल्द ही उनके रिप्लेसमेंट की घोषणा करेगा। हालांकि इस स्थिति में पाकिस्तान को नए विकेटकीपर की कमी शायद महसूस न हो, क्योंकि टीम में हमजा जहूर पहले से ही मुख्य विकेटकीपर की भूमिका निभा रहे हैं। लेकिन शयान बतौर बल्लेबाज टीम के लिए एक अहम विकल्प थे, जिसका असर बड़े मुकाबले में दिख सकता है। अंडर-19 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान का सफर उतार-चढ़ाव भरा रहा है। टीम ने टूर्नामेंट की शुरुआत इंग्लैंड के खिलाफ हार के साथ की, लेकिन इसके बाद बेहतरीन वापसी करते हुए सुपर सिक्स में प्रवेश किया। पाकिस्तान ने स्काटलैंड को 6 विकेट से हराया और फिर जिम्बाब्वे तथा न्यूजीलैंड दोनों को 8-8 विकेट से हराकर अपनी दावेदारी मजबूत की। अब टीम के सामने सबसे कठिन चुनौती भारत के रूप में है, जिसने अब तक टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं गंवाया है और शानदार फार्म में दिखाई दे रही है। भारत और पाकिस्तान का अंडर-19 वर्ल्ड कप में पुराना इतिहास रहा है। अब तक दोनों टीमें 10 बार आमने-सामने हो चुकी हैं। 1988 में हुए पहले मुकाबले में भारत को हार मिली थी, लेकिन 1998 में भारत ने जीत दर्ज की। इसके बाद पाकिस्तान ने 2002, 2004, 2006 और 2010 में लगातार चार मैच जीतकर दबदबा बनाया। हालांकि 2012 से अब तक भारत ने पाकिस्तान को हर बार मात दी है। अब आयुष म्हात्रे की कप्तानी वाली भारतीय टीम की नजर एक और जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह पक्की करने पर होगी। यह मुकाबला न केवल टूर्नामेंट की दिशा तय करेगा, बल्कि भारत-पाकिस्तान की क्रिकेट प्रतिद्वंद्विता में एक और रोमांचक पन्ना जोड़ देगा।



केंद्रीय बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की लागत दिसंबर में 18 फीसदी तक बढ़ी

392 परियोजनाओं की संशोधित लागत 35.1 लाख करोड़ रुपये पहुंची

नई दिल्ली, 31 जनवरी (एजेंसियां)।

केंद्र सरकार की फंडिंग से चल रही बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की कुल लागत में दिसंबर महीने में लगभग 18.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (मास्पी) की ताजा फ्लैश रिपोर्ट के अनुसार, 150 करोड़ रुपये या उससे अधिक लागत वाली 1392 केंद्रीय क्षेत्र की परियोजनाओं की मूल अनुमानित लागत 29.7 लाख करोड़ रुपये थी, जो बढ़कर 35.1 लाख करोड़ रुपये हो गई है। हालांकि, लागत बढ़ने की रफ्तार नवंबर में दर्ज 22 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में कुछ धीमी रही। अगर पूर्ण संख्या के आधार पर देखा जाए तो दिसंबर में परियोजनाओं की लागत मूल अनुमान से 5.42 लाख करोड़ रुपये अधिक रही, जबकि नवंबर में यह बढ़ोतरी 5.37 लाख करोड़ रुपये थी। इससे स्पष्ट है कि प्रतिशत वृद्धि भले ही कम हुई हो, लेकिन वास्तविक रकम के लिहाज से लागत में इजाफा जारी है। मंत्रालयों में सबसे अधिक लागत बढ़ोतरी जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग में दर्ज की गई। इस विभाग की संशोधित लागत शुरुआती अनुमान से दोगुनी से भी अधिक हो गई है। यहां 99,854 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई, जो 102 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाती है। वहीं दूरसंचार विभाग दूसरे स्थान पर रहा, जहां लागत में 1.22 लाख करोड़ रुपये या 80.36 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इसके अलावा खनन मंत्रालय में लगभग 27.7 प्रतिशत यानी 2,380 करोड़ रुपये की लागत वृद्धि हुई। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की केंद्रीय परियोजनाओं में सबसे बड़ी हिस्सेदारी है, हालांकि यहां लागत में केवल 1.96 प्रतिशत या लगभग 10,358 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। अन्य क्षेत्रों में रेलवे, इस्पात, बिजली और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस के तहत परियोजनाओं की लागत में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। इसके विपरीत उच्च शिक्षा और खेल जैसे कुछ मंत्रालयों में संशोधित व्यय मूल अनुमानों से कम रहा।

न्यूज ब्रीफ

यूएस एसईसी केस में अडाणी भाइयों ने कानूनी नोटिस लेने पर जताई सहमति

नई दिल्ली। अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने स्टाक एक्सचेंज को जानकारी दी कि गौतम अदाणी और सागर अदाणी के वकीलों ने अमेरिका की प्रतिभूति व विनिमय आयोग द्वारा 2024 में दायर सिविल आरोपों के मामले में सर्विस स्वीकार करने की अर्जी दाखिल की है। यह मामला न्यूयार्क के ईस्टर्न डिस्ट्रिक्ट की यूनाइटेड स्टेट्स डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में चल रहा है। सर्विस स्वीकार करने का मतलब कंपनी के मुताबिक, अमेरिकी न्यायिक प्रक्रिया में सर्विस स्वीकार करने का मतलब यह होता है कि प्रतिवादी या उनके वकील कानूनी दस्तावेज सीधे प्राप्त करने पर सहमत होते हैं, जिससे प्रक्रिया सर्वर या शेरिफ के जरिए नोटिस तामील कराने की जरूरत नहीं रहती। इसे दस्तावेज प्राप्ति की वैध और स्वैच्छिक स्वीकृति माना जाता है, जो ड्यू प्रोसेस की शर्तों को पूरा करती है। एजीईएल के 31 जनवरी के स्टाक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा गया कि हमारी समझ के अनुसार, 30 जनवरी 2026 को प्रतिवादियों के वकीलों ने ईडीएनवाई के अधिकार क्षेत्र को स्वीकार किए बिना और सभी उपलब्ध बचाव, जिसमें अधिकार क्षेत्र से जुड़े बचाव भी शामिल हैं। आरक्षित रखते हुए, प्रतिवादियों की ओर से सर्विस स्वीकार करने का आवेदन दाखिल किया। कंपनी ने यह भी बताया कि अदाणी भाइयों ने कुछ प्रक्रियात्मक कदम उठाए हैं और वे एसईसी की शिकायत को खारिज कराने के लिए आवेदन दायर करने या उपयुक्त रिस्पान्सिव प्लीडिंग्स दाखिल करने का इरादा रखते हैं। अदाणी ग्रीन दावा- कंपनी के खिलाफ कोई आरोप नहीं अदाणी ग्रीन ने दोहराया कि वह इन अदालती कार्यवाहियों की पक्षकार नहीं है और कंपनी के खिलाफ कोई आरोप नहीं लगाए गए हैं। फाइलिंग में यह भी स्पष्ट किया गया कि 27 नवंबर 2024 को दी गई पूर्व सूचना के अनुरूप, प्रतिवादियों पर अमेरिका के विदेशी भ्रष्ट आचरण अधिनियम (एफसीपीए) के उल्लंघन का कोई आरोप नहीं है अर्थात रिश्वत या भ्रष्टाचार के आरोप नहीं लगाए गए हैं।

केंद्र ने पीडीएस में ई-रुपी वाउचर लागू करने का प्रस्ताव जारी किया

नई दिल्ली। केंद्रीय खाद्य मंत्रालय ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में अनाज की हेराफेरी रोकने के लिए डिजिटल ई-रुपी वाउचर के इस्तेमाल का अवधारणा पत्र जारी किया। इसका मकसद लाभार्थियों तक सही मात्रा और गुणवत्ता का अनाज सुनिश्चित करना है। ई-वाउचर आधार से जुड़ा, गैर-हस्तांतरणीय और एक महीने के लिए वैध होगा। इसे केवल विशिष्ट खाद्य वस्तुओं (जैसे 10 किलो गेहूं/चावल) के लिए भुनाया जा सकेगा। लाभार्थी इसे पीडीएस दुकानों से अपने हिस्से का अनाज लेने में इस्तेमाल करेंगे। एसबीआई वाउचर जारी करेगा, एनआईसी तकनीकी सहयोग देगा और एनपीसीआई का ई-रुपी प्लेटफार्म पीडीएस से जोड़ा जाएगा। हालांकि आधार प्रमाणीकरण और पीओएस उपकरण जैसे सुधार किए गए हैं, अंत स्तर पर कम तौल, खराब गुणवत्ता और डीलर की मनमानी जैसी समस्याएँ बनी हुई हैं। राशन दुकानदारों ने नए प्रस्ताव का विरोध किया है, जबकि विशेषज्ञ इसे भोजन सब्सिडी नियंत्रण और पारदर्शिता बढ़ाने का उपाय मानते हैं।

पटरी पर दौड़ेगा एआई और स्लीपर वंदे भारत का विजन, रेलवे को मिल सकता है 2.80 लाख करोड़ का रिकार्ड आवंटन

नई दिल्ली । भारतीय रेलवे के लिए वित्त वर्ष 2026-27 बदलाव का बड़ा पड़ाव साबित होने जा रहा है। आगामी बजट में रेल मंत्रालय को 2.70 लाख करोड़ से 2.80 लाख करोड़ के बीच ऐतिहासिक आवंटन मिलने की उम्मीद है। सरकार का फोकस नई घोषणाओं तक ही सीमित नहीं है, बल्कि वेटिंग लिस्ट के पुराने संकट को तकनीकी नवाचार से खत्म करने पर है। रेल मंत्री के 52 हफ्तों में 52 सुधार के फार्मूले की झलक बजट के हर प्रावधान में स्पष्ट रूप से दिखाई देगी। यात्रियों की लंबी दूरी की यात्रा को आरामदायक बनाने के लिए बजट में कई सौगातें छिपी हैं। जून तक 8 नई स्लीपर वंदे भारत चलाने का लक्ष्य है, जबकि पूरे वर्ष में ऐसी 12 ट्रेनों की सौगात मिल सकती है। मध्य वर्ग के यात्रियों के लिए अमृत भारत ट्रेनों का विस्तार जारी रहेगा। मार्च तक अमृत भारत का नया वर्जन 3.0 (पूरी तरह एसी कोच के साथ) लाने की तैयारी है।

एसयूवी एमजी मजेस्टर को बाजार में उतारने की तैयारी

नई दिल्ली, 31 जनवरी (एजेंसियां)।

सबसे प्रीमियम एसयूवी एमजी मजेस्टर को जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया कंपनी भारतीय बाजार में उतारने की तैयारी में है। एमजी मजेस्टर को मौजूदा ग्लोस्टर से भी ज्यादा प्रीमियम बनाया गया है।यह भारत के नए डी प्लस एसयूवी सेगमेंट में एंट्री करेगी, जहां पहले से मौजूद दिग्गज गाड़ियों को कड़ी चुनौती मिलने की उम्मीद है। कंपनी इस फ्लैगशिप एसयूवी को 12 फरवरी 2026 को आधिकारिक तौर पर पेश करेगी। एमजी द्वारा जारी पहले टीजर में मजेस्टर की विशालकाय साइज और दमदार रोड प्रेजेंस साफ नजर आती है। कंपनी का दावा है कि यह भारत की सबसे लंबी, चौड़ी और ऊंची एसयूवी होगी। इसके फ्रंट में नया मजेस्टिक मैट्रिक्स ग्रिल, शार्प फाल्कन-स्टाइल एलईडी डीआरएलएस और स्प्लिट हेडलैंप सेटअप दिया गया है, जो इसे आक्रामक और प्रीमियम लुक देता है।

कुल मिलाकर इसका डिजाइन फुल-साइज एसयूवी खरीदारों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। एमजी मजेस्टर को पहले भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में शोकेस किया जा चुका है, जहां यह एमजी सायबस्टर और एमजी एम9 के साथ नजर आई थी। ग्लोस्टर के मुकाबले इसमें ज्यादा मस्कुलर स्टांस, नए बंपर, डार्क-थीम ग्रिल एलिमेंट्स, चौड़े व्हील आर्च और बड़े अलाय व्हील्स मिलने की उम्मीद है। पीछे की तरफ नए डिजाइन के टेललैंप, डुअल एग्जास्ट और मजेस्टर बैजिंग इसे अलग पहचान देते हैं। यह एसयूवी मेक्सस डी 90 के बाडी-आन-फ्रेम प्लेटफार्म पर आधारित होगी, जिससे इसकी मजबूती और आफ-रोड क्षमता का अंदाजा लगाया जा सकता है। फीचर्स की बात करें तो एमजी मजेस्टर में बड़ा टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, पैनोरमिक सनरूफ, वेंटिलेटेड सीट्स, 360-डिग्री कैमरा और लेवल-2 अडास जैसे एडवांस सेफ्टी फीचर्स दिए जा सकते हैं।

नए अंदाज के साथ हुई 2026 रेनो डस्टर की वापसी

नई दिल्ली। भारतीय बाजार में रेनो की आइकानिक एसयूवी डस्टर फिर वापसी कर चुकी है। नई 2026 रेनो डस्टर न सिर्फ डिजाइन के मामले में बदली है, बल्कि फीचर्स, इंटीरियर और पावरट्रेन के स्तर पर भी यह अपने पुराने माडल से कहीं ज्यादा एडवांस हो गई है। फ्रंट में स्लीक एलईडी डीआरएलएस, डस्टर मोनोग्राम वाली ग्लास ब्लैक ग्रिल और नए डिजाइन की एलईडी हेडलाइट्स इसे दमदार लुक देती हैं। साइड प्रोफाइल में नई 18-इंच की डुअल-टोन अलाय व्हील्स, ब्लैक क्लैडिंग और मजबूत रूफ रेल्स इसे ज्यादा प्रीमियम बनाती हैं। वहीं, रियर में कनेक्टेड टेललैंप्स और नया स्पाइलर इसे पूरी तरह फ्रेश पहचान देते हैं। इंटीरियर की बात करें तो यहां बदलाव सबसे ज्यादा नजर आते हैं। जहां पुरानी डस्टर का केबिन सादा और उपयोगी था, वहीं नई डस्टर में साफ्ट-टच मटीरियल, नया डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, बड़ा टचस्क्रीन सिस्टम और डुअल-जोन क्लाइमेट कंट्रोल दिया गया है। लेदरेट सीटें, एम्बिएंट लाइटिंग और वेंटिलेटेड फ्रंट सीटें इसे प्रीमियम एसयूवी की फील देती हैं। फीचर्स के मामले में नई डस्टर काफी आगे निकल चुकी है। इसमें वायरलेस एंड्रायड आटो और एपल कारप्ले, पैनोरमिक सनरूफ, 360-डिग्री कैमरा, 6 एयरबैग और एडीएसएस जैसे सेफ्टी फीचर्स मिलते हैं। पावरट्रेन के तौर पर यह अब पेट्रोल और हाइब्रिड इंजन आप्शंस के साथ आएगी। कीमतों का खुलासा मार्च में होगा, लेकिन अनुमान है कि इसकी शुरुआती कीमत करीब 10 लाख रुपये हो सकती है। इस तरह नई रेनो डस्टर एक बार फिर हुंडई क्रेटा और किआ सेल्टोस जैसी एसयूवी को कड़ी चुनौती देने के लिए तैयार है। कंपनी ने इसकी बुकिंग शुरू कर दी है, जिसे ग्राहक 21 हजार रुपये का टोकन अमाउंट देकर बुक कर सकते हैं। नई डस्टर का एक्सटीरियर पहले से कहीं ज्यादा माडर्न और स्पोर्टी है।

रियलमी बड्स क्लिप हो रही तेजी से लोकप्रिय

नई दिल्ली, 31 जनवरी (एजेंसियां)।

वर्क काल से लेकर मनोरंजन, फिटनेस और यात्रा तक, ईयरबड्स का इस्तेमाल लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में अब यह सवाल अहम हो गया है कि डिवाइस लंबे समय तक पहनने पर कैसा महसूस होता है और कानों के लिए कितना अनुकूल है। इस बारे में आडियो एक्सपर्ट्स का मानना है कि कान का वातावरण संवेदनशील होता है और लंबे समय तक दबाव या बंद रहने से असहजता हो सकती है। इसी वजह से ऐसे आडियो डिवाइस लोकप्रिय हो रहे हैं, जिनमें कान पूरी तरह बंद नहीं होते।

ओपन-ईयर और ईयर-क्लिप डिजाइन इसी सोच का नतीजा हैं, जो हल्केपन और नेचुरल फील के साथ सुनने का अनुभव देते हैं, खासकर उन यूजर्स के लिए जो रोजाना कई घंटे काल या म्यूजिक सुनते हैं। इसी दिशा में रियलमी अपने आडियो पोर्टफोलियो में बड्स क्लिप को शामिल करने जा रहा है। यह ईयर-क्लिप स्टाइल ईयरबड्स कान के अंदर जाने के बजाय बाहरी हिस्से पर टिकते हैं, जिससे कान खुले रहते हैं और हवा का प्रवाह बना रहता है। इसका फायदा यह है कि लंबे समय तक पहनने पर भी थकान कम महसूस होती है और यूजर आसपास के माहौल से जुड़े रहते हैं, जो चलने, यात्रा करने या आफिस जैसे माहौल में उपयोगी है।

महज 5.3 ग्राम वजन वाले रियलमी बड्स क्लिप को हल्केपन और आराम को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। इसमें इस्तेमाल किया गया टाइटेनियम-बेस्ड मेमोरी मेटल अलग-अलग कानों के आकार के अनुसार खुद को ढाल लेता है, जिससे ईयरबड्स सुरक्षित रहते हैं और दबाव महसूस नहीं होता। साउंड परफार्मेंस के लिए डुअल-ड्राइवर सेटअप और एआई-बेस्ड ट्यूनिंग का इस्तेमाल किया गया है, जो बास, वोकल्स और क्लैरिटी के बीच संतुलन बनाता है। स्पेशियल आडियो तकनीक सुनने के अनुभव को और इमर्सिव बनाती है।

बजट के दिन 1 फरवरी को भी खुला रहेगा शेयर बाजार



नई दिल्ली। फरवरी का महीना भारतीय फाइनेंशियल सिस्टम के लिए अहम होता है, क्योंकि महीने के पहले दिन देश का बजट पेश किया जाता है। इस साल यूनियन बजट 2026 पहली बार रविवार, 1 फरवरी को पेश किया जाएगा। इसके बावजूद एनएसई, बीएसई, एमसीएक्स और एनसीडीईएक्स पर सभी सेगमेंट—इक्विटी, डेरिवेटिव, करेंसी और कमोडिटी—की ट्रेडिंग नियमित रूप से जारी रहेगी। निवेशकों को बजट के दिन भी बाजार खुला रहने का ध्यान रखना चाहिए। फरवरी में कोई अतिरिक्त ट्रेडिंग हालिडे नहीं है। महाशिवरात्रि 15 फरवरी को पड़ रही है, जो रविवार है। इस दिन भी बाजार साप्ताहिक बंदी के अलावा किसी और कारण से बंद नहीं रहेगा। शेयर बाजार फरवरी में केवल वीकेंड पर बंद रहेगा। बंद रहने वाली तारीखें हैं: 7, 8, 14, 15, 21, 22 और 28 फरवरी। निवेशकों को सेटलमेंट साइकिल और रीजनल बैंक छुट्टियों के अनुसार अपने निवेश की योजना बनानी चाहिए।

अपकमिंग गैलेक्सी स्मार्टफोन आएगा खास इनबिल्ट प्राइवेसी फीचर के साथ

सोल, 31 जनवरी (एजेंसियां)।

सैमसंग इलेक्ट्रानिक्स का आगामी गैलेक्सी स्मार्टफोन एक खास इनबिल्ट प्राइवेसी फीचर के साथ आएगा। यह घोषणा की है स्वयं सैमसंग इलेक्ट्रानिक्स कंपनी ने। इस फीचर से यूजर्स अपनी स्क्रीन पर दिखने वाली संवेदनशील जानकारी को दूसरों की नजर से बचा सकेंगे। इस फीचर की खास बात यह है कि इसके लिए फोन पर किसी तरह की प्राइवेसी फिल्म या अतिरिक्त परत लगाने की जरूरत नहीं होगी। दक्षिण कोरियाई टेक कंपनी के मुताबिक, यह तकनीक डिस्प्ले की दृश्यता को यूजर के अनुसार एडजस्ट करने की सुविधा देगी, जिससे सार्वजनिक स्थानों पर कंधे के ऊपर से झांककर देखने यानी शोल्डर सर्फिंग जैसी समस्या से राहत मिलेगी। कंपनी ने बताया कि यह नया प्राइवेसी फीचर जल्द ही गैलेक्सी स्मार्टफोन्स में शामिल किया जाएगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सैमसंग फरवरी में गैलेक्सी एस26 सीरीज के लिए एक खास लान्च इवेंट आयोजित करने की तैयारी कर रहा है। सूत्रों का कहना है कि यह एडवांस्ड प्राइवेसी फीचर सबसे पहले गैलेक्सी एस26 अल्ट्रा माडल में देखने को मिल सकता है। सैमसंग के अनुसार, इस फीचर में डिस्प्ले की विजिबिलिटी को कंट्रोल करने के कई विकल्प होंगे, जिससे यूजर यह तय कर सकेगा कि आसपास मौजूद लोग स्क्रीन पर कितना देख पाएं। खास बात यह है कि यूजर इस सेटिंग को अलग-अलग ऐप्स के हिसाब से भी कस्टमाइज कर सकेगा, ताकि बैंकिंग, चैटिंग या आफिस से जुड़े ऐप्स को ज्यादा सुरक्षित रखा जा सके।

कंपनी ने बताया कि इस तकनीक को विकसित करने में पांच साल से ज्यादा का समय लगा है। इस दौरान गहन इंजीनियरिंग, टेस्टिंग और लगातार सुधार किए गए। सैमसंग ने यह भी कहा कि फीचर को डिजाइन करते समय यह समझने की कोशिश की गई कि लोग रोजमर्रा की जिंदगी में स्मार्टफोन कैसे इस्तेमाल करते हैं और किस तरह की जानकारी को सबसे ज्यादा निजी मानते हैं। इसी बीच, सैमसंग ने गैलेक्सी जेड फ्लिप 7 ओलंपिक एडिशन भी पेश किया है, जिसे मिलान-कोर्टिना विंटर ओलंपिक और पैरालंपिक में हिस्सा लेने वाले करीब 3,800 खिलाड़ियों को दिया जाएगा।

मुनाफा वसूली के कारण सोना-चांदी की जमकर हुई बिकवाली

सटोरियों के कारण गड़बड़ाया गणित... बढ़ोतरी का बुलबुला अचानक फूट गया

85,000 सस्ती हुई चांदी, सोना भी धड़ाम

नई दिल्ली, 31 जनवरी (एजेंसियां)।

सोना और चांदी अब सिर्फ जेवर नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार बनता जा रहा है। देश ही नहीं बल्कि आम आदमी भी सोना और चांदी में निवेश करने में लगे हुए हैं। लेकिन शुक्रवार को अचानक चांदी और सोने के भाव में तगड़ी गिरावट आई है। चांदी अपने आल टाइम हाई से 85000 रुपये गिर चुकी है, जबकि सोने के भाव में 25000 रुपये से ज्यादा की गिरावट आई है। इतनी बड़ी गिरावट तब आई है, जब चांदी 4.20 लाख रुपये और सोना 2 लाख रुपये के करीब पहुंच गए थे। शुकवार को मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर मार्च वायदा के लिए 1 किलो चांदी की कीमत करीब 65000 रुपये गिरकर 3,35,001 रुपये पर पहुंच गई थी, लेकिन गुरुवार की शाम को चांदी कीमत बढक़र 4,20,048 रुपये अपने आल टाइम हाई लेवल पर पहुंच गई थी। इस हिसाब से देखें तो 24 घंटे में ही चांदी के भाव में करीब 85,000 रुपये की गिरावट आई है। इसी तरह, सोने की कीमत में भी भारी गिरावट आई है। सोना 29 जनवरी, गुरुवार को अपने रिकार्ड स्तर 1,93,096 रुपये पर था, लेकिन शुक्रवार को यह 16000 रुपये टूटकर 1,67,406 रुपये पर आ गया। यानी 24 घंटे के दौरान सोने में 25,500 रुपये की गिरावट आई है। जानकारों का कहना है कि सोने और चांदी की कीमतों में आया उछाल सामान्य नहीं है। बाजार में हर दिन जिस तरह से कीमतें बढ़ रही हैं, वह केवल मांग या सट्टेबाजी का नतीजा नहीं है। इसके पीछे वैश्विक अर्थव्यवस्था की एक ऐसी करवट है, जो आने वाले समय में हम सब की जेब पर गहरा असर डाल सकती है। यह संकेत है एक बड़े बदलाव का, जिसे आर्थिक विशेषज्ञ डी डालराइजेशन का नाम दे रहे हैं। आसान शब्दों में कहें तो दुनिया अब अमेरिकी डालर के मोहपाश से मुक्त होने की कोशिश कर रही है। अगर यह ट्रेंड जारी रहा, तो अमेरिका की वह सुपरपावर वाली छवि हमेशा के लिए धूमिल हो सकती है, जो दशकों से डालर की ताकत पर टिकी थी। वायदा बाजार में गुरुवार को चांदी ने रिकार्ड बनाते हुए 4 लाख रुपये प्रति किलो का आंकड़ा ना सिर्फ पार किया, बल्कि वहां से भी इसमें जबरदस्त उछाल आई थी। चांदी का भाव गुरुवार को 34,000 रुपये चढक़र अपने आल टाइम हाई लेवल 4,20,048 रुपये पर पहुंच गई थी। इसी तरह, वायद बाजार 29 जनवरी को सोना 16000 रुपये चढक़र अपने रिकार्ड हाई लेवल 1,93,096 रुपये पर पहुंच गया था। हालांकि अब इन दोनों कीमती धातुओं में तगड़ी गिरावट आई है। मुनाफावसूली के कारण गिरावट एक्सपर्ट्स का कहना है कि यह मुनाफावसूली है, क्योंकि कई दिनों से सोने और चांदी के भाव तेजी देखी जा रही थी और इनकी कीमतें हर दिन रिकार्ड स्तर बना रही थीं। चांदी ने तो कुछ ही हफ्ते में 3 लाख रुपये से 4 लाख रुपये का लेवल पार कर लिया था। वहीं सोने ने भी खूब तेजी दिखाई है। ऐसे में अपने प्राफिट को बचाने के लिए निवेशक मुनाफावसूली कर रहे हैं। कुछ एक्सपर्ट्स का तो यह भी कहना है कि सोने और चांदी में जैसे ही बिकवाली हावी हुई वैसे ही शार्ट सेलर एंटर हो गए और ट्रेडिंग के दौरान सिल्वर को शार्ट किया, जिस कारण इसके दाम में भारी गिरावट आई है।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, रविवार, 01 फरवरी, 2026

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें ।

रोटरी, एसबीआई और यूनिपैड्स फाउंडेशन की पहल

चकली इलम्मा महिला विवि की 7000 छात्राओं को मिलेंगे रीऊज़बल सैनिटरी पैड

हैदराबाद, 31 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो) । रोटरी क्लब ऑफ हैदराबाद ईस्ट (आरआईडी 3150), भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और यूनिपैड्स फाउंडेशन के सहयोग से प्रोजेक्ट शक्ति के तहत 7,000 से अधिक छात्राओं को पुन: प्रयोज्य (रीऊज़बल) सैनिटरी पैड किट वितरित करने जा रहा है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना का उद्देश्य स्कूली छात्राओं को सशक्त बनाना और मासिक धर्म स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है।

यह कार्यक्रम तेलंगाना के हैदराबाद, रंगारेड्डी, निजामाबाद, वारंगल, नलगोंडा और पेड्डापल्ली जिलों के लगभग 2000 स्कूलों की कुल 60,000 लड़कियों को किट वितरण के व्यापक अभियान का हिस्सा है। इस वितरण कार्यक्रम का आयोजन सोमवार, 2 फरवरी, 2026 को सुबह 11:30 बजे चकली इलम्मा महिला विश्वविद्यालय, कोटि, हैदराबाद में किया जाएगा। इस विशेष अवसर पर हैदराबाद जिले की कलेक्टर श्रीमती हरिचंदाना दासारी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी।

सम्मानित अतिथियों में महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सूर्या धनंजय, एसबीआई एलएचओ हैदराबाद के सीजीएम श्री एस. राधाकृष्णन और रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3150 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर आरटीएन डॉ. एस. वी. राम प्रसाद शामिल होंगे। यह पहल न केवल स्वास्थ्य और गरिमा को बढ़ावा देती है, बल्कि किशोरियों की शिक्षा में आने वाली बाधाओं को दूर करने का भी एक प्रयास है।

प्रोजेक्ट शक्ति एक बड़े पैमाने की मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता पहल है, जिसे तेलंगाना के छह प्रमुख जिलों में कार्यान्वित किया जा रहा है। 250 लाख रुपये के कुल परियोजना परिव्यय के साथ, इस पहल को फरवरी 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। रोटरी क्लब ऑफ हैदराबाद ईस्ट (आरसीएचई) के अलावा, 35 अन्य रोटरी क्लब इस वितरण और आउटरीच प्रयासों में सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं।

यह परियोजना भारत सरकार के महिला एवं बाल कल्याण मंत्रालय के दिशानिर्देशों के तहत मासिक धर्म स्वास्थ्य जागरूकता-सह-सहायता कार्यक्रम के रूप में लागू की जा रही है। इसे तेलंगाना सरकार का पूर्ण समर्थन प्राप्त है, जिसमें यूनिपैड्स फाउंडेशन आपूर्ति भागीदार, भारतीय स्टेट बैंक प्रायोजक भागीदार और रोटरी क्लब ऑफ हैदराबाद ईस्ट निष्पादन भागीदार की भूमिका निभा रहे हैं।

परियोजना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए, आरसीएचइ ने तेलंगाना सरकार के स्कूल शिक्षा निदेशक के कार्यालय से हैदराबाद, रंगारेड्डी, निजामाबाद, नलगोंडा और वारंगल जिलों के लगभग 1,500 स्कूलों की कक्षा 8 से 10 तक पढ़ने वाली लगभग 60,000 लड़कियों का डेटा प्राप्त किया है। इस डेटा के आधार पर, पुन: प्रयोज्य पैड के वितरण के साथ-साथ मासिक धर्म स्वच्छता पर बुनियादी प्रशिक्षण और अभिविन्यास (ओरीएन्टेशन) प्रदान करने के लिए एक चरणबद्ध कार्ययोजना विकसित की गई है।प्रोजेक्ट शक्ति का मुख्य उद्देश्य स्कूलों में छात्राओं की अनुपस्थिति को कम करना, स्वास्थ्य जागरूकता में सुधार करना और किशोरियों को टिकाऊ स्वच्छता समाधान प्रदान कर एक दीर्घकालिक सकारात्मक प्रभाव पैदा करना है।

पुरानी यादों का संगम : श्री गुजराती विद्या मंदिर के 1965 बैच के पूर्व छात्रों ने मनाया डायमंड जुबली वर्ष

हैदराबाद, 31 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)। सुल्तान बाजार स्थित श्री गुजराती विद्या मंदिर के प्रांगण में शनिवार को उस समय पुरानी यादें ताजा हो गईं, जब 1965-66 बैच के पूर्व छात्र अपनी स्कूल छोड़ने की 60वीं वर्षगांठ (डायमंड जुबली) मनाने एकत्र हुए। इस भावुक मिलन के अवसर पर पूर्व छात्रों ने वर्तमान विद्यार्थियों को अनूठे उपहार भेंट कर अपनी विरासत साझा की।

पुराने सिक्कों और डाक टिकटों के जरिए इतिहास से रूबरू

1965-66 के ग्यारहवीं कक्षा के बैच के पूर्व छात्रों कांतिलाल शाह, सुरेश रायचूरा, मनहरलाल पारेख और अब्दुल मजीद हिरानी ने मिलकर छात्रों के लिए एक विशेष स्मृति चिन्ह (मेमेंटो) तैयार किया। इस कार्ड की खासियत यह थी कि इस पर एक रुपये का नोट, एक पैसे का तांबे का पुराना सिक्का और एक डाक टिकट चिपकाया गया था। इन वस्तुओं के माध्यम से पूर्व छात्रों ने नई पीढ़ी को उस दौर की मुद्रा और इतिहास से परिचित कराया।

विद्यार्थियों को बांटी शिक्षण सामग्री और मिठाइयां

केवल यादें ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए पूर्व छात्रों ने उपयोगी सामग्री भी वितरित की।

प्रत्येक छात्र को एक परीक्षा राइटिंग पैड (एरा झरव) और एक बॉल पॉइंट पेन भेंट किया गया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के दिनों की मिठास को साझा करने के लिए सभी को मिठाइयां और नमकीन बांटे गए।

चार मित्रों की अटूट दोस्ती की मिसाल

इस आयोजन की सबसे खास बात इन चारों मित्रों कांतिलाल, सुरेश, मनहरलाल और अब्दुल मजीद की अटूट मित्रता रही। 1965 में स्कूल छोड़ने के बाद भी इन चारों ने न केवल अपनी दोस्ती को संजोकर रखा, बल्कि अपने स्कूल के प्रति अपने उत्तरदायित्व को भी निभाया। हीरक जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित यह कार्यक्रम स्कूल के गौरवशाली इतिहास और पूर्व छात्रों के अटूट प्रेम का प्रतीक बन गया।

डोंग्रेजी महाराज गौशाला के जन्म शताब्दी महोत्सव में प्रमुख हस्तियों को निमंत्रण

हैदराबाद, 31 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)। रामचंद्र डोंग्रेजी महाराज गौशाला द्वारा आगामी 15 फरवरी को आयोजित होने वाले जन्म शताब्दी महोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रमुख पदाधिकारियों और समाजसेवियों को विशेष निमंत्रण दिए गए हैं।

गौशाला के आयोजकों ने माली समाज के अध्यक्ष रामवल्लभ भाटी, नेमीचंद भाटी, तेलंगाना-आंध्र प्रदेश माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष कैलाश डालीया, श्रीकांत डालीया, हैदराबाद-सिकंदराबाद माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष भगवान पसारी, मंत्री राजेश मालपानी, समाजसेवी जुगलकिशोर जाजु, नवलकिशोर जाजु, रवि हेडा को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है।

इसके अलावा जीवराम पटेल, जसमत पटेल, मुन्ना जोशी, हसमुख पटेल सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों को भी कार्यक्रम में भाग लेने के लिए निमंत्रण भेजा गया है।

यह महोत्सव रामचंद्र डोंग्रेजी महाराज के जन्म की शताब्दी पर उनके जीवन, कार्यों और गौ-सेवा के प्रति समर्पण को याद करने तथा सम्मानित करने का महत्वपूर्ण अवसर होगा। गौशाला प्रबंधन ने बताया कि इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन-कीर्तन, गौ-पूजन और सामाजिक संगोष्ठियां आयोजित की जाएंगी।

कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के लोग शामिल होंगे, ताकि महाराज के आदर्शों को व्यापक स्तर पर प्रसारित किया जा सके। आयोजकों ने सभी आमंत्रित अतिथियों और श्रद्धालुओं से 15 फरवरी को गौशाला परिसर में उपस्थित रहकर महोत्सव को सफल बनाने की अपील की है।

सर्व ब्राह्मण परिषद की सभा सम्पन्न

यूजीसी कानून को काला कानून करार, परशुराम जयंती भव्य बनाने का संकल्प

हैदराबाद, 31 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)। सर्व ब्राह्मण परिषद द्वारा कल बेगम बाजार स्थित छत्री श्री लड्डू ओझा जी के स्थान पर एक महत्वपूर्ण सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष पवन मिश्रा का जन्मदिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जन्मदिवस समारोह के बाद विधिवत रूप से सभा का शुभारंभ हुआ।सभा का मुख्य केंद्र बिंदु यूजीसी (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग) से संबंधित कानून रहा। वक्ताओं ने न्यायालय का आभार व्यक्त करते हुए न्याय व्यवस्था पर पूरा भरोसा जताया। साथ ही यूजीसी कानून को काला कानून बताते हुए कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कानून केवल एक विशेष वर्ग को संतुष्ट करने के उद्देश्य से बनाया गया है तथा इससे स्वर्ण समाज (ब्राह्मण समाज) को व्यवस्थित रूप से दबाने और उसके हितों पर अतिक्रमण करने का प्रयास किया जा रहा है।सभा में आगामी भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर भी गहन विचार-विमर्श हुआ। सर्व ब्राह्मण परिषद, राष्ट्रीय परशुराम सेना, ब्राह्मण वाहिनी और राजस्थानी ब्राह्मण सभा सहित सभी संगठनों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि परशुराम जयंती को भव्य, ऐतिहासिक और पूर्ण गरिमामय ढंग से मनाया जाएगा।एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय में यह तय किया गया कि आगामी फरवरी माह में एक साधारण सभा बुलाई जाएगी। इस सभा में संगठन के भावी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जाएगी तथा समाजहित में आगे की रणनीति और कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा होगी।कार्यक्रम में सर्व ब्राह्मण परिषद, राष्ट्रीय परशुराम सेना, ब्राह्मण वाहिनी और राजस्थानी ब्राह्मण सभा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्रमुख रूप से उपस्थित रहे: पवन मिश्रा (अध्यक्ष), रामदेव नागला, नरेश अवस्थी, लड्डू ओझा, विशाल शर्मा, दुर्गा शर्मा, लक्ष्मीकांत पांडेय, विजय ओझा, वैभव शर्मा, संदेश उपाध्याय सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति।सभा का समापन ब्राह्मण समाज की एकजुटता, संवैधानिक अधिकारों की रक्षा तथा सांस्कृतिक गौरव को अक्षुण्ण बनाए रखने के दृढ़ संकल्प के साथ हुआ। परिषद ने समाज के सभी सदस्यों से ऐसे मुद्दों पर जागरूक और सक्रिय रहने की अपील की है।

विश्वकर्मा जयंती का 13वां विशाल जागरण सम्पन्न

हैदराबाद, 31 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)। श्री जाट समाज तेलंगाना (सर्वे नंबर 49/1) के तत्वावधान में और विश्वकर्मा जयंती मारवाड़ी समिति, हाईटेक सिटी-गच्छीबावली द्वारा आयोजित श्री विश्वकर्मा जयंती का 13वां विशाल जागरण समारोह बड़ी धूमधाम से सम्पन्न हुआ।

गणेशाराम ढाका, रामनिवास गोरछिया और ओमप्रकाश सिंवर द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, शुक्रवार 30 जनवरी 2026 की शाम 7 बजे से कार्यक्रम शुरू हुआ। पंडाल को फूलों, रोशनी और सजावट से आकर्षक बनाया गया। ज्योत प्रज्वलन के बाद पूजा-अर्चना और महाप्रसादी वितरण हुआ।

रात्रि में आयोजित जागरण में राजस्थान के प्रसिद्ध भजन गायक दिनेश नागौरी एंड पार्टी म्यूजिकल ग्रुप ने भक्ति भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी। साथ ही अंतरराष्ट्रीय डांसर अनु सोलंकी, मटकी डांसर मैना राजस्थानी और सुप्रसिद्ध डांसर पूजा चौधरी ने शानदार नृत्य प्रदर्शन किया, जिससे पूरा पंडाल झूम उठा।

अवसर पर विभिन्न समाजों के अध्यक्ष, सचिव और अतिथियों का राजस्थानी साफा पहनाकर तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। समाज बंधुओं के लिए कार्यक्रम स्थल पर भोजन-प्रसादी की उचित व्यवस्था की गई थी।कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ सदस्यों ने सभी को विश्वकर्मा जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा को ब्रह्मांड का प्रथम वास्तुकार माना जाता है, जिन्होंने भगवान महादेव का त्रिशूल, भगवान कृष्ण का सुदर्शन चक्र तथा अन्य दिव्य अस्त्र-शस्त्रों का निर्माण किया। विश्व भर में कारीगर, बढ़ई, शिल्पकार, लोहार, सुनार और श्रमिक वर्ग इस पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं।आयोजन में प्रमुख रूप से गणेशाराम ढाका, रामनिवास गोरछिया, ओमप्रकाश सिंवर, दामोदर लोछब, हनुमाननाथ सिद्ध, गोपालराम जाखड़, भंवरसिंह सिसोदिया, हुकमीचन्द्र जाट, कोजाराम नैण, रामप्रताप जाखड़, आणंद सिंह, नेमाराम सियाग, झबरसिंह, सुरजाराम कुकणा, गजेन्द्र सिंह, लिखमाराम पुनिया, मांगीलाल सिरडिया, चतरसिंह, टिकुराम सारण, हजारिराम गोदारा, हनुमानराम कुम्हार, सुरेश बाडियासरा, ओमप्रकाश बाडियासरा, हनुमानराम मैंया, मुकराम सुथार सहित समाज के अनेक बंधुओं ने विशेष सहयोग दिया।कार्यक्रम की कवरेज पत्रकार जगदीश सीरवी ने की, जबकि संपूर्ण समारोह का लाइव प्रसारण पीएमएल सीरवी यूट्यूब चैनल के माध्यम से किया गया। धन्यवाद ज्ञापन और महाआरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

नवकार नवयुवक मंडल द्वारा डंक का सम्मान

हुब्बल्ली, 31 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)। नवकार नवयुवक मंडल, हुब्बल्ली द्वारा समाजसेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय योगदान एवं विभिन्न सेवा कार्यों में सहयोग प्रदान करने के लिए भारत जैन महामंडल के अध्यक्ष सुभाष डंक का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मंडल के सदस्यों ने उन्हें शाल एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

मंडल के अध्यक्ष गौरव बडोला ने कहा कि सुभाष डंक का मार्गदर्शन युवाओं के लिए ऊर्जा एवं प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सेवा एवं युवा गतिविधियों के क्षेत्र में डंक का योगदान अत्यंत प्रेरणादायक रहा है। उनके मार्गदर्शन और सहयोग से अनेक सेवा परियोजनाएँ सफलतापूर्वक संपन्न हुई हैं।

मंडल के कार्यदर्शी राकेश डंक ने उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार के मार्गदर्शन एवं सहयोग की अपेक्षा जताई।

इस अवसर पर महावीर डंक, बीजेपी नेता अभिषेक मेहता सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। डंक ने इस आत्मीय सम्मान के लिए नवकार नवयुवक मंडल के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

भावसार विजन इण्डिया हैदराबाद क्षेत्र–104 का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

हैदराबाद, 31 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)। भावसार विजन इण्डिया हैदराबाद क्षेत्र–104 की साधारण सभा एवं नये निर्देशक मंडल के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन काचीगुड़ा स्थित भावसार भवन में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत सभी गणमान्य अतिथियों द्वारा पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन से हुई। इसके पश्चात हिंगुलांबिका पूजा, आरती और गायत्री मंत्र का सामूहिक पाठ किया गया। दिवंगत आत्माओं के प्रति श्रद्धांजलि स्वरूप एक मिनट का मौन रखा गया। गणेश वंदना कनिष्का पतंगे द्वारा प्रस्तुत की गई।

सम्माननीय अतिथियों में मुख्य रूप से श्री मनीष सुत्रावे (राष्ट्रीय अध्यक्ष, भावसार विजन इण्डिया), श्री उमेश ए. जैतने (अध्यक्ष, तेलंगाना भावसार क्षत्रिय रंगरेज समाज), श्री बाबूराव गडाले (गवर्नर, बीवीआई), श्री प्रवीण पतंगे (डिप्टी गवर्नर), डॉ. प्रशांत नीमकर (एनईसी सदस्य), शीतल नीमकर (पूर्व अध्यक्षा), शंकर आसुतकर (पूर्व मंत्री) उपस्थित रहे।

2026 के लिए निर्वाचित नए निर्देशक मंडल के पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण की। शपथ लेने वालों में– अश्विनी पतंगे (अध्यक्षा), घनश्याम पतंगे (मंत्री), जवाहर भरडे (कोषाध्यक्ष), ललिता सुत्रावे, सपना घनाते, हेमारानी परंकर, रुपा वाल्वे, अर्चना सुत्रावे, तुलसी बगाड़े, अनिता पारेकर, ज्योति गड़ाले, संगीता घनाते, राकेश घनाते, राजेश्वर घनाते शामिल हैं ।

कार्यक्रम में मकर संक्रांति का उत्सव भी मनाया गया। तिलगुड़ और टिकली पैकेट के पारंपरिक आदान–प्रदान के साथ सभी ने संक्रांति की शुभकामनाएं साझा कीं। अनिता पारेकर और हर्षिनी बगाड़े ने कार्यक्रम को उत्साहपूर्ण ढंग से संचालित किया।

अवसर पर अन्य प्रमुख उपस्थित लोगों में श्री श्रीधर इजंतकर (सिकंदराबाद अध्यक्ष), श्रीमती सरिता देवतराज (मलकाजगिरी अध्यक्ष), शशांक पिस्से, श्याम कुमार नाजरे, चंद्रकांत पतंगे, बालकिशन सुत्रावे, श्रीधर गडाले, वंदना आसुतकर सहित भावसार समाज के अनेक सदस्य शामिल थे।

पूर्व अध्यक्षा शीतल नीमकर द्वारा 2025 के सभी पदाधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। यह समारोह भावसार समाज की एकता, सांस्कृतिक परंपराओं और संगठनात्मक मजबूती को दर्शाता है। नए पदाधिकारियों ने समाज के कल्याण और भावसार विजन इण्डिया के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

हैदराबाद का नाम रोशन, योजना पत्रिका की वरिष्ठ संपादक ममता रानी सक्सेना सेवानिवृत्त

हैदराबाद, 31 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)। हिंदी पत्रकारिता में अपनी एक पहचान बना चुकी ममता रानी सक्सेना (अस्थाना) और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सान्निध्य में दिल्ली से प्रकाशित सहायक निदेशक पद पर कार्यरत और मयोजनाफकी वरिष्ठ संपादक 30 जनवरी को सेवानिवृत्त हो गई। नियम के अनुसार 31 जनवरी को सेवानिवृत्त होना चाहिए। हालांकि उस दिन कार्यालय को छुट्टी होने के कारण एक दिन पहले ही वह सेवानिवृत्त हो गई। नियम के अनुसार सभी को आयु के 60 साल पूर्ण होने पर सेवानिवृत्ति होना पड़ता है। ममता रानी ने इस विभाग में केवल 26 साल मात्र कार्य किया है अर्थात काफी विलंब से उन्हें उस विभाग में कार्य करने का मौका मिला। गौरतलब है कि ममता रानी कबूतरखाना निवासी माता सत्यरूपा रानी और पिता दशरज सक्सेना की बेटी है। उनके नाना प्रमुख समाजसेवी एकनाथ प्रसाद थे। इन तीनों की प्रेरणा से वह हिंदी भाषा को अपना अस्त्र बनाया। इसी क्रम में ममता ने श्री शक्ति कन्या पाठशाला से दसवीं कक्षा (हिंदी माध्यम) उत्तीर्ण हुई। इसके बाद विज्ञान विषय को लेकर इंटरमीडिएट (अग्रवाल कॉलेज) और वनिता महाविद्यालय से बीएससी किया। उस्मानिया विश्वविद्यालय (दूरस्थ शिक्षा) से एमए हिंदी पास किया। दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा से एमफिल और हैदराबाद विश्वविद्यालय से महिंदी पत्रकारिता की शब्दावली नये स्रोत नई संरचनाएंफ विषय पर पीएचडी उपाधि प्राप्त की। फिर भी पढ़ाई भूख मिटी नहीं। इसके चलते भारतीय विद्या भवन से पीजी डिप्लोमा इन मास कम्युनिकेशन किया।

साल 1992 में डेली महिंदी मिलापफ में उप संपादक पद पर कार्य किया। इसके बाद साल 1993 से वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय मुनींद्र जी के सान्निध्य में प्रकाशित मदक्षिण समाचारफ से जुड़ी रही। तपश्चात 1997 में मस्वतंत्र वार्ताफ की पहली उपसंपादक बनीं। साल 2000 में संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा पास करके सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में पत्र सूचना कार्यालय में सूचना साहयक का दायित्व निभाया। वर्ष 2007 में संपादक पद पर पदोन्नत होकर साल 2018 तक मरोजगार समाचारफ का संपादन किया। साल 2018 से 2026 तक मयोजनाफ पत्रिका का संपादन करते आई है। हैदराबाद का नाम रोशन करने वाली ममता रानी को दो बेटियां और एक बेटा– शुभ्रा अस्थाना, श्रेया अस्थाना और सारंग अस्थाना संतान हैं। ये तीनों दिल्ली में ही पढ़ाई कर रहे हैं। पति जितेंद्र कुमार आस्थाना का निधन हो चुका है। सेवानिवृत्ति और भविष्य कार्यक्रम के बारे में एक सवाल के जवाब में ममता ने बताया कि दिमाग़ चल नहीं रहा है। बच्चे सेटल नहीं है। अब वेतन भी कम हो जाएगा। यही तनाव है। फिर भी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए वह दिल्ली में रहना ही पसंद करती है।

विवेक वर्धिनी महाविद्यालय में रक्तदान शिविर आयोजित

हैदराबाद, 31 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)। विवेक वर्धिनी महाविद्यालय में गांधी अस्पताल ब्लड बैंक, एनएसएस व एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। संस्थापक प्राचार्य डॉ. एस.डी. सातवलेकर की स्मृति में प्रतिवर्ष 31 जनवरी को होता है यह आयोजन।

डॉ. रामकृष्ण सातवलेकर (संस्थापक पुत्र), डॉ. संदीप, डॉ. राधिका व सुनीता ने दीप प्रज्वलन से उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि डॉ. रामकृष्ण ने कहा, रक्तदान सबसे बड़ा दान है। तीन माह में एक बार करें, इससे नई कोशिकाएं बनती हैं व जीवन बचता है।प्राचार्य डॉ. डी. विद्याधर ने बताया, सातवलेकर जी प्रति माह मात्र एक रुपया वेतन लेकर कॉलेज सेवा करते थे। एनएसएस–एनसीसी छात्रों व स्वयंसेवकों ने उत्साह से रक्तदान किया।कार्यक्रम में डॉ. विजयाश्री, भास्कर, सौम्या, प्रिया देशपांडे, मीनाक्षी, रजनी चौधरी, जगदेवी मूले, डीं. वेणु, विजयलक्ष्मी, शालिनी, हिमजा, सुरेखा, शिवानी, श्रीविद्या, प्रसन्नलक्ष्मी, जयंती, सुमय्या, शिरीषा, ममता, बुरान, सुधीर जोशी, किशोर, रामकृष्ण, श्रीहरि, राघवेंद्र, नरसिंह, गांधी अस्पताल स्टाफ आदि उपस्थित थे। सिंधुजा व मोनिका ने संचालन किया। वाइस प्रिंसिपल डॉ. मीनाक्षी ने आभार व्यक्त किया।

आज रायपुर को प्राप्त होगा सिद्धि शक्ति का महाआशीर्वाद

रायपुर, 31 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)। सनातन धर्म में सिद्धि और उपासना का स्थान उत्कृष्ट है। राज्य की धरती को अनेक संतों ने अपने चरणार्विन्दों से पावन किया है। ऐसा ही एक विशिष्ट अवसर रायपुर को प्राप्त हो रहा है, जब देवराहा बाबा के शिष्य, धर्म एवं अध्यात्म के महायोगी विश्व विख्यात चमत्कारी श्री सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुदेव अपनी लम्बी भूगर्भ तपस्या पूर्ण कर सिद्धि शक्ति का महाआशीर्वाद कार्यक्रम में अपने भक्तों को आशीर्वाद प्रदान करने रायपुर पहुंचे हैं। जी हां, पूज्य सिद्धगुरुवर के आभामंडल में आने मात्र से ही जीवन की दशा एवं दिशा दोनों बदल जाते हैं। गुरुदेव का दिव्य आशीर्वाद एवं आशीर्वचन कार्यक्रम रविवार, 1 फरवरी, सांयकाल साढ़े चार बजे से रायपुर में अटल बिहारी वाजपेयी ऑडिटोरियम, पं. जवाहरलाल नेहरु मेडिकल कॉलेज में आयोजित होगा, जहां भक्तजनों को आयोजक मंडल की ओर से गुरुदेव द्वारा अभिमंत्रित रुद्राक्ष और कलावा प्रदान किया जाएगा। सभी आगंतुक दर्शनार्थियों का प्रवेश निःशुल्क है। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर सभी के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था भी की गयी है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह तथा कार्यक्रम अध्यक्ष के रुप में पूर्व राज्यपाल महाराष्ट्र रमेश बैस पधारेंगे। आयोजन विश्व धर्म चेतना मंच, रायपुर द्वारा सर्वसमाज के सहयोग से किया जा रहा है। राज्य सरकार ने श्री सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुदेव के आगमन पर उन्हें राज्य अतिथि के रुप में विशिष्ट आदर प्रदान किया है।

जियागुडा नव भारत संगम द्वारा सेवानिवृत्त उप वाणिज्यिक कर अधिकारी एम. नरसिंग राव को भावभीनी विदाई और सम्मान

हैदराबाद, 31 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)। जियागुडा नव भारत संगम ने तेलंगाना सरकार के वाणिज्यिक कर कार्यालय, नामपल्ली में उप वाणिज्यिक कर अधिकारी (डीसीटीओ) के पद से 31 जनवरी 2026 को सेवानिवृत्त हुए एम. नरसिंग राव को सम्मानित किया। संगम की अध्यक्ष मधिरा सत्यनारायण ने पुष्पांजलि अर्पित कर और शॉल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया तथा उनके लंबे समय के योगदान की सराहना की।

अध्यक्ष मधिरा सत्यनारायण ने कहा कि एम. नरसिंग राव ने अपने पूरे कार्यकाल में जनता और कर्मचारियों के कल्याण के लिए निरंतर प्रयास किए। उन्होंने उनकी ईमानदारी, समर्पण और जनसेवा की भावना की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे अधिकारी समाज के लिए प्रेरणा स्रोत होते हैं।

संगम अध्यक्ष ने राज्य सरकार की नीतियों पर भी कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि तेलंगाना में बेरोजगारी की समस्या दिन–प्रतिदिन बढ़ रही है, क्योंकि सरकारी पदों को समय पर नहीं भरा जा रहा है। साथ ही उन्होंने गंभीर चिंता जताई कि सेवानिवृत्त तेलंगाना कर्मचारियों और अधिकारियों को उनकी सेवानिवृत्ति बकाया राशिजैसे ग्रेच्युटी, जीपीएफ आदिसमय पर भुगतान नहीं किया जा रहा है। इससे कर्मचारियों और अधिकारियों में गंभीर मानसिक पीड़ा उत्पन्न हो रही है। उन्होंने सरकार से तत्काल इन बकायों का निपटारा करने की मांग की।

कार्यक्रम में नव भारत संगम के अध्यक्ष मधिरा सत्यनारायण, कोषाध्यक्ष एम. महेश बाबू, टीअ–ारएस जीयागुडा के महासचिव संगम सलाहकार चटला बाबू, एम. दर्शन, जगदीश, अन्नपूर्णा, शालिनी सहित संगम के अन्य सदस्य और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जन सेवा संघ ने मेडचल चौराहे पर चलाया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान, नि:शुल्क हेलमेट वितरित

हैदराबाद, 31 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)। जन सेवा संघ द्वारा मेडचल चौराहे के समीप सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। जन सेवा संघ के महासचिव श्री प्रकाश चौधरी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, अभियान का उद्देश्य आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करना और दुर्घटनाओं को कम करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि सड़क सुरक्षा मानव जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। यातायात नियमों का पालन, गति सीमा का ध्यान, संकेतों और साइन बोर्ड का सम्मान, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन जैसे विकर्षणों से बचाव तथा सुरक्षित दूरी बनाए रखना दुर्घटनाओं को रोकने में सहायक है। साथ ही, सीट बेल्ट और हेलमेट के उपयोग को अनिवार्य बताते हुए पैदल यात्रियों और साइकिल चालकों को भी निर्धारित क्रॉसिंग व फुटपाथों के उपयोग की सलाह दी गई।

अभियान के अंतर्गत जन सेवा संघ के पदाधिकारियों ने लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया तथा निशुल्क हेलमेट का वितरण किया गया। इस अवसर पर महासचिव प्रकाश चौधरी, कोषाध्यक्ष सुशील श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव नेमीचंद गोयल सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मेडचल ट्रैफिक एसीपी वेंकट रेड्डी एवं ट्रैफिक सीआई मधुसूदन रेड्डी की भी विशेष उपस्थिति रही।

जन सेवा संघ के इस प्रयास की स्थानीय नागरिकों ने सराहना की और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने का संकल्प लिया।

सेवा ही जीवन का सच्चा उद्देश्य : संजय अग्रवाल

हैदराबाद, 31 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)। राधे–राधे ग्रुप हैदराबाद के तत्वावधान में नामपल्ली क्षेत्र में आयोजित नियमित सेवा एवं अन्नदान कार्यक्रम सेवा, समर्पण और मानवीय संवेदनाओं का जीवंत उदाहरण बना। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुँचाना और समाज में सेवा भावना को मजबूत करना रहा। बड़ी संख्या में ग्रुप के सदस्यों ने सहभागिता करते हुए सेवा कार्य को सफल बनाया।

कार्यक्रम के दौरान अपने विचार व्यक्त करते हुए संजय अग्रवाल ने कहा कि राधे–राधे ग्रुप का एकमात्र संकल्प निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा करना है। उन्होंने कहा, सेवा केवल एक कार्य नहीं बल्कि जीवन जीने की प्रेरणा है। जब हम बिना किसी अपेक्षा के दूसरों की सहायता करते हैं, तभी सच्ची आत्मिक शांति प्राप्त होती है। राधे–राधे ग्रुप इसी भावना के साथ निरंतर सेवा कार्यों में संलग्न है।संजय अग्रवाल ने बताया कि इस सेवा यात्रा में उन्हें अपने साथियों का निरंतर सहयोग और मार्गदर्शन मिलता रहा है। उन्होंने रामप्रकाश अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, जयप्रकाश सारडा, भाकरराम कुमावत, कमला देवी कुमावत, महेश गुप्ता, सुशील गुप्ता, शीतल गुप्ता, मनीष गुप्ता, निशा गुप्ता, नंदकिशोर अग्रवाल, संजय गोयल, किरण गोयल, रोहित अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, गौरव गोयल, सविता अग्रवाल, कैलाशचंद केडिया, निर्मला केडिया, युवान केडिया, प्रीतिका अग्रवाल, महेश सांघी सहित राधे–राधे ग्रुप के अन्य सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।उन्होंने कहा कि ऐसे सेवा कार्यों से समाज में आपसी सहयोग, सद्भाव और करुणा की भावना बढ़ती है। राधे–राधे ग्रुप भविष्य में भी इसी तरह नियमित रूप से सेवा एवं अन्नदान कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा, ताकि जरूरतमंदों तक सहायता पहुँचाई जा सके। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित सदस्यों ने सेवा ही संकल्प को आत्मसात करते हुए समाज सेवा के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ने का संकल्प लिया।

बेगमबाजार निवासी स्व. भवानी शंकर चौधरी के सुपौत्र एवं विजय शंकर चौधरी (मानसिह वाले परिवार) के सुपुत्र राज कुमार चौधरी की विवाह पूर्व रस्म मांडले वाले गोपाल चौधरी की सुपौत्री एवं नवीन चौधरी की सुपुत्री हरशिका चौधरी के साथ धूमधाम से नामपल्ली स्थित रेड रोज पैलेस में सम्पन्न हुई। अवसर पर दोनों पक्षों के रिश्तेदार व निकटतम लोग बडी संख्या में उपस्थित थे।

तेलंगाना के वरिष्ठ पहलवान लल्लू लाल यादव का निधन

कुश्ती जगत को अपूरणीय क्षति

हैदराबाद, 31 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)। तेलंगाना की पारंपरिक कुश्ती के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले वरिष्ठ एवं विख्यात पहलवान लल्लू लाल यादव का निधन हो गया। उनके निधन से राज्य ही नहीं, बल्कि देशभर के कुश्ती और पारंपरिक खेल समुदाय में शोक की लहर दौड़ गई है। श्री यादव का अंतिम संस्कार आज रविवार, दि. 01 फरवरी, 2026 को दोपहर 12.00 बजे से सनातन धर्म सभा, नंदीनाथ गणेश मंदिर से शीतला माता मंदिर, छोटी शमशान (गांधी पुतले के पास), पुरानापुल शमशान वाटिका जाएगी।

लल्लू लाल यादव वर्षों तक तेलंगाना के अखाड़ों से जुड़े रहे और उन्होंने पारंपरिक भारतीय कुश्ती को संरक्षित और प्रोत्साहित करने में अहम भूमिका निभाई। एक सफल पहलवान के साथ-साथ वे एक समर्पित प्रशिक्षक भी थे, जिन्होंने अनेक युवा पहलवानों को मार्गदर्शन प्रदान किया और उन्हें अनुशासन, परिश्रम तथा खेल नैतिकता के मूल्यों से परिचित कराया।

उनकी पहचान एक अनुशासित, सादगीपूर्ण और समर्पित खेल व्यक्तित्व के रूप में रही। अखाड़ों में उनकी उपस्थिति को पारंपरिक कुश्ती की निरंतरता और गुणवत्ता का प्रतीक माना जाता था। उनके शिष्यों और समकालीन पहलवानों के अनुसार, उन्होंने खेल को केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों के रूप में स्थापित किया।

स्वर्गीय लल्लू लाल यादव, भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) तेलंगाना प्रदेश के उपाध्यक्ष लड्डू यादव के पिता थे। उनके निधन को परिवार के साथ-साथ सामाजिक और खेल समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण क्षति के रूप में देखा जा रहा है।

उनके निधन की सूचना मिलने के बाद विभिन्न अखाड़ों, खेल संगठनों और सामाजिक संस्थाओं ने शोक व्यक्त किया। कई वरिष्ठ पहलवानों और खेल प्रेमियों ने उन्हें तेलंगाना की कुश्ती परंपरा का प्रमुख प्रतिनिधि बताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

IN THE COURT OF HON'BLE XVII ADDL. SENIOR CIVIL JUDGE, CITY CIVIL COURTS, HYDERABAD-T.S.
O. S. No. 43 OF 2026

1) Smt. Asha Saraogi,
W/o. Late Shri. Navin Chandra Saraogi, Caste: Hindu, Age: About 80 years, Occu: Home Maker, R/o Flat No.304, 3rd Floor, "MOGAL MAST APTS", MCH No.12-2-822/A/2,3,4/304, Santosh Nagar, Near G. Pulla Reddy College, Mehdipatnam, Hyderabad-T. S - 500 028.
2) Shri. Rohit Saraogi, S/o Late Shri. Navin Chandra Saraogi, Caste: Hindu, Age: About 57 years, Occu: Consulting & Teaching, R/o B1-501, URBANE PARK, E-8 Extension, Huzur, Bhopal-M. P -462026.
3) Smt. Richa Tapde, D/o Late Shri. Navin Chandra Saraogi & W/o Shri. Aavesh Tapde, Caste: Hindu, Age: About 52 years, Occu: Home Maker, R/o. Flat No. B3/301, COMFORT ZONE PLUS, Near Baner Balewadi Road, Opp. New Era Bakery, Balewadi, Pune -Maharashtra - 411045
...Petitioners
(Petitioners No. 2 & No.3 are represenented by Petitioner No.1& SPA Holder)
AND
1) The Tahsildar, Asifnagar Mandal, 10-2-317/27, PCR Road, Asif Nagar, Hyderabad - T. S - 500 028
2) All Concerned ...Respondents
Application by the Petitioners for Declaration as Legal Heirsof Late Naveen Chandra Saraogi

Whereas the above-named plaintiffs have applied to the Hon'ble Court for declaring the Plaintiffs as the Legal Heirs of the deceased Late Naveen Chandra Saraogi who died intestate on the 11th day of March, 2025 at Hyderabad.

17th March, 2026 has been fixed for the hearing of the application.

Notice is hereby given to general public at large that if any relative, friend, kinsman or well-wisher of the aforenamed plaintiffs desire to be declared as Legal Heir or desires to oppose the application of the aforesaid plaintiffs, he/she should appear personally in this Court on the aforesaid date and adduce any documentary and /or oral evidence in support of his/her claim to such declaration or in support of his/her opposition to the application of the aforesaid plaintiffs. This public notice is given by the order of the Hon'ble Court, dated 29th day of January, 2026.

Sd/- **Rajiv Kumar,** Advocate, 6-2-966/3, Hill Colony, Khairtabad, Hyderabad - 500004. **Mob: 9346964999**

IN THE COURT OF HON'BLE VIII JUNIOR CIVIL JUDGE CITY CIVIL COURT, AT: HYDERABAD
O.S. No. 5324 OF 2025

Between:-
1). THAKUR DILEEP SINGH S/O. LATE THAKUR YADGIR SINGH
Aged about 89 Years, Occ: Household, R/o. H.No. 21-4-608 Gulab Singh Bowli Petla Burj, Bahadurpura,Hyderabad T.S.
2). Smt. LEELA SINGH W/O. VIRENDER SINGH, D/O. DILEEP SINGH, aged about 67 Years, Occ: Housewife, R/o. H.No. Plot No. D-38, H.No. 8-13-74, Raghavendra Nagar Colony Opp. SVP NPA main Gate, Rajendera Nagar, Hyd, T.S.,
3). Smt. THAKUR SHAILA DEVI W/O. T. RAVINDER SINGH, D/O. DILEEP SINGH
Aged about 61 Years, Occ: Housewife, R/o. H.No. 21-4-608 Gulab Singh Bowli, Bahadurpura Hyderabad T.S.
4).Smt. NANDA W/O. DHARMENDER SINGH, D/O. DILEEP SINGH, Aged about 54 Years,Occ: Housewife, R/o. H.No.12-2-417/34, 35 Flat No. 504 S.V. Sumeru Nilayam, Sharda Colony, Asifnagar, Karwan sahu, Hyd T.S.
...Plaintiff's/Petitioners Nos. 1 to 4.
AND
1. The Tahsildar, MRO, **Bahadurpur**, (M) Hyd. District.
2. All Concerned
...Defendants

To,
All Concerned

This is to inform the General Public that the plaintiff's have filed the above suit for declaration to declare him as legal heir's of deceased **LATE SMT. SABITA W/O. THAKUR DILEEP SINGH And LATE. PRAVEEN SINGH S/O. THAKUR DILEEP SINGH.** The said suit is posted on 16-02-2026 at 10:30 A.M, if anybody has any objections kindly appear before the above Hon'ble VIII Junior Civil Judge Court, Hyderabad on 16-02-2026 at 10:30 A.M, either in person or through advocate, failing which the matter will be decided in your absence as per law.

//BY ORDER OF THE COURT//
Sd/-
AMIT KUMAR SAVADIA & HARI PRASAD (Advocate's)
Flat No. 803, 8th Floor Raghav Ratna Towers, Abids, Hyderabad (T.S)-01.
Ph.No. 9948093114 & 8977860833.

दीन-हीन की सेवा ही हमारा संकल्प : जगत नारायण अग्रवाल

हैदराबाद, 31 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)। राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद के तत्वावधान में बेगम बाजार स्थित भू देवी माता मंदिर के पास गौशाला के सामने जारी नियमित अन्नदान कार्यक्रम के दौरान ग्रुप के संयोजक जगत नारायण अग्रवाल ने अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि दीन, हीन, असहाय एवं जरूरतमंदों की सेवा करना ही राधे-राधे ग्रुप का मूल संकल्प है।जगत नारायण अग्रवाल ने कहा कि राधे-राधे ग्रुप बिना किसी भेदभाव के समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर निस्वार्थ भाव से सेवा कार्य कर रहा है। सेवा कार्यों से न केवल जरूरतमंदों को राहत मिलती है, बल्कि समाज में मानवता, सद्भाव और करुणा की भावना भी सशक्त होती है।उन्होंने बताया कि राधे-राधे ग्रुप द्वारा निरंतर अन्नदान, गौसेवा एवं सामाजिक सेवा के कार्य किए जा रहे हैं, जिसमें बड़ी संख्या में सेवाभावी लोग बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं।इस अवसर पर जगत नारायण अग्रवाल, रवि अग्रवाल, राजेश सर (योगा), अनिल भाई, शिव भगवान, महेश गोयल, अरुण विजयवर्गीय एवं नीलम विजयवर्गीय सहित अन्य सेवाभावी सदस्य उपस्थित रहे।

भजन चाँदनी ग्रुप, बेगम बजार हैदराबाद का रंगीन रंगो से भरपूर, बसंत पंचमी के उपलक्ष में आयोजित सुरीले भजन कार्यक्रम चुडी बाजार स्थित भाटी निवास में आयोजित किया गया। इस अवसर पर संतोष भाटी, लीला बजाज, विजयलक्ष्मी दरक, अनुराधा नावंदर, चित्र लेखा अग्रवाल, कांता लोया, सरोज लोया, संतोष बजाज एवं सभी संगठन सदस्य उपस्थित थे।

विश्वकर्मा जयंती पर राधे-राधे ग्रुप ने किया अन्नदान

हैदराबाद, 31 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)। राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद के तत्वावधान में शनिवार को विश्वकर्मा जयंती के पावन अवसर पर इंडो अमेरिकन कैंसर हॉस्पिटल के सामने केबीआर पार्क पर नियमित अन्नदान कार्यक्रम श्रद्धा और सेवा भाव के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंदों को भोजन वितरित कर मानव सेवा का संदेश दिया गया।

इस सेवा कार्य में सुभाष अग्रवाल, आशा अग्रवाल तेलवाले, संजय गुप्ता, जयप्रकाश सारडा, हरीश तोलाराम हिंदुजा सहित राधे-राधे ग्रुप के अन्य सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रही। सभी ने विश्वकर्मा भगवान से समाज में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की।



जिम प्रतियोगिता में तेलंगाना मे दूसरा स्थान प्राप्त किया। नेशनल सेलेक्शन के लिए बधाई दी गई।

टप्पा चबूतरा पुलिस स्टेशन में नियुक्त सर्किल इंस्पेक्टर बालकृष्ण जी वंशी एवं एसएचओ अमजद खान का स्वागत करते हुए श्री परशुराम सेवा मंडल संस्थापक अध्यक्ष नवरत्न इंदौरिया, गिरीश जोशी, ठाकुर दिनेश सिंह, ठाकुर मनोज सिंह, लोकेश इंदौरिया, रोहण जोशी, विनय एवं अन्य।

CHANGE OF NAME

I, NASEEM AKTHER W/o. LNK AJAZ AHMED, resident of Village Parori Gujjran, Tehsil Kotranka, District Rajouri, State Jammu and Kashmir do hereby state that my name has been wrongly mentioned in my husband's service records/documents as NASEEM AKHTER instead of NASEEM AKTHER. Vide Affidavit No.45AA 344273. date:31-01-2026

॥ श्री रामदेवाय नमः ॥ ॥ जय बाबा की ॥ रुणझुण बाजे घुँघरा, घोड़लिया रा बाजे पोड़जी ॥ श्री गणेशाय नमः ॥ लीले री असवारी आवे, आवे रामा पीरजी ॥ जय बाबा की ॥ ॥ श्री हनुमंते नमः ॥

॥ श्री रामाधनी खम्माघणी सेवा समिति ॥

रामबाग, अत्तापुर, हैदराबाद द्वारा आयोजित

नाचता, गाता, झूमता
श्री रामदेवजी महाराज
का 5वाँ विशाल

जम्मा जागरण

अखण्ड ज्योत | जन्मवृतांत कथा | झाँकिया | पलने की पूजा
रामदेवजी का पर्चा | रामदेवजी का ब्यावला | छप्पन भोग | महा प्रसादी

आज
रविवार
1 फरवरी 2026
अपराह्न 3:01 बजे से
स्थान : राम मन्दिर
रामबाग, पिल्ल नं. 143,
अत्तापुर, हैदराबाद

Scan for Location

शहर के सारे रास्ते अत्तापुर की ओर...

मार्गदर्शक
स्व. श्री गोपालजी बजाज 'पारीक्षित'

प्रस्तुतकर्ता : श्री रामदेव भक्त संगम
प्रमुख भजन गायक व जम्मा सम्राट :
श्री सुशील गोपाल बजाज

सभी भक्तजन
सपरिवार सादर आमंत्रित हैं

* प्रसादी लाभार्थी परिवार *

श्री प्रवीण-अनिता नावन्दर
एमआईएम नेता

श्री गोपाल-मन्जू बल्दवा
समाज सेवी

श्री पंकज-नेहा उपाध्याय
समाज सेवी

श्री दत्तात्रेय-सुनिता इंगड़े
समाज सेवी

* बाबा के चरणों में समर्पित सदस्यगण *

श्रीकांत जोशी

बाबुलाल जोशी

सुरेशकुमार मोदी

नरेश डोबा

जयप्रकाश जोशी

अशोक शर्मा

पन्नालाल शर्मा

प्रकाश जोशी

मनमोहन काबरा

हेमंतकुमार चाण्डक

विजयकुमार व्यास

संतोषकुमार दरगड

विशाल जोशी

राजेन्द्र अग्रवाल

प्रह्लाद सारड़ा

आनंद व्यास

दिनेश चाण्डक

बाबुलाल शर्मा

जुगलकिशोर शर्मा

जय चाण्डक

सुमित जोशी

गणपत राजपुरोहित

प्रकाश राजपुरोहित

ओमप्रकाश बंग

पूरनमल कुमावत

जगदीशप्रसाद तिवारी

महेन्दर सारड़ा

संजय पंचारिया

चाँदरतन उपाध्याय

गोपाल तिवारी

कमलकुमार भूतड़ा

विष्णुप्रकाश राठी

रतनलाल नाहटा

लक्ष्मीकांत जोशी

रमेश राजपुरोहित

राजेन्द्र बेहवाल

प्रशांत सारड़ा

जितेन्द्र जोशी

संकेत सोनी

गोपाल जाजू

राजेश शर्मा

जितेन्द्रलाल उपाध्याय

प्रेम मून्दड़ा

नवीन शिवाल

श्रीकांत मित्तल

श्रवणकुमार व्यास

पं. रजत कौशिक

आनंदराज राठी

श्रीगोपाल सारड़ा

राजेश करवा

विनोद जोशी

पवन शर्मा

सुरेशचन्द दुबे

कैलाश खटोड़

भँवरलाल रेणवा

आनन्द चौकड़ा

प्रदीप नावन्दर

इशांत व्यास

राधेश्याम इन्नाणी

जय बाबा की

* शुभकामनाओं सहित *

VED JEWELLERS
Elegance Re Defined
Silver - Gold - Diamond
Yogesh Jakhotiya
9515 330 000
Charkaman, Charminar, Hyd

B.R. Agencies
Spl In : Bakery Confectionery Ice Cream & Hotel Raw Materials
Begum Bazar, Hyderabad.

Ganesh Khara
All Variety Namkeens & Fainy
Begum Bazar, Hyderabad.
Mob. 9391140199, 9030143945, 8143369070

m ESTD 1992
Sri Mahalaxmi Jewellers and Pearls
Jubilee Hills, Road No. 36, Hyderabad.
Mob. 9676804991

NEHA BUILDPRO PVT LTD
Neha Buildpro Private Limited
Banjara Hills, Hyderabad.
Harinarayan Vyas : 9848030950, Nakul Vyas : 9885444413

Vinod Trading Co.
Ramdev Dry Fruits
Begum Bazar, Hyderabad.
Bhanwarlal Gehlot - 6303004300

SHRIMAAN
Fashion Clothing
Near Bhoolaxmi Temple, Muslim Jung Bridge, Begum Bazar, Hyd. Mob. 8328140377

Meghraj Kachwaha : 9010108136, 9848046830
Bhawarlal Meghraj Trading Co.
Wholesale : Groundnut Seeds, Basmati Rice, Pulses, Kirana Merchant & Commission Agent
Begum Bazar, Hyderabad.

Naveen Vyas (Sales Manager) : 9949201515
Krishna Affinity
SIGNATURE PROJECTS
email : sales@signaturepro.in
www.signaturepro.in
Signature Krishna Affinity, Tejasvi Nagar, Attapur, Hyd.

Mukund Trading Co.
Sugar Merchant
Mukund Lal Doba
Begum Bazar, Hyderabad.
Mob. 9849073374

Chhapan Bhog Sahyogi
Damodarlal Surya Prakash Karwa
Attapur, Hyderabad.
Mob. 9381177680

SRI BALAJI
Supply Company & Lighting Decorations
TANAJI PAWAR
Ram Bagh, Attapur, Hyd.
Mob. 9701208650, 8886888608

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.